YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-92 ❒ शनिवार, 02 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



युवाओं को रिस्क लेने की क्षमता रखनी होगा। सिर्फ नौकरी के भरोसे काम नहीं चलेगा। अगर आगे बढ़ना है तो अपने मन के डर को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में जिन लोगों ने अपना रास्ता बनाया, हमेशा ही नाम कमाया। उन्होंने माउंटेन मैन दशरथ मांझी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने पहाड़ को काट कर रास्ता बना दिया था।
ब्रजेश पाठक

गुजरात के सूरत में देश का पहला 'बैरियरलेस' टोल प्लाजा शुरू 11

बिहार का नाम बदलकर 'श्रमिक प्रदेश' कर दिया जाना चाहिए : तेजस्वी यादव 12

### सीएम ने छात्रों को टैबलेट, श्रमिकों को टूलकिट और प्रमाणपत्र वितरित किए

# नए भारत के दृष्टिकोण में श्रमिक शिल्पकार : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मजदूर दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण में श्रमिक ''शिल्पकार'' हैं। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के उत्थान के लिए उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी उपायों को रेखांकित किया। 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' की शुरुआत के अवसर पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक विषम परिस्थितियों में भी अथक परिश्रम करते हैं और उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा, ''हमारा श्रमिक गर्मी, बरसात, लू कुछ किसी भी परिस्थिति में काम करता है और वह न रुकता है, न थकता है, न डिगता है। आपके पसीने की एक एक बूंद जब इस धरती पर पड़ती है, तो यह धरती माता सोना उगलने का काम भी करती हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''श्रमिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के निर्माता हैं।'' उन्होंने कहा कि पहले यह एक ''विरोधाभास'' था कि दूसरों के लिए घर बनाने वाले मजदूरों के पास अपना घर नहीं था। 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन - योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''जिन्होंने दूसरों के लिए घर और शौचालय बनाए, उनके पास अक्सर ऐसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था।'' उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सरकारों ने इन मुद्दों के समाधान के लिए काम किया है। कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, पिछले 12 वर्षों में देश भर में लगभग चार करोड़ घर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 65 लाख शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''गरीबों को मिलने वाला राशन पहले लोग चट कर जाते थे।' मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर



- ❒ 'हमारा श्रमिक गर्मी, बरसात, लू कुछ किसी भी परिस्थिति में काम करता है और वह न रुकता है, न थकता है, न डिगता है। आपके पसीने की एक एक बूंद जब इस धरती पर पड़ती है, तो यह धरती माता सोना उगलने का काम भी करती हैं
- ❒ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, पिछले 12 वर्षों में देश भर में लगभग चार करोड़ घर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 65 लाख शामिल हैं
- ❒ उन्होंने श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक ऐप और 300 बेड वाले ईएसआईसी अस्पताल की सौगात दी
- ❒ मुख्यमंत्री योगी की सौगात, 15 दिन तक टोल-फ्री रहेगा गंगा एक्सप्रेस-वे, लोकार्पण के बाद आमजन को यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे का अनुभव कराने के लिए विशेष पहल

### योगी सरकार में महिला सुरक्षा सिर्फ दावा नहीं, जमीनी स्तर पर दिख रहा बदलाव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले महिला सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा रहा। इससे पहले महिला अपराध के चलते यूपी का नाम देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाया रहता था। वहीं, बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए बड़े कम उठाए हैं। इससे प्रदेशभर की बहन-बेटियों में सुरक्षा का भाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में महिला अपराधों पर अंकुश लगना शुरू हुआ। इसके साथ ही अपराधियों में भय देखने को मिल रहा है। योगी सरकार में महिला अपराध से जुड़े मामलों की सुनवाई भी तेजी से की जा रही है, ताकि कोई अपराधी बच न पाए। इस सरकार में महिला सुरक्षा केवल ● शेष पेज 11 पर

## चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए क्यूआर आधारित आईडी प्रणाली शुरू की

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को रोकने के लिए ईसीआईएनईटी पर क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र पीआईसी प्रणाली शुरू की है। तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान में वोटों की गिनती चार मई को पूरे राज्य के 62 केंद्रों पर की जाएगी जिनमें चेन्नई के तीन केंद्र भी शामिल हैं। चेन्नई में ही उन ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुरक्षित कक्षों में रखकर सील किया गया है जिनमें 443 महिलाओं सहित 4.032 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला हुआ है। तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री अर्चना पटनायक ने कहा कि क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली को असमए केरलए तमिलनाडु पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के चुनावों और पांच राज्यों की सात सीटों पर हुए उपचुनावों में पहली बार लागू किया गया है और उसका विस्तार लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के सभी आम चुनावों और उपचुनावों में किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण पहल पिछले एक वर्ष में ईसीआई द्वारा की गई 30 से अधिक पहलों की श्रृंखला में शामिल है जिसमें बीएलओ के लिए मानकीकृत क्यूआर कोड आधारित फोटो आईडी कार्ड की शुरुआत भी शामिल है। मतगणना केंद्रों पर पहचान के सत्यापन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहले और दूसरे स्तर परए रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र पीआईसी की मैन्युअल रूप से जांच की जाएगी। सुश्री पटनायक कहा कि मतगणना कक्ष के पास स्थित तीसरे और सबसे भीतरी सुरक्षा घेरे में क्यूआर कोड स्कैनिंग के माध्यम से सफल सत्यापन के बाद ही ● शेष पेज 11 पर




### शाह के लद्दाख दौरे पर कांग्रेस ने साधा निशाना ऐतिहासिक बौद्ध अवशेषों का किया जिक्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर प्रतिक्रिया में कहा कि श्री शाह शुक्रवार को पिपरहवा के बौद्ध अवशेषों की महिमा में व्यस्त हैं जबकि लद्दाख के लोगों की राज्य का दर्जा छठी अनुसूची का दर्जा और भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा जैसी अहम मांगों पर चुप्पी साधे हुए हैं। श्री रमेश ने कहा कि लद्दाख में इस तरह के धार्मिक और ऐतिहासिक प्रदर्शनों का एक लंबा इतिहास रहा है जिससे गृह मंत्री शायद अनभिज्ञ हैं। उन्होंने 14 जनवरी 1949 की एक ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि उस दिन भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र और महा मोग्गलान के पवित्र अवशेष जिन्हें 1851 में विक्टोरिया और अलबर्ट संग्रहालय ले गए थे उन्हें वापस भारत लाया गया था। इन अवशेषों को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने प्राप्त कर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया को कोलकाता में सौंपा था। ● शेष पेज 11 पर



### एलपीजी के बाद अब पेट्रोल-डीजल के बढेंगे दाम : सूत्र

नई दिल्ली। आम आदमी को एक बार फिर मंहगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार जल्द ही पेट्रोल-डीजलों की कीमतें बढ़ने की संभावना है। पिछले चार वर्षों से स्थिर बनी हुई ईंधन कीमतें अब उपभोक्ताओं के बजट पर असर डाल सकती हैं। प्राइवेट तेल कंपनियों का कहना है कि उन्हें लगातार घाटा झेलना पड़ रहा है। कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। कच्चे तेल की औसत कीमत, जो पिछले वर्ष 70 डॉलर प्रति बैरल थी, अब 114 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल- मिडिल ईस्ट जंग के कारण कच्चे तेल की ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### भगवंत मान पर तत्काल कार्रवाई करे आआपा: भाजपा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शराब पी कर विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) से तत्काल उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने मांग की है। सचदेवा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जिस तरह पंजाब के मुख्यमंत्री मान विधानसभा में लड़खड़ाते हुए पहुंचे और लड़खड़ाती जुबान में सदन में बोले, पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें रोका नहीं। इससे विधानसभा अध्यक्ष के ऊपर पर भी सवाल उठ रहे हैं। मान ने अपने कृत्य से लोकतंत्र को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मान जिस तरह आज हताशा में शराब पीकर विधानसभा में पहुंचे उससे स्पष्ट है कि उन्हें अब खुद भी पंजाब सरकार के स्थायित्व पर विश्वास नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि शराब के नशे में सदन में पहुंचने का यह कोई पहला मौका नहीं है, वह इसके पहले बतौर सांसद, लोकसभा में भी नशे में पहुंच चुके हैं। सचदेवा ने कहा कि पंजाब के साथ दिल्ली एवं देश की जनता भगवंत मान के कृत्य को देख कर स्तब्ध है और चाहती है की आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अविलंब उन पर कार्रवाई करें।

### महाराष्ट्र देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है : देवेंद्र फडणवीस

मुंबई । महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हुतात्मा स्मारक पर पहुंचकर संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने लोक भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। मुंबई में हुए मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री फडणवीस ने महाराष्ट्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा को याद करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित ल्लमहाराष्ट्र धर्मङ्क ने राज्य को मजबूत पहचान दी है। उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र देश का ल्लपावर इंजन और ग्रोथ इंजनङ्क बन चुका है और निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन (1956-1960) को याद करते हुए कहा कि यह मराठी भाषी जनता के लिए मुंबई सहित एकीकृत राज्य के निर्माण का ऐतिहासिक संघर्ष था ।

## राष्ट्रपति ने शिमला में सेना के जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी ली

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । हिमाचल दौरे पर गईं भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिमला में आर्मी ट्रेनिंग कमांड मुख्यालय का दौरा किया। उन्हें यहां भारतीय सेना के जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में ट्रेनिंग कमांड की शानदार भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। ट्रेनिंग कमांड के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने राष्ट्रपति को यहां के विकास, परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए भारतीय सेना के जवानों को दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में बताया। आर्मी ट्रेनिंग कमांड की नई पहलों के बारे में बताते हुए लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने ड्रोन ट्रेनिंग को बढ़ावा देने, खास तकनीक को अपनाने के लिए उठाए गए कदमों, 'रेड टीमिंग' के कॉन्सेप्ट की शुरुआत और भारतीय सेना में डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन की दिशा में की गई पहलों के बारे में बताया। राष्ट्रपति ने माना कि ट्रेनिंग कमांड की युद्ध की अवधारणा को डिजाइन करने, भारतीय सेना के लिए संसाधन विकास और मित्र देशों के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ाव में एक अहम भूमिका है। यह सैन्य गौरव, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के रास्ते में जरूरी पहल है। सेना का यह ट्रेनिंग कमांड अपने 32 सबसे अच्छे ट्रेनिंग सेंटर्स के जरिए भारतीय सेना में व्यावसायिकता के क्षेत्र को मजबूत करता है, जो इसे युद्ध लड़ने की कला और विज्ञान में एक अनोखा नजरिया देता है। राष्ट्रपति ने देश को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए भारतीय सेना में ट्रेनिंग पर हिमाचल प्रदेश के गवर्नर कविंदर गुप्ता की मौजूदगी में ● शेष पेज 11 पर



❒ आर्मी ट्रेनिंग कमांड मुख्यालय में जवानों से जोश के साथ काम करते रहने की अपील

### महाराष्ट्र स्थापना दिवस पर सीएम को प्रधानमंत्री का पत्र, विकसित भारत से मेल खाता है विकसित महाराष्ट्र विजन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र स्थापना दिवस पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में कहा कि राज्य सरकार आर्थिक विकास को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और ल्लविकसित महाराष्ट्रङ्क का विजन वर्ष 2047 तक ल्लविकसित भारतङ्क के साझा लक्ष्य के साथ सामंजस्य रखता है। प्रधानमंत्री ने तीन पृष्ठों के विस्तृत पत्र में महाराष्ट्र की प्रगति, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सामाजिक सुधार, आध्यात्मिक चेतना और औद्योगिक विकास का मजबूत केंद्र रहा है, जिसने देश को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, लोकमान्य तिलक और वीर सावरकर जैसे महान नेताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी देश को प्रेरित कर रहे हैं। संत परंपरा और वारकरी आंदोलन ने समाज में समानता और भक्ति की भावना ● शेष पेज 11 पर

# सूरत में डायमंड कट पर विशेष डाक टिकट जारी

एजेंसी

सूरत। वाइब्रेंट गुजरात समिट के दौरान गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सूरत को एक और बड़ी पहचान मिली। भारत सरकार के डाक विभाग ने सूरत के कट डायमंड को मिले जीआई टैग के सम्मान में विशेष डाक टिकट जारी किया गया, जिसका विमोचन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटील भी मौजूद रहे।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गुजरात स्थापना दिवस पर वाइब्रेंट गुजरात समिट के साथ कई सौगात की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि जब 01 मई, 1960 को गुजरात तत्कालीन मुंबई राज्य से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना था, तब सभी के मन में यह सवाल था कि केवल रण (रेगिस्तान), समुद्र और पहाड़ों वाला यह राज्य कैसे आगे बढ़ेगा। लेकिन 1960 से 2000 तक चार दशकों की गुजरात की विकास यात्रा और वर्ष 2001 के बाद के ढाई दशकों की अविरत विकास यात्रा का बिल्कुल साफ और स्पष्ट अंतर आज हर कोई देख सकता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना वाली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर अहमदाबाद से मुंबई की यात्रा मुंबई से दहिसर जाने से भी कम समय में पूरी हो सकेगी। इससे दक्षिण गुजरात और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और उद्योगपतियों को एक ही दिन में काम कर लौटने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात को पहले गांधीनगर और अहमदाबाद तक सीमित रखा गया था, लेकिन अब छोटे व्यापारियों और स्थानीय निवेशकों को भी जोड़ने के उद्देश्य से पहली बार रीजनल समिट आयोजित की गई है। इससे उधना, कडोदरा जैसे क्षेत्रों के व्यापारियों ● शेष पेज 11 पर



❒ वाइब्रेंट समिट में बड़े निवेश और विकास के संकेत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना वाली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर निर्वाचन आयोग ने लिया संज्ञान

# प. बंगाल के 15 केन्द्रों पर आज होगा पुनर्मतदान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने दो विधानसभा क्षेत्र के 15 बूथों पर पुनर्मतदान का फैसला लिया है। पुनर्मतदान के तहत मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल हैं। यह पुनर्मतदान 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान कराया जाएगा।

आयोग ने यह निर्णय 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मिली शिकायतों और रिपोर्टों की समीक्षा के बाद लिया। रिटर्निंग अधिकारियों, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट, वीडियो फुटेज और जमीनी हालात के आधार पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 58(2) के तहत मतदान रद्द किया गया। सूत्रों के मुताबिक, मतदान के दिन ईवीएम खराबी, बूथ कैप्चरिंग और हिंसा जैसी घटनाओं की शिकायतें सामने आई थीं।

निर्देश के अनुसार, पुनर्मतदान वाले सभी बूथों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही वेबकास्टिंग और माइक्रो ऑब्जर्वरों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि जिन क्षेत्रों में पुनर्मतदान होना है, वहां मुनादी और अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार किया जाए और सभी उम्मीदवारों को लिखित सूचना दी जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

पुनर्मतदान के तहत मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल हैं। मगराहट पश्चिम के जिन बूथों पर मतदान होगा, उनमें उत्तर इयरपुर एफपी स्कूल, नजरापुर स्कूल, देवहाट एफपी स्कूल, घोला नयापाड़ा गर्ल्स हाई मदरसा, एकतारा मल्लिक फ्री प्राइमरी स्कूल और बहिरपुर कुरकुरिया फ्री प्राइमरी स्कूल के विभिन्न कक्ष शामिल हैं। वहीं डायमंड हार्बर में बागड़ा जूनियर हाई स्कूल, चांदना फ्री प्राइमरी स्कूल, हरिदेवपुर फ्री प्राइमरी स्कूल और रायनगर हैप्पी स्कूल के बूथों पर पुनर्मतदान कराया जाएगा। इस बीच फलता विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर भी पुनर्मतदान की मांग उठी है। चुनाव आयोग ने कहा है ● शेष पेज 11 पर




### केन्द्रीय मंत्री ने ओडिशा को दी पीएमजीएसवाई-4 के तहत 1,700 करोड़ रु. से 827 नई सड़कों की सौगात

एजेंसी

भुवनेश्वर । ओडिशा के रायगड़ा में आज आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के शुभारंभ समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ मिलकर सड़क, आवास, सिंचाई, रोजगार, पेयजल, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि से जुड़े अनेक सौगातें दीं । केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंच पर ही पीएमजीएसवाई-4का स्वीकृति-पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा, विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ/शिलान्यास हुआ और हितग्राहियों को सहायता प्रदान की गई। रायगड़ा के बरिजोला में आयोजित इस भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा, विशेषकर रायगड़ा की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य और परिश्रमी जनता की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वे आज खाली हाथ नहीं आए बल्कि ओडिशा के लिए विकास की ठोस सौगातें लेकर आए हैं, जिनका सीधा लाभ गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं तक पहुँचेगा। चौहान ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि जिंदगी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र प्रगति की जीवनरेखा हैं। इसी सोच के अनुरूप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-ऋ्र के प्रथम चरण में ओडिशा के लिए 1,698.04 करोड़ रुपये की लागत से 1701.84 किलोमीटर लंबाई की 827 नई सड़कों की सौगात दी गई है। साथ ही, पूर्व स्वीकृत लेकिन अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कोई भी दूरस्थ क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। केंद्रीय ● शेष पेज 11 पर



# गंगा एक्सप्रेसवे में 15 दिन तक टोल–फ्री का मिला अवसर, योगी सरकार का जनहित में एक और फैसला

❒ यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे का अनुभव कराने के लिए विशेष पहल से बढ़ेगा जन विश्वास

❒ प्रयागराज में पर्यटक, व्यापारी , अधिवक्ता और वादकारियों ने जताई खुशी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । यूपी मे पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सुगम और सुपर फास्ट आवागमन की लाइफ लाइन गंगा एक्स्प्रेसवे की शुरुआत के बाद अब प्रदेश की योगी सरकार ने एक और तोहफा इस एक्सप्रेसवे से यात्रा करने वालों को दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित मे गंगा एक्सप्रेसवे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। एक्सप्रेसवे का फ्री राइड का अनुभव लेने को लेकर पर्यटकों , व्यापारियों ने खुशी जताई है। *गंगा एक्सप्रेस वे पर फ्री राइड का 15 दिन का अवसर* आगे आने वाले 15 दिनों तक जनता गंगा एक्सप्रेस वे मे फ्री राइड की सर्विस ले सकेगी। प्रदेश सरकार ने जनता को इसका अनुभव का मौका देते हुए ऐलान किया है कि जनता बिना किसी शुल्क के यूपी के सबसे लंबे और आधुनिक एक्सप्रेसवे का आधे महीने तक अनुभव कर सकेगी। इसके लिए यूपीडा ने 15 दिनों तक टोल कलेक्शन स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य है कि शुरुआती चरण में अधिक से अधिक लोग इस अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकें। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर बिना टोल के यात्रा करने का अवसर लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू कराएगा। *पर्यटक व्यापारी , अधिवक्ता और वादकारियों ने जताई खुशी* गंगा एक्सप्रेस वे पूर्वी और पश्चिमी यूपी के आवागमन का सेतुबंध साबित होने वाला है। इसका अंतिम बिंदु प्रयागराज है। सरकार ने 15 दिन के लिए इसे टोल फ्री कर दिया है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल कहते हैं कि भले यह व्यापारियों के लिए लाभ की बात न हो लेकिन इससे एक्सप्रेसवे के प्रति व्यापारियों का विश्वास मजबूत होगा। कमोवेश पर्यटन के लिए भी यही स्थिति है। पश्चिम यूपी से इलाहाबाद हाईकोर्ट आने वाले हजारों की संख्या वादकारियों और वकीलों के लिए यह फ्री राइड सेवा अनुभव के लिए अच्छी साबित हो सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे का कहना है कि वादकारी और वकील हर स्थिति को तोलमोल कर फैसला करते हैं। ऐसे में कम से कम दो हफ्ते उन्हें गंगा एक्सप्रेसवे की राइड को समझने के लिए काफी है।

# खीरी में सम्यक ज्ञान संदेश के साथ बुद्ध जयंती



❒ जन अधिकार पार्टी ने प्रयागराज में कार्यक्रम आयोजित किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव, प्रयागराज। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज के खीरी बाजार में गौतम बुद्ध जयंती मनाई गई। जन अधिकार पार्टी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें ‘सम्यक ज्ञान‘ का संदेश दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई।इस अवसर पर जन अधिकार पार्टी की यमुनापार जिला प्रभारी श्वेता भारती ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध ने समाज को ‘सम्यक ज्ञान‘ का मार्ग दिखाया। उन्होंने जोर दिया कि बुद्ध के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और इन्हें अपनाकर व्यक्ति अपना जीवन सफल बना सकता है।पार्टी की संगठन मंत्री सीमा कुशवाहा ने उपस्थित लोगों को बुद्ध के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि गौतम बुद्ध को पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था, जिसके बाद उन्होंने मानवता को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया।प्रबंधक अनुज कुमार ने कहा कि व्यक्ति सच्चे ज्ञान की प्राप्ति होने पर ही बुद्ध के विचारों को समझ सकता

## हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, फैक्ट्री में मचा हड़कंप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे युवक की हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और फैक्ट्री में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुग्गौर इलाके में स्थित एक अर्थिंग निर्माण फैक्ट्री में काम के दौरान युवक अचानक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक युवक मध्य प्रदेश का निवासी बताया जा रहा है, जो रोज़गार के सिलसिले में लखनऊ आया हुआ था।बताया जा रहा है कि उक्त फैक्ट्री विकास पाठक नामक व्यक्ति की है। घटना की सूचना मिलते ही बीबीडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना तकनीकी खामी के चलते हुई या फिर सुरक्षा मानकों में लापरवाही इसका कारण बनी।

## एटीएम लूटकांड में तौफीक नेपाली की तलाश हुई तेज

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुरादाबाद महानगर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के एटीएम लूटकांड में पुलिस सरगना नियामत उर्फ घोड़ा और रणवीर उर्फ राणा को वारंट बी के तहत लाने की तैयारी कर रही है। दोनों आरोपित राजस्थान की एक जेल में बंद हैं। वहीं, तौफीक नेपाली अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।गिरोह ने 24 नवम्बर 2025 की रात लोकोशेड पुल के पास स्थित पीएनबी के एटीएम को उखाड़ लिया था और उसमें रखे करीब सात लाख रुपये निकाल लिए। मामले में पुलिस ने 8 दिसम्बर 2025 को मुठभेड़ के दौरान पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरोह का संचालन नियामत उर्फ घोड़ा करता है, जो साथियों के जरिए विभिन्न राज्यों में ऐसी वारदातें कराता है।मामले में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तौफीक नेपाली के संबंध में अहम सुराग मिले हैं। एसपी सिटी के अनुसार वारंट बी पर आरोपितों को लाकर पूछताछ की जाएगी।

## आरोपित को पकड़ने के नाम पर परिजनों को परेशान करना गैरकानूनी : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा है कि फरार आरोपित को पकड़ने के नाम पर उसके परिजनों को परेशान करना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि संविधान की भावना के भी विपरीत है।यह टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने रिटायर कैप्टन मंगल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। याची का आरोप है कि पुलिस उसके घर पर लगातार दबिश दे रही है और उसे व उसकी पत्नी को थाने बुलाकर बेटे के ठिकाने के बारे में जानकारी देने के लिए दबाव बना रही है।मामले में के तथ्यों के अनुसार याची का पुत्र संदीप तोमर दहेज हत्या मामले में आरोपित है। उसकी अपील पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट से पहले ही खारिज हो चुकी है। वह फरार चल रहा है। पंजाब पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कानपुर नगर की गुजैनी पुलिस की मदद ली, जिसके बाद पुलिस ने याची के घर पर कई बार दबिश दी। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता आशुतोष कुमार सिंह को सुनकर कहा कि आरोपी की तलाश के नाम पर परिवार को प्रताड़ित करना कानून के दायरे में नहीं आता।कोर्ट ने टिप्पणी की कि किसी बेटे को त्यागने का कोई प्रमाण पत्र नहीं होता और इस आधार पर पुलिस द्वारा सवाल उठाना पूरी तरह गलत व भ्रामक है। कोर्ट ने पुलिस की इस कार्यप्रणाली को ब्रिटिश दौर की पुरानी और असंवैधानिक पद्धति बताया, जो आज के आधुनिक और तकनीकी युग में स्वीकार्य नहीं है।सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि याची और उसकी पत्नी को बार–बार थाने बुलाया गया, जो उनकी निजता व गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि याची को किसी भी प्रकार से परेशान न करे, न ही थाने बुलाए और न ही उसके घर पर दबिश दे। साथ ही कानपुर नगर गुजैनी थाने के संबंधित थाना प्रभारी को चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी कार्रवाई से बचने को कहा है।

## मजदूर दिवस पर नोएडा में 50 ड्रोन से निगरानी, भारी पुलिस बल था तैनात

**नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मजदूर दिवस पर श्रमिकों के प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए शुक्रवार को गौतमबुद्ध नगर जिले में पुलिस का सख्त पहरा रहा। संवेदनशील जगहों पर 50 ड्रोन की मदद से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात था। साथ ही नियमित पेट्रोलिंग और सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी रखी गई, ताकि कहीं भी किसी तरह की अव्यवस्था न हो।श्रमिक दिवस पर जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों और कंपनियों में काम करने वाले श्रमिकों ने उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ यह दिन मनाया। सुबह की शिफ्ट से ही बड़ी संख्या में श्रमिक अपने कार्यस्थलों पर पहुंचे और कंपनी प्रबंधन के साथ मिलकर शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम आयोजित किए। इसके बाद सभी श्रमिक सामान्य रूप से अपने काम में जुट गए। बीते माह की 13 तारीख को वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शन हुआ था। सैकड़ों कंपनियों और फैक्टरियों में तोड़फोड़ की गई थी। तीस से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। आशंका थी कि एक मई को श्रमिक फिर से प्रदर्शन कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर यह सुनिश्चित किया था कि पूरे क्षेत्र में कानून–व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे। इसके लिए हर स्तर पर ड्यूटी की मजबूत व्यवस्था की गई और अधिकारियों द्वारा लगातार हालात की समीक्षा की जाती रही। साथ ही अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया गया, जिससे श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सुरक्षित माहौल मिल सके। कुछ कंपनियां अपने वार्षिक अवकाश और बुद्ध पूर्णिमा के कारण बंद रहीं, लेकिन अधिकांश औद्योगिक इकाइयों में कामकाज सामान्य रूप से चलता रहा।कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने श्रमिकों के योगदान को सराहा और कहा कि श्रमिक समाज की प्रगति की रीढ़ हैं। पुलिस प्रशासन उनके सम्मान, सुरक्षा और बेहतर कार्य वातावरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी जिम्मेदारी के साथ कार्य करता रहेगा।

## मूंगफली और तुलसी के निर्यात को बढ़ावा देंगे क्लस्टर

**झांसी,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रदेश में कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। झांसी में तुलसी और मूंगफली के निर्यात आधारित दो क्लस्टर का गठन हुआ है। एफपीओ के माध्यम से दोनों क्लस्टर का गठन किया गया है। इन दोनों क्लस्टर को स्थानीय स्तर पर स्वीकृति मिल चुकी है और राज्य स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इन दोनों क्लस्टर को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद सरकार की ओर से इन्हें आर्थिक मदद और ट्रांसपोर्ट में सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस पहल से किसान कृषि उत्पादों का निर्यात कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे।झांसी के बंगरा ब्लॉक के ग्राम पठा खरका में 57 हेक्टेयर में तुलसी की खेती के लिए क्लस्टर तैयार किया गया है। इस क्लस्टर में 58 किसान सम्मिलित रूप से तुलसी की खेती करेंगे। गुरसराय ब्लॉक के ग्राम टोडी फतेहपुर में 59 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मूंगफली का क्लस्टर 38 किसानों ने तैयार किया है। निर्यात आधारित इन दोनों क्लस्टर का गठन कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के माध्यम से किया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित स्थानीय समिति ने इन दोनों को मंजूरी दे दी है।

# डीसीपी विवेक चंद्र ने संभाली यमुनापार की कानून व्यवस्था



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र में डीसीपी विवेक चंद्र ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। जब से उन्हें यमुनापार की जिम्मेदारी मिली है, वे अपनी ड्यूटी का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

जनसुनवाई के दौरान, वे प्रत्येक पीड़ित की बात को गंभीरता और शालीनता से सुनते हैं। पीड़ितों को तत्काल न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाती है। उनके कार्यालय में फरियादियों के बैठने की भी उचित व्यवस्था है।डीसीपी चंद्र पूरे यमुनापार क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर कड़ी निगरानी रखते हैं। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाते हैं।यदि कोई व्यक्ति उनके सीयूजी नंबर पर या व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत भेजता है, तो उस पर भी तुरंत सुनवाई होती है। इसके अतिरिक्त, सिपाही, दरोगा या अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मिलने वाली शिकायतों पर भी तत्काल कार्रवाई की जाती है।उनके मार्गदर्शन में, सभी थाना और चौकी प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में पुलिसिंग में सुधार हुआ है।

# जन भवन में बालिकाओं को लगा नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन

❒ वैक्सीनेशन कैंप में छात्र-छात्राओं को निशुल्क वैक्सीन लगाई गयी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से जन भवन लखनऊ में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ।

वैक्सीनेशन कैंप में आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में अध्ययनरत छात्राओं, शिक्षिक-शिक्षिकाओं की पुत्रियों तथा बालिका गृह (सिंधी खेड़ा) लखनऊ की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर कुल 96 बालिकाओं को यह वैक्सीन प्रदान की गई।एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है, जो आगे चलकर गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर का प्रमुख कारण बन सकता है। इस दृष्टि से यह टीकाकरण बालिकाओं को गंभीर रोगों से बचाने तथा उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।राज्यपाल के ल्लरोकथाम उपचार से बेहतर हैङ्क के मूल विचार और बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप इस प्रकार के निःशुल्क टीकाकरण अभियानों को बढ़ावा मिल रहा है। उनका मानना है कि समय रहते जागरूकता एवं टीकाकरण के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है, और इसी सोच को साकार करने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# नगर निगम का बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान

❒ चार स्थानों पर करीब 7 करोड़ से अधिक की सरकारी भूमि मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । राजधानी लखनऊ में नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में चार अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। सरोजनी नगर तहसील के विभिन्न गांवों में की गई इस संयुक्त कार्रवाई ने अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा दिया है और प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई। अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीमों ने तहसील सरोजनी नगर के ग्राम बिजनौर, नटकुर, अमौसी एवं औरंगाबाद जागीर में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बहुमूल्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर अस्थायी बाउंड्रीवाल बनाकर और अवैध प्लॉटिंग कर सरकारी भूमि पर कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे थे। नगर निगम की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया और भूमि को कब्जामुक्त कराया।

इस संयुक्त कार्रवाई में ग्राम बिजनौर में 0.506 हेक्टेयर (करीब 2 करोड़ रुपये), ग्राम नटकुर में 1.265 हेक्टेयर (करीब 1.50 करोड़ रुपये), ग्राम अमौसी में लगभग 10 बिस्वा भूमि (करीब 2.70 करोड़ रुपये) तथा ग्राम औरंगाबाद जागीर में लगभग 7000 वर्गफुट भूमि (करीब 1 करोड़ रुपये) को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कुल मिलाकर लगभग 7 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से बचाया गया।

पूरी कार्रवाई में सहायक नगर आयुक्त/प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद, तहसीलदार श्री अरविन्द पाण्डेय, नायब तहसीलदार श्री तेजस्वी प्रकाश एवं श्री रत्नेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीमों ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही नगर निगम एवं तहसील के लेखपालों तथा ईटीएफ फोर्स का भी सहयोग रहा।

# मज़दूर दिवस पर लखनऊ में स्वास्थ्य का महाअभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। विश्व मज़दूर दिवस के अवसर पर लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड ने एक सराहनीय एवं जनहितकारी पहल करते हुए के. के. हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह पहल शहर के उन कर्मवीरों को समर्पित रही, जो प्रतिदिन लखनऊ को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस विशाल शिविर में 600 से अधिक वाहन चालकों एवं कर्मचारियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी एवं नेत्र परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निःशुल्क की गईं, साथ ही सभी को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। विशेष रूप से, जिन कर्मचारियों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं चिन्हित हुईं, उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उन्नत उपचार उपलब्ध कराया गया—जो इस अभियान की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।शिविर की एक और प्रमुख विशेषता यह रही कि कर्मचारियों के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड हेतु ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया। इस पहल के माध्यम से पात्र कर्मचारियों का तुरंत पंजीकरण कर उन्हें योजना से जोड़ा गया, जिससे वे भविष्य में निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।यह पूरा आयोजन कंपनी के रीजनल डायरेक्टर अभय रंजन के निर्देशन में तथा डॉ. गुल मोहम्मद, डॉ. शुभम एवं उनकी विशेषज्ञ टीम के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर अभय रंजन ने कहा कि माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल के ल्लस्वच्छ लखनऊ, हरित लखनऊ, स्वस्थ, सुंदर, विकसित लखनऊङ्क के विज़न को धरातल पर उतारने हेतु इस प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक छह माह में सभी कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर दोनों बेहतर हो सकें।यह पहल सिर्फ एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि स्वच्छता सैनिकों के सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है—जो एक सशक्त, निरोग और विकसित लखनऊ की दिशा में ठोस कदम है।

# अघोरपीठ क्रीं कुंड में गूंजी शहनाई

❒ पीठाधीश्वर के अवतरण दिवस पर कन्याओं का हुआ ‘सामूहिक विवाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित अघोर पीठ तीर्थस्थान ‘बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड में शुक्रवार को शहनाई के गूंज के बीच 55 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। अवसर रहा पीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर अघोराचार्य महाराज बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के ‘अवतरण दिवस‘का।‘बाबा कीनाराम स्थल व सामाजिक संस्था ‘अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्था, वाराणसी के पहल पर सैकड़ों स्वयंसेवकों के सहयोग से वर-वधू के माता-पिता या अभिवावकों की मौज़ूदगी में विवाह के समस्त रीति-रिवाज़ों के बीच बाबा सिद्धार्थ गौतम राम की मौजूदगी में कन्यादान की रस्म निभाई गई। इसके बाद आश्रम की ओर से वर-वधू को सहयोग राशि व उपहार सामग्री भी दी गई। इसके बाद रात 08 बजे, संध्याकालीन आरती के तुरंत बाद अघोराचार्य महाराजश्री का ‘अवतरण दिवस‘ श्रद्धालुओं ने मनाया। केक की शक्ल में 55 किलो लड्डू को, महाराजश्री के स्पर्श के बाद, लोगों के बीच प्रसाद-स्वरुप बांटा गया।इस अवसर पर बाबा प्रियदर्शी राम, बाबा कर्मवीर राम, बाबा छबीले राम तथा आह्वान अखाड़ा पीठाधीश्वर अरुण गिरी महाराज भी मौजूद रहे।‘बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड‘ के प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि 01 मई का दिन ‘श्रमिक दिवस‘ और भारत के परिप्रेक्ष्य में ‘श्रमिक दिवस‘ के साथ देश के दो राज्यों, महाराष्ट्र ० गुजरात, के गठन के रूप में जाना जाता है। लेकिन आध्यात्मिक क्षेत्र में भी 01 मई का दिन महत्वपूर्ण होता है। 01 मई को अध्यात्म और भगवान शिव की सर्वोच्च अवस्था (अघोर परम्परा) के विश्वविख्यात तीर्थस्थान ‘बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड‘ के वर्तमान पीठाधीश्वर, अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का ‘अवतरण दिवस‘ मनाया जाता है। इस दिन देश-विदेश से आये हज़ारों श्रद्धालुओं, साधक-महात्माजनों, बुद्धिजीवियों एवं आमजन का जमघट लगता है, जो अपने आराध्य , अघोराचार्य का ‘अवतरण दिवस‘ मनाने ‘बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड‘ वाराणसी में आते हैं।उन्होंने बताया कि अघोरी बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का ‘अवतरण दिवस‘ सिर्फ़ धार्मिक औपचारिकताओं की रस्म नहीं निभाता, बल्कि एक अघोरी के सामाजिक सरोकार का दृश्य भी उपलब्ध कराता है । इस दिन कई ज़रूरतमंद/निराश्रित कन्याओं का ‘सामूहिक विवाह कार्यक्रम‘ आयोजित होता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी 30 अप्रैल को ही, ‘बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड‘ वाराणसी में, श्रद्धालुओं, साधक-महात्माजनों, बुद्धिजीवियों एवं 55 वर-वधू तथा उनके रिश्तेदारों का आगमन शुरु हो गया था।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.05.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00422026 दिनांक 30.04.2026 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 09-Sr.DEN-I-LKO/2026-27, 10-Sr.DEN-I-LKO/2026-27 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 के लिये | सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/आलमबाग–पश्चिम के अनुभाग में आलमबाग पुलिस स्टेशन से लंगड़ा फाटक तक रेलवे रोड (कैरेज एवं वैगन वर्कशॉप रोड) के उन्नयन एवं सुधार का कार्य। | | |
| | | क्रम सं. 2 के लिये | सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/आलमबाग–पश्चिम के अंतर्गत आरआईआईटीएम् के मुख्य द्वार के बाहर से पहुँच मार्ग तक चारदीवारी की भारी मरम्मत सड़क निर्माण कार्य, पैदल मार्गों और शेड की भारी मरम्मत एप्रन नालियों की मरम्मत, सेवा भवनों, छात्रावासों अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों आदि की छतों की मरम्मत क्रिकेट मैदान में चबूतरों की भारी मरम्मत सीवरेज जल निकासी वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) 24 कमरों वाले छात्रावास नए छात्रावास पुराने छात्रावास मेस अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों आदि के फव्वारे दरवाजे खिड़कियां और वेंटिलेटर की संरचना की भारी मरम्मत 24 कमरों वाले छात्रावास, सभागार हॉल आदि में फॉल्स सीलिंग का काम प्रशासनिक भवन सभागार खेल परिसर मेस आदि में फर्श का काम, प्रशासनिक भवन शिक्षण ब्लॉक सभागार मेस आदि के शौचालयों की मरम्मत सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों और अधिकारियों के आवासों आदि की आंतरिक और बाहरी फिनिशिंग और पेंटिंग साथ ही संबंधित विविध मरम्मत कार्य। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | क्रम सं. 01 के लिए | ₹ 2,48,95,733.92 | क्रम सं. 02 के लिए | ₹ 6,98,49,030.58 |
| 5 | धरोहर राशि | क्रम सं. 01 के लिए | ₹ 4,97,900.00 | क्रम सं. 02 के लिए | ₹ 13,97,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| | | क्रम सं. 02 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 08.05.2026 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.05.2026 15:00 बजे | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1464/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मई दिवस: चाय पर चर्चा में जुटे पत्रकार, 30 मई को लखनऊ में होगा एलजेए का भव्य सम्मेलन

❐ पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, समस्याओं के समाधान को लेकर उठे ठोस कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ,। मई दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में बर्लिंगटन (हुसैनगंज) चौराहे स्थित Hotel Heritage Blue Inn में आयोजित ‘चाय पर चर्चा’ कार्यक्रम में Lucknow Journalists Association (एलजेए) के बड़ी संख्या में पत्रकार साथी शामिल हुए। कार्यक्रम में श्रमिक दिवस के महत्व के साथ-साथ पत्रकारों की भूमिका, अधिकारों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ हैं और समाज की आवाज़ को प्रभावी ढंग से सामने लाने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने योगी अदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें संवेदनशील और प्रभावी नेतृत्व का प्रतीक बताया। साथ ही यह भी कहा कि पत्रकारों की कई समस्याएं अधिकारियों के स्तर पर अटक जाती हैं, जिन्हें सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की आवश्यकता है।उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 30 मई को लखनऊ में एलजेए का एक भव्य पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से पत्रकार भाग लेंगे। इस सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, पेंशन और आवास जैसी प्रमुख समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।कार्यक्रम में डॉ. अर्चना, डॉ. बंदन, अर्जुन द्विवेदी, संजय पांडेय, रवि शर्मा, फहीम, विजय आनंद वर्मा और अतुल सहित कई वक्ताओं ने श्रमिक अधिकारों, संगठन की मजबूती और पत्रकारों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एकजुटता, संगठन विस्तार और आर्थिक स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया।बैठक में लखनऊ इकाई के प्रभारी अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कार्यवाहक उपाध्यक्ष एडवोकेट अतुल कुमार मिश्रा समेत कई वरिष्ठ और नवोदित पत्रकार मौजूद रहे। इस दौरान नए सदस्यों का स्वागत किया गया और अश्विनी जी द्वारा पत्रकार साथियों को कलम भेंट की गई।कार्यक्रम में मो. इनाम खान, अनिल चौधरी, अशोक मिश्र, रवि उपाध्याय, प्रवीण उपाध्याय, आशीष यादव, अमित श्रीवास्तव, जगदीश मौर्या, जितेन्द्र निषाद, रामकृष्ण मिश्र, सौरभ श्रीवास्तव, शफीक अहमद, सुनील पांडेय, निहाल अहमद, राजेश चंद गुप्ता, प्रवीण सिंह, रंजीत सिंह, के.एन. सैनी और मो. शुएब सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# दुबई जा रहे यात्री के बैग से मिला तमंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ । राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार तडके दुबई जा रहे एक यात्री के बैग से तमंचा बरामद हुआ। इसके बाद जांच अधिकारियों द्वारा यात्री को तमंचे के साथ सरोजिनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

आदर्श मिश्र (सुपरवाइजर, लेवल 2इ) अदानी, चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को रात्रि 8 बजे से शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक सुपरवाइजर के तौर पर मेरी ड्यूटी लेवल 2इ पर लगी थी। शुक्रवार को समय सुबह करीब 4 बजे एक होल्ड बैग की मशीन द्वारा जांच की गयी तो मशीन के स्क्रीन पर एक प्रतिबन्धित वस्तु दिखाई दी। जिसके क्रम में बैग की भौतिक जाँच प्रभात रंजन कुमार (जूनियर ऑफिसर) द्वारा की गई।जिसमें यात्री के बैंग में 1 एक देशी तमंचा 12 बोर बरामद हुआ, यात्री ने अपना नाम महेश कुमार चौहान पुत्र स्व0 घनश्याम चौहान निवासी ग्राम चांद्पुर लखपतराय पोस्ट बल्लीपुर थाना मनकापुर जनपद गोंडा बताया। यात्री लखनऊ से दुबई जा रहा था।व्यक्ति से बरामद देशी तमंचा के सम्बन्ध में विधिवत पूछताछ की गयी तो कोई सन्तोष जनक उत्तर नही दिया गया इसके बाद जांच अधिकारियों द्वारा यात्री को पुलिस के हवाले किया गया। सरोजिनीनगर पुलिस यात्री को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# सिविल डिफेंस का जागरूकता अभियान, आग से बचाव के बताए उपाय, जन जागरूकता ही बचाव है : मनोज वर्मा

❐ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भीषण गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। यह बात सिविल डिफेंस लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने मड़ियांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित इंटरफ़ेस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कही। विज्ञान फाउंडेशन, लखनऊ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, किशोरियों और उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। मनोज वर्मा ने उपस्थित लोगों को सिविल डिफेंस के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते तापमान के चलते आग लगने की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सतर्क रहकर बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।उन्होंने खासतौर पर किचन सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि गैस सिलेंडर में लीकेज होने पर तुरंत खिड़की-दरवाजे खोल दें और किसी भी प्रकार की आग या चिंगारी से बचें। किचन में पानी और बालू रखना अनिवार्य है तथा सिलेंडर की ट्यूब में क्रैक होने पर उसे तुरंत बदल देना चाहिए।इसके अलावा उन्होंने घर की बिजली व्यवस्था पर ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि समय-समय पर वायरिंग की जांच करें, सही एमसीबी का उपयोग करें और खराब उपकरणों का इस्तेमाल न करें। शॉर्ट सर्किट की स्थिति में मुख्य बिजली लाइन बंद कर ही आग बुझाने का प्रयास करें।उन्होंने लोगों से अपील की कि यहां दी गई जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।इस अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन के जितेंद्र मौर्य, शीबा, महेश, कोमल किशन, पम्मी यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बुद्ध जयंती पर जेहटा दुबग्गा में विशाल भंडारे का आयोजन

❐ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। काकोरी के बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र के अंतर्गत जेहटा दुबग्गा में एक भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान बुद्ध के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत भंडारे का वितरण आरंभ किया गया, जिसमें सब्जी, पूरी, छोला और चावल जैसे स्वादिष्ट व्यंजन श्रद्धालुओं को परोसे गए। भंडारा दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक निरंतर चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई संभ्रांत नागरिकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।कार्यक्रम के आयोजक मेडि लाल गौतम, रवि गौतम एवं रविंद्र कुमार उर्फ बउवा ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और सहयोग का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहे।

## प्लाट दिखाने गए युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में प्लाट दिखाने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक की पत्नी की तहरीर पर सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ भी गाली गलौज की गई है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अमृता शर्मा पत्नी महेन्द्र शर्मा निवासी गौरी बाजार सरोजनी नगर ने बताया कि मेरे पति घर से प्लाट दिखाने गए हुऐ थे तभी आशीष सिंह सेंगर, अनिल सिंह व अन्य दो लोगों द्वारा मेरे पति को मारा पीटा गया जिनसे उन्हें गम्भीर रुप से चोटें आईं हैं। आरोपियों द्वारा अमृता शर्मा से भी गाली गलौज का आरोप है।

## 6वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत, मौके पर ही तोड़ा दम

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां पुताई का काम कर रहे एक मजदूर की छठी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 23 वर्षीय दीपेश के रूप में हुई है, जो बाराबंकी जनपद के मुबारकपुर गांव का निवासी था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीपेश पिछले कुछ समय से शहीद पथ के पास स्थित स्टेडियम रोड शालीमार क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत में पुताई का कार्य कर रहा था। शुक्रवार को काम के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह इमारत की छठी मंजिल से नीचे जा गिरा।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण दीपेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## छंदोइया में सपा की जोरदार हुंकार, महंगाई और अत्याचार के खिलाफ उठी आवाज



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** छंदोइया गांव में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की एक प्रभावशाली जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी ने कार्यक्रम को राजनीतिक रूप से अहम बना दिया।जनसभा में पूर्व मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद, मलिहाबाद वार्ड नंबर 9 के जिला पंचायत सदस्य निहाल अहमद, तौसीफ अहमद, मोहम्मद रफीक, एडवोकेट सिराज अहमद, एडवोकेट संतोष धानुक, रिजवान अहमद, इमरान मंसूरी, मोहम्मद कामिल, अतुल यादव, मयंक यादव तथा मुन्ना नेता पासी समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।पीडीएस चौपाल के रूप में आयोजित इस जनसभा में मोहम्मद एबाद ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और गरीब वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।सभा के दौरान गरीबों और वंचितों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि समाज के कमजोर तबकों की आवाज दबाई जा रही है।जिसे समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।इस मौके पर पार्टी के विस्तार और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने का आह्वान किया।जनसभा में उमड़ी भीड़ और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने यह साफ संकेत दिया कि क्षेत्र में समाजवादी पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में सक्रिय है।

## फसलों की सुरक्षा के लिए लगे तार में दौड़ा था करंट, सिंचाई करते समय मजदूर की मौत



**बख्शी का तालाब, कैनविज टाइम्स संवाददाता** लखनऊ। महिंगवा थाना के अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर में एक श्रमिक खेतों में सिंचाई कर रहा था तभी खेतों के किनारे फसल सुरक्षा हेतु लगे नंगे कटीले तारों की चपेट में आ गया जिसमें करंट दौड़ा था तार छूते ही वह तड़पने लगा मौके पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे क्षेत्र में अफ़रा तफरी मच गई। जबकि 1 मई को श्रमिक दिवस भी मनाया जाता है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पहाड़पुर निवासी अमित 25 वर्ष शुक्रवार की दोपहर में पहाड़पुर के ही निवासी प्रकाश प्रजापति के खेतों में सिंचाई कर रहा था प्रकाश प्रजापति ने ठेके पर खेती ले रखी है शुक्रवार को वह खेतों में पानी के लिए मजदूरी पर अमित को ले गया था खेतों की सिंचाई करते समय खेत के किनारे फसल सुरक्षा के लिए नंगे तार लगे थे जिसमें करंट भी आ रहा था वह अमित के शरीर से छू गया जिससे वह करंट की चपेट में आ गया करंट लगने के बाद वह तड़पने लगा और गंभीर रूप से झुलस गया जिसकी मौके पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गई इसके बाद इसकी जानकारी क्षेत्र के ग्रामीण को हुई मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। मृतक की पत्नी का नाम रोहिणी तथा दो बेटे हिमांशु 10 माह ,अंशु 3 वर्ष हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। महिंगवा थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आग लगने से नगदी व लाखों का सामान जलकर स्वाहा



बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना के अंतर्गत मानपुर राजा सब्जी मंडी हाईवे पर स्थित एक दुकान में शुक्रवार की दोपहर के बाद अचानक आग लग गई। दुकान तेज जलने लगी इसके बाद मंडी में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। मानपुर राजा के निवासी पुत्तीलाल ने बताया उनकी हाईवे पर स्थित मानपुर राजा सब्जी मंडी में दोना पत्तल व अन्य सामान की दुकान है ।वह सब्जी मंडी में दुकान भी लगाते हैं। जिससे दुकान में एक लाख रुपए की नकदी भी रखी थी। इसके अलावा चार लाख रुपए का सामान व नगदी जलकर स्वाहा हो गई। ग्रामीण व दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# किशोर की मौत पर फूटा गुस्सा, पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इनकार

❐ हिरासत में लिए गए चार लोगों की रिहाई के बाद पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार, गांव में पीएसी तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के टिकरा गांव के पास बीते मार्च माह में सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए चार लोगों को पहले छोड़ा जाए, उसके बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।ज्ञात हो कि मोहनलालगंज के उत्तरगांव निवासी 11 वर्षीय अर्पित बीते 31 मार्च को टिकरा गांव के पास सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अर्पित को आनन-फानन ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद गुरुवार को उसकी मौत हो गई।किशोर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने पहले मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और बाद में गांव में शव रखकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और पुलिस कार्रवाई को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे थे।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग मांगों को लेकर अड़े रहे। देर रात जाम लंबा होने पर पुलिस ने सड़क खाली कराई। इस दौरान सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों में से चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया था।शुक्रवार सुबह गांव में फिर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। मृतक किशोर के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस से साफ कहा कि जब तक हिरासत में लिए गए चारों लोगों को नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मामले को लेकर गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।हालात को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल के साथ पीएसी तैनात कर दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से लगातार वार्ता की। काफी देर चली बातचीत के बाद पुलिस ने हिरासत में लिए गए चारों लोगों को छोड़ दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए और पुलिस की मौजूदगी में किशोर का अंतिम संस्कार कराया गया।एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडे ने बताया कि सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हुई है। परिजनों की हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सड़क जाम कर कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति सामान्य कराई गई तथा पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

# यूपी में 25 लाख ‘वैश्य मित्र‘ बनाने का लक्ष्य: डा. नीरज बोरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन (आईवीएफ) द्वारा शुक्रवार उत्तर प्रदेश में व्यापक सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 25 लाख वैश्य परिवारों को संगठन की निःशुल्क प्राथमिक सदस्यता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रेस वार्ता में दी।डा. बोरा ने कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल का विशेष महत्व होता है और वैश्य समाज की व्यापक जनसंख्या को एक मंच पर संगठित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ‘वैश्य मित्र‘ सदस्यता के माध्यम से समाज को एक सशक्त पहचान और एकजुटता प्रदान की जाएगी जिससे सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित होंगी। डा. बोरा ने बताया कि यह सदस्यता अभियान पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित होगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे, जिसके उपरांत उन्हें संगठन की डिजिटल सदस्यता आईडी भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शिता, सुगमता और व्यापक सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान केवल सदस्यता तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं व्यवसाय में सहयोग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना, जरूरतमंदों की सहायता तथा समाज के भीतर एक सुदृढ़ नेटवर्क तैयार करना भी प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों, नगरों एवं गांवों में कार्यकर्ताओं से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से वैश्य समाज की एकता और सुदृढ़ होगी तथा समाज के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महामंत्री डा. अजय गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला इकाई महानगर अध्यक्ष रुपाली अग्रवाल, युवा इकाई महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, अल्पना गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के राज्यपाल रहे रामप्रकाश गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि भी दी गई।

## तीन दिन से सड़क पर गिरा नीम का पेड़, रास्ता बंद



निगोहां, लखनऊ । क्षेत्र के उतरावां से सैदापुर जाने वाला संपर्क मार्ग पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। तीन दिन पूर्व तेज आंधी में एक बड़ा नीम का पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। रास्ता बंद होने से गांव के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें अब करीब 2 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर जल्द ही पेड़ हटाकर रास्ता नहीं खोला गया, तो वे प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने प्रशासन से जल्दी समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# एमसीएच विंग चालू करने व ट्रामा सेंटर बनाने की मुख्यमंत्री से मांग

❐ सीएचसी पर चल रहे धरने को विफल करने की चल रही कूटनीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना प्रदर्शन चल रहा है। धरनार्थियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्माचारियों की वार्ता सफल नहीं हुई। धरना संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह और जिला महामंत्री राम सिंह के नेतृत्व जारी है। इसी मौके भाकियू लोक शक्ति के तहसील अध्यक्ष हौसलेंद्र पटेल की ओर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक सुरेश पांडेय को सौंपा गया जिसमें 50 बेडेड एमसीएच विंग चालू करने व ट्रामा सेंटर बनाने की मांग की गई है।इसे सीएचसी पर चल रहे धरने को विफल करने की साजिश समझा जा रहा है।सीएचसी अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में गोसाईगंज में कहा गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 30 बेड एवं एमसीएच 50 बेड एक ही परिसर में संचालित हो रहा है जिसके अधीक्षक व नियंत्रक अधिकारी अलग-अलग होने के कारण उक्त चिकित्सालयों के संचालन में काफी कठिनाइयां उत्पन्न उत्पन्न होने की बात कही गई है। दोनों चिकित्सालयो को एक करते हुए अस्पताल का संचालन किया जा सकता है। दोनों चिकित्सालय एक ही परिसर में होने पर बजट अलग-अलग शीर्षक से आवंटित होना त्रुटि पूर्ण है। दोनों चिकित्सालय एक ही परिसर में होने के कारण एंबुलेंस कार्मिकों के वाहन एवं रोगियों तीमारदारों के वाहन पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण समस्या उत्पन्न होगी। सीएचसी परिसर में बने आवासों को पुरानी पीएचसी परिसर में स्थानांतरित कर राजकीय आवास का निर्माण करने की आवश्यकता है। हौसलेंद्र की ओर से दिए गए ज्ञापन में इस मामले पर पूर्व में भी क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल की ओर से 2025 में इस प्रस्ताव को दिए जाने की बात कही गई है लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई।लोक शक्ति के तहसील अध्यक्ष हौसलेंद्र पटेल द्वारा सीएचसी परिसर में अस्पताल के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपना चर्चा का विषय बन गया है। इस सब को रा0कि0म0 संगठन के धरने को विफल करने के लिए सीएचसी अधीक्षक की ओर से रची गई साजिश का हिस्सा करार दिया गया है।

# डायल-112 को प्राप्त हुई नयी यूपी112 की 14 चार पहिया वाहन

- नये वाहनों को जनपदीय डायल-112 स्कॉड में किया गया शामिल
- सशक्त संसाधन, मजबूत पुलिस–सीतापुर में सुरक्षा व्यवस्था को नई गति मिली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद सीतापुर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 01 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से डायल-112 को प्राप्त नयी यूपी-112 की 14 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 14 वाहनों को आपातकालीन सेवा 112 में सम्मिलित किया गया है। बताया गया कि जनपदीय डायल-112 स्कॉड में इन वाहनों के सम्मिलित होने से आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया (Response Time) में सुधार होगा तथा आमजन को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। पुलिस विभाग द्वारा यह कदम जनता की सुरक्षा, सहायता एवं विश्वास को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है तथा आमजन की सहायता तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु डायल-112 सेवा को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने व चार पहिया वाहनों के माध्यम से घटनास्थल पर शीघ्रातिशीघ्र पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे आम नागरिकों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। सभी वाहनों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है तथा उन्हें जनपद के संवेदनशील एवं आवश्यक स्थानों पर तैनात किया गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, डॉयल 112 प्रभारी व प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें। अपील जनपद पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करें तथा पुलिस का सहयोग करें, ताकि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

# जनपद में 07 से 21 मई तक चलाया जाएगा स्वगणना अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- स्वगणना के लिए अधिकारियों के कार्य/दायित्व निर्धारित
- अधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को स्वगणना के लिए करें प्रोत्साहित

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने बताया है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत पहली बार उच्च प्राथमिकता वाली व्यवस्था स्वगणना (एसई) प्रचलन में लायी गयी है, जिसमे स्वगणना को अभियान स्वरूप व्यवहृत किया जाना है। जनपद रायबरेली में 7 मई 2026 से 21 मई 2026 (15 दिन) के दौरान स्वगणना अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक विभाग के प्रमुख को पहले दिन (7 मई 2026 को) स्वयं अपनी स्थिति का ब्यौरा देना है और अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सार्वजानिक रूप से स्वयं जनगणना करने वाले अधिकारी-कर्मचारी जनता के लिए एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वगणना हेतु अधिकारियों के कार्य/दायित्व निर्धारित किये गए हैं जिसके अनुसार जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा स्वयं प्रतिभाग करना एवं समस्त अधीनस्थ कार्मिकों से 07 मई को ही स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना। पंचायत सचिव/लेखापाल द्वारा एसई फॉर्म में मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले परिवारों की सहायता करना। इसी प्रकार तसीलदार द्वारा स्वयं प्रतिभाग करना एवं समस्त पंचायत सचिव एवं लेखपाल से 07 मई से 21 मई 2026 के दौरान स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना। तहसीलदार/ बीडीओ/ डीपीआरओ द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों को ससमय सूचित करते हुए ग्राम समिति से 07 मई को ही स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना एवं ग्रामवासियों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ प्रत्येक न्याय पंचायत एवं पंचायत भवन में ग्रामवासियों के सहयोगार्थ कम से कम एक इन्टरनेट कनेक्टिविटी युक्त कम्प्यूटर से एसई की सुविधा उपलब्ध कराना। जिला निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानध्यापक/ विद्यालय प्रभारियों से 07 मई को ही स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना एवं शेष स्टाफ को निर्धारित समय सीमा में स्वगणना के लिए सूचित कराना। स्कूल सभाओं में अभिभावकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करना। प्राचार्य आईटीआई/ पॉलिटेक्निक द्वारा स्वयं प्रतिभाग करना एवं समस्त अधीनस्थ कार्मिकों से 07 मई 2026 को ही स्वगणना कर एसई-आईडी जारी करने की समीक्षा करना। कालेज सभाओं में अभिभावकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करना।

मुख्य चिकित्साधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक /प्रभारी चिकित्साधिकारी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) द्वारा स्वयं प्रतिभाग करना एवं समस्त आशा, ए0एन0एम0 से 07 मई को ही स्वगणना कराना एवं उनके द्वारा सम्बंधित कार्यक्षेत्र के लोगों को घरेलू दौरों के दौरान एसई हेतु प्रोत्साहित कराना।

# खीरी में उमंग , उल्लास,के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

- श्रमवीर गौरव समारोह : श्रमिक आरोग्य मेले से लेकर हितलाभ वितरण तक गूंजा श्रमिक सम्मान
- विधायक, डीएम ने श्रमिक हितलाभ योजनाओं के तहत आश्रितों व लाभार्थियों को वितरित की आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग के बीच शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस ''श्रमवीर गौरव समारोह'' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड यूनिट-कुंभी के किसान भवन सभागार में श्रमिकों के आरोग्य हेल्थ चेकअप शिविर, हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरी, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एएलसी मयंक सिंह, यूनिट हेड सुनील कुमार यादव और पीएलए प्रोजेक्ट हेड ललित जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्रम दिवस पर विधायक अमन गिरी ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही प्रदेश और देश तरक्की की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में खीरी तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है।चीनी मिल के साथ घ्ख्रइ प्लांट व इंडस्ट्रियल पार्क से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे, वहीं छोटी काशी कॉरिडोर से आस्था और विकास को नई पहचान मिलेगी। विधायक ने काश्तकारों और श्रमिकों के योगदान को सराहा। उन्होंने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं भी दी। *श्रमवीरों के पसीने से खड़ा विकास का ढांचा : डीएम*डीएम अंजनी कुमार सिंह ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि आज कृषि और उद्योग की जो ऊंचाई है,उसकी नींव श्रमिकों के पसीने से ही पड़ी है। देश, प्रदेश और जनपद की समृद्धि में किसान और श्रमिक सबसे बड़ी ताकत हैं। डीएम ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों व किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा की बड़ी पहल बताया। आज की हर सुविधा के पीछे श्रमवीरों की मेहनत की खुशबू है और सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचे।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि श्रमिक हमारे विकास की आधारशिला हैं। उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा। आज का आरोग्य मेला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर श्रमिक तक स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से पहुंचे।यूनिट हेड ने आभार जताते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शिविर में पहुंची है, जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। कुंभी में चीनी से बायोप्लास्टिक बनेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुंभी में 200 एकड़ में बायोप्लास्टिक प्लांट लगेगा, जो दुनिया का पहला इंटीग्रेटेड प्लांट होगा। इससे क्षेत्र औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित होगा और घ्ख्रइ प्लांट की नई पहचान बनेगी। *विधायक, डीएम ने श्रमिक हितलाभ योजनाओं के तहत आश्रितों व लाभार्थियों को वितरित की आर्थिक सहायता*विधायक अमन गिरी और डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत 11 आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की एफडी प्रदान की। साथ ही प्रत्येक लाभार्थी को 25-25 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की गई। इसके अलावा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को 31-31 हजार रुपये की चेक वितरित की गई।

# स्वगणना को लेकर जागरूकता अभियान एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला पंचायत राज अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी रायबरेली सौम्य शील सिंह ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना हेतु जागरूकता अभियान एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से कहा है कि भारत सरकार/राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 इस बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जा रही है, जिसमें नागरिकों को स्वगणना (Self Enumeration) की सुविधा प्रदान की गई है।

स्वगणना जनगणना की ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने परिवार एवं आवास की जानकारी स्वयं ऑनलाइन पोर्टल अथवा मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज कर सकता है। स्वगणना अवधि- 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक, घर-घर सत्यापन/हाउस लिस्टिंग 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक, द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 निर्धारित है। उन्होंने स्वगणना कौन कर सकता है के बारे में बताया है कि परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य। घर का मुखिया। मोबाइल/इंटरनेट संचालित करने वाला सदस्य। उन्होंने स्वगणना हेतु आवश्यक संसाधन के बारे में बताया है कि मोबाइल फोन/लैपटॉप/कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन, मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी, आवास से संबंधित विवरण। उन्होंने स्वगणना में भरी जाने वाली प्रमुख जानकारी के बारे में बताया है कि परिवार प्रमुख का नाम एवं पता, परिवार के सदस्यों का विवरण (नाम, आयु, लिंग), शिक्षा, वैवाहिक स्थिति, व्यवसाय, भाषा, घर का प्रकार एवं सुविधाएं (बिजली, पानी, शौचालय आदि) प्रवास एवं सामाजिक-आर्थिक विवरण।

उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया लगभग 15-20 मिनट में पूर्ण की जा सकती है तथा सफल सबमिशन के पश्चात एक ट्ठ्ठद्य्द्ध क्द्वफ्द्धद्गन्थप्द्धधद्ध ऋक्र (ट्टक ऋक्र) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। जागरूकता अभियान, (01 मई से 06 मई 2026) तक उक्त कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 01 मई 2026 से 06 मई 2026 तक विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। इस दौरान पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सचिव एवं ग्रान प्रधान, सामुदायिक शौचालय के स्वयं सहायता समूह (ट्ठ्ठक्क) एवं केयरटेकर, सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरक, ग्राम पंचायत सदस्य एवं ग्रामीणवासी, ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर।सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर एवं बैनर लगाकर। ग्राम पंचायत के सोशल मीडिया के माध्यम से। साथ ही प्रेषित कार्यक्रमानुसार दिन विशेष थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा है कि (07 मई से 21 मई 2026)- स्वगणना कार्य को प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियमित रूप से संचालित कराया जाए। अधिकतम परिवारों को एप/पोर्टल के माध्यम से स्वगणना पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया जाए। जिन व्यक्तियों को स्वयं जानकारी भरने में कठिनाई हो, उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए।

# वाराणसी में करसड़ा सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर जाने वाली सड़क 06 फीट होगी ऊंची

- नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । उत्तर प्रदेश में वाराणसी के करसड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर जाने वाली सड़क 06 फीट ऊंची होगी। प्रतिवर्ष बाढ़ के समय करसड़ा प्लांट तक जाने वाले मार्ग पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे आवागमन एवं संचालन कार्य प्रभावित होता है।शुक्रवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने करसड़ा सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर उक्त निर्देश दिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था, आरडीएफ प्रबंधन तथा लिगेसी वेस्ट निस्तारण की तैयारियों का गहनता से अवलोकन किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने अधिकारियों एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लांट पर प्रतिदिन पहुंचने वाले कूड़े का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी दशा में बैकलॉग की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने विशेष रूप से आरडीएफ के समुचित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए चयनित संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि शीघ्र ही सुनियोजित एवं चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। समयबद्ध रूप से लिगेसी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए, जिससे स्थल को शीघ्र व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जा सके।नगर आयुक्त ने कहा कि वाराणसी शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए करसड़ा प्लांट की सुचारु कार्यप्रणाली अत्यंत आवश्यक है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कानून व्यवस्था पर डीएम-एसपी सख्त, अभियोजन कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- टॉप-10 अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश, बैठक में बना एक्शन प्लान

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन, शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अभियोजन विभाग द्वारा एजेंडा प्रस्तुत करते हुये कानूनी कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने विभिन्न वादों की स्थिति पर चर्चा कर वादों पर गुणवत्तापूर्ण पैरवी करने के निर्देश दिए। विभिन्न वादों के अभियोजन अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महिला सम्बन्धी अपराधों एवं एससीएसटी एक्ट के वादों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपीलों को समय से दाखिल कराया जाये। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिले, इसके लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।? जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद की कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। भूमि से संबंधित विवादों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाय। सड़क सुरक्षा के संदर्भ में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।? ?बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी सहित सभी उपजिलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर एल एंड टी कंस्ट्रक्शन ने श्रमिकों का किया सम्मानित



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जल जीवन मिशन सीतापुर की कार्यदायी संस्था एल एंड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर धरनाग स्थित यार्ड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया।आयोजन के दौरान श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बेहतर कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। विशेषज्ञों की टीम ने श्रमिकों को भविष्य निधि, कर्मचारी बीमा तथा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।इसके साथ ही श्रमिकों को कार्य के दौरान पालन किए जाने वाले सुरक्षा मानकों और आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में बताया गया, ताकि कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बालेंद्र कुमार सिंह, सुमित शर्मा, अकाउंट मैनेजर विभाष कुमार, प्रभाकर कुमार, सेफ्टी इंचार्ज आशुतोष कुमार, युवराज, नीरज मिश्रा, अजय शुक्ला, स्टोर इंचार्ज जितेंद्र तिवारी, ठेकेदार सुधीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्व मजदूर दिवस पर सीतापुर में कार्यक्रम, श्रमिकों को मिला सम्मान

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं नगर पालिका अध्यक्षा सीतापुर नेहा अवस्थी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस विश्व मजदूर दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के सजीव प्रसारण का सुना एवं देखा गया।जनपद सीतापुर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) द्वारा संचालित मृत्यु, दिव्यांगता सहायता योजना के तहत मृतक पंजीकृत श्रमिक की आश्रित विधवाओं को पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु में आर्थिक सहायता धनराशि 2,00,000 (2 लाख) रुपए की एफ0डी0 का लाभ वितरण किया गया, जिसमें नीतू पत्नी स्व0 ओमप्रकाश पता-ग्राम कुंवरपुर गद्दी ब्लॉक महोली, सीतापुर, सुमन देवी पत्नी स्व0 राजेश पता-ग्राम मोहद्दीनपुर ब्लॉक एलिया, सीतापुर एवं शम्मो पत्नी स्वर्गीय फकरुद्दीन पता-ग्राम रामकोट ब्लॉक खैराबाद, सीतापुर शामिल हैं।

# दुष्कर्म व पाक्सो मामले में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, क्षेत्राधिकारी निघासन श्री शिवम कुमार के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर, थाना निघासन के मार्गदर्शन में थाना निघासन की पुलिस टीम ने आज दिनांक 01 मई 2026 को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। पुलिस ने थाना निघासन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136/2026 धारा 64(1) बीएनएस एवं 5एल/6 घ्एट्ट्र एक्ट के वांछित अभियुक्त राम मिलन पुत्र सुन्दर लाल, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम जुगनुपुर, थाना धौरहरा, जिला खीरी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता (उम्र करीब 17 वर्ष) ने अपने पिता के साथ थाना निघासन में आकर प्रार्थना पत्र दिया था कि राम मिलन ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए है। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाने में मु0अ0सं0 136/2026 धारा 69 बीएनएस एवं 3/4 घ्एट्ट्र एक्ट दर्ज किया गया था, जिसकी गहनता से विवेचना करते हुए बयान वादी, निरीक्षण घटनास्थल, पीड़िता का मेडिकल, बयान 180 व 183 बीएनएसएस व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 69 बीएनएस व 3/4 पाक्सों का लोप करते हुए धारा 64(1) बीएनएस एवं 5एल/6 घ्एट्ट्र एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त घटना के दिन से ही लगातार फरार चल रहा था जिसे आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# बोलेरो-ऑटो की भीषण भिड़ंत, दो मासूमों की मौत व दो गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार बोलेरो ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार दो मासूमों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया।कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के जोनिहां कस्बे के पास शाम ऑटो में सवार आर्यन (14) पुत्र रामसागर निवासी डांडा मजरा थाना जाफरगंज व आशी (05) पुत्री मुन्नालाल निवासी रजवा खेड़ा उन्नाव की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मासूमों की मौत से दोनों परिवारों में मातम छा गया। वहीं घटना में अंकित (18) पुत्र घसीटेलाल निवासी कानपुर व किरण देवी (35) पत्नी सत्यवीर निवासी अलीगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।ऑटो में कुल सात लोग सवार थे, जो कानपुर से जाफरगंज थाना क्षेत्र के कटिलिहा गांव में एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। मार्ग दुर्घटना से खुशियों का यह सफर अचानक मातम में बदल गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया।बिन्दकी कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों मासूम बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम भेज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध तमंचा कारतूस बरामद 02अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज थाना खीरी पुलिस द्वारा मुखबिर कि सूचना पर अभियुक्तगण 1. अनमोल उर्फ आदिल पुत्र शफीक निवासी मोहल्ला बुखारी टोला थाना खीरी जनपद खीरी उम्र करीब 23 वर्ष से 1 तमंचा 12 बोर व 01अदद जिन्दा कारतूस 12बोर व 2. मोहित पुत्र राम सागर निवासी ग्राम बरवन थाना लोनार जनपद हरदोई उम्र करीब 22 वर्ष से 01अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ हड्डी फैक्ट्री के पास कस्बा खीरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0294/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगण को कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया

## नगर पंचायत ने कराया था इंटरलॉकिंग का काम, दो माह में ही धंस गया जैतई मार्ग

**हाथरस, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस में नगर पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग की धनराशि से सादाबाद-जैतई मार्ग पर निर्मित खड़ंजा महज दो महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गया। बीती देर रात हुई बारिश के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ गए। पानी के बहाव से खड़ंजे के नीचे की मिट्टी खिसक गई, जिससे कई स्थानों पर मार्ग धंस गया।शुक्रवार सुबह क्षतिग्रस्त सड़क पर जब एक छोटा वाहन सामान लेकर इसी मार्ग से गुजर रहा था तो धंसे हुए हिस्से पर पहुंचते ही खड़ंजा और नीचे बैठ गया। वाहन का एक पहिया गहरे गड्ढे में धंस गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निर्माण के समय न तो उचित आधार तैयार किया गया और न ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया गया। जल्दबाजी और लापरवाही से काम निपटाया गया, जिसके परिणामस्वरूप पहली ही बरसात में खड़ंजा धंस गया।इस मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमलता अग्रवाल ने कहा कि संबंधित स्थान पर पहले कुछ अन्य कार्य कराया गया था, जिसके बाद खड़ंजे का निर्माण हुआ।लगातार बारिश के कारण नीचे की मिट्टी बह जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

# गंगा एक्सप्रेसवे से संभल में औद्योगिक क्रांति : 1047 किसानों को 387 करोड़ का मुआवजा, 306 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन का होगा अधिग्रहण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- जिले के 31 गांवों से होकर गुजर रहा है 38.65 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे, निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूरा, सफर को सुगम बनाने के लिए बनें दो इंटरचेंज
- पहले चरण में 239 हेक्टेयर में से 95% भूमि की खरीद पूरी, अब फूड प्रोसेसिंग, वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन के लिए 5 नए गांवों में जमीन अधिग्रहण की तैयारी

संभल। प्रदेश की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना संभल जिले के लिए आर्थिक विकास और औद्योगिक क्रांति के नए द्वार खोलने जा रही है। जिले में एक्सप्रेसवे का 38.65 किलोमीटर का हिस्सा 100 प्रतिशत बनकर तैयार हो चुका है। अब इस एक्सप्रेसवे के किनारे एक विशाल औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए 4 गांवों के 1047 किसानों की 239.1004 हेक्टेयर जमीन को चिहि्नत कर लगभग 387 करोड़ रुपये (3,87,23,27,562 रुपये) के मुआवजे का आंकलन किया गया है, जिसमें से 95 प्रतिशत भूमि की खरीद पूरी हो चुकी है। भविष्य की संभावनाओं और बड़े निवेश को देखते हुए प्रशासन ने अब 5 अन्य गांवों में 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार किया है। इस गलियारे के बनने से न सिर्फ एनसीआर के उद्योगों का विकेंद्रीकरण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### उद्योगों का होगा विकेंद्रीकरण, एनसीआर से घटेगा बोझ

गंगा एक्सप्रेसवे का औद्योगिक गलियारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से उद्योगों के विकेंद्रीकरण में अहम भूमिका निभाएगा। पूर्वांचल, पश्चिम और बुंदेलखंड को एक सूत्र में पिरोने वाले इस एक्सप्रेसवे के जरिए माल ढुलाई (लॉजिस्टिक्स) बेहद तेज और सस्ती हो जाएगी। इससे वाहन संचालन लागत और ईंधन की भारी बचत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभल से बंदरगाहों, एयरपोर्ट और बड़े बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे देश-विदेश के लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश आकर्षित होंगे। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए एक्सप्रेसवे को 'जीरो एक्सीडेंट डिजाइन' पर तैयार किया गया है, जिसमें क्रैश बैरियर और सीमित एंट्री-एग्जिट पॉइंट दिए गए हैं।

### किसानों को मिला 387 करोड़, अब 306 हेक्टेयर का नया अधिग्रहण

औद्योगिक गलियारे के लिए तहसील संभल के 4 गांवों (खिरनी मोहिउद्दीनपुर, बसला, सारंगपुर व अलावती कुतुबपुर) में 239.1004 हेक्टेयर जमीन चिहि्नत की गई थी। इसके एवज में 1047 किसानों को 387 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का वितरण किया जा रहा है। औद्योगिक इकाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए अब ग्राम सारंगपुर, अलावती कुतुबपुर, खरसपा, भमौरी पट्टी और सौधन मोहम्मदपुर में कुल 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। जिले में एक्सप्रेसवे कुल 31 गांवों (संभल तहसील के 17 और चंदौसी के 14) को प्रभावित कर रहा है। लोगों की सुविधा के लिए इसमें दो इंटरचेंज (लहरावन और खिरनी मोहिउद्दीनपुर) भी बनाए गए हैं।

### मेंथा और कृषि उत्पादों को मिलेगी ग्लोबल मार्केट

संभल जिला मेंथा (पिपरमिंट), आलू, स्ट्रॉबेरी और मोती उत्पादन के लिए जाना जाता है। इसके अलावा यहां से मीट और बोन उत्पादों का भारी मात्रा में अन्य देशों को निर्यात होता है। औद्योगिक गलियारा बनने से यहां खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) से जुड़ी अनेक इकाइयां स्थापित हो सकेंगी। वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन उद्योग की प्रबल संभावनाएं हैं, जिससे किसानों के फल, सब्जी और अनाज की सीधे बड़े बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूर होने के कारण निर्यातकों और निवेशकों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी संभव हो सकेगा।

### रियल एस्टेट, पर्यटन और रोजगार में आएगा उछाल

औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक हब और सर्विस सेंटर्स की स्थापना से जिले में क्षेत्रीय विकास तेजी से होगा। इसके साथ ही रियल एस्टेट और प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी उछाल आने की उम्मीद है। यह एक्सप्रेसवे संभल को तीर्थाटन और पर्यटन के नए आयामों से भी जोड़ेगा। बाहरी लोगों और व्यापारियों की आवाजाही बढ़ने से होटल उद्योग और स्थानीय व्यापार फलेगा-फूलेगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा और जिले की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत होगी।

# चंदौसी बार रूम में धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में शांति, अहिंसा और करुणा का जो संदेश पूरी दुनिया को दिया, वह आज के आधुनिक युग में और भी अधिक प्रासंगिक है

चंदौसी। स्थानीय बार रूम में आज दिनांक 1 मई 2026 को बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर तथागत भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह जी द्वारा की गई, जबकि कुशल संचालन विकास कुमार मिश्रा जी ने संपन्न किया।समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में शांति, अहिंसा और करुणा का जो संदेश पूरी दुनिया को दिया, वह आज के आधुनिक युग में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सिद्धार्थ ने राजसी सुखों का त्याग कर सत्य और ज्ञान की खोज की और विश्व को अष्टांगिक मार्ग के जरिए दुखों से मुक्ति का रास्ता दिखाया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में हमेशा समानता और मानवता को सर्वोपरि रखा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया।अध्यक्षीय संबोधन में विनोद सिंह जी ने कहा कि बुद्ध का मार्ग केवल एक धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। वहीं सचिव तीरथ यादव जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को भी बुद्ध के न्याय और धैर्य के सिद्धांतों को अपने पेशेवर जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर मलखान सिंह, नेम सिंह, राजीव कुमार शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा कमलेश सिंह सुनील सिंह नीरेश अरुण विभोर बंसल, सचिन गोयल पूर्णिमा गुप्ता उज्वल चौधरी, शिवम सिंह, अमरीश अग्रवाल, भारी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बैरकों का भ्रमण किया तथा कारागार की पाकशाला में बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार दुरुस्त रखी जाएं और बंदी गृह में रह रहे मरीजों के लिए समुचित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जेल की सभी व्यवस्थाएं जेल मैनुअल के अनुरूप ही संचालित हों।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुण्डल छीनकर फरार होने वाला बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे, मुठभेड़ में हुआ घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। पीतमराम निवासी गांव इंधजागीर थाना नवाबगंज जनपद बरेली अपनी पत्नी नीलम व लड़की स्वानी के साथ अपनी ससुराल मोहल्ला बहादुरगंज थाना उझानी से अपनी से घर वापस आ रहे थे थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आश्रय आवास कालोनी के सामने रोड पर दो लड़के बाइक से पीछे आ रहे थे बाइक पर पीछे बैठे लड़के ने पातीराम की पत्नी के दोनों कानों के कुण्डल छीनकर भाग गये है, जिस सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा मुकदमा उपरोक्त के अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे उक्त आदेश के अनुपालन मे एवं पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पर मुकदमा उपरोक्त मे अभियुक्त गणो को गिरफ्तारी / माल बरामदगी हेतु टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी , जो चेकिंग अचानक एक संदिग्ध मोटर साईकिल सवार कादरी तिराहे से जंगल की ओर से आने रास्ते से आता दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देख कर एकदम मोटर साईकिल पीछे की तरफ मोड कर भागने लगा बरसात से जमीन गीली होने के कारण फिसल गयी मोटर साईकिल छोड़ कर भागने लगा अपने आप को घिरता हुआ देखकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से 3 फायर किये , एक फायर पुलिस आरक्षी 526 पुष्पेन्द्र के दाहिने हाथ को छुते हुए निकल गयी, आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें अभियुक्त के दोनो पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

घायल अभियुक्त से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम पप्पू उर्फ बिकारूददीन पुत्र अलाउददीन नि0 मो0 नई सराय थाना कोतवाली बदायूँ उम्र 32 वर्ष बताया, जिसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 03 खोखा कारतूस 315 बोर के एक मोबाइल Realme ,एक कान का कुन्डल पीली धातू , घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल ३ठ्८24 उउ 1699 ( Hero HF Deluxe ) बरामद हुई । घायल पुलिस कर्मी तथा घायल अभियुक्त को पुलिस सुरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल बदायूँ में उपचार हेतु भेजा गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ का विवरण पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त पप्पू उर्फ बिकारूददीन से पूछताछ की गयी तो पूछताछ मे बताया कि मै अपने साथी के साथ मिलकर इस तरह की घटना को अंजाम देता हूँ, आश्रय आवास के सामने इसी मोटर साईकिल से उझानी की और से आ रही महिला के कान के कुन्डल छीन कर हम दोनो भागे थे हम दोनो ने एक-एक कुन्डल बांट लिया था।

### दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र मे बाइक से बरात जा रहे दो सगे भाइयों को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक में बैठा एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।ग्राम पंचायत चंदपुरवा बुजुर्ग के मजरा इटरा निवासी अंकित निषाद (22) पुत्र संतराम निषाद अपने भाई कृष्ण कुमार के साथ बाइक से चंदपुरवा निवासी आसाराम के पुत्र गुलशन की बरात में इंगोहटा जा रहे थे।

### 30 सितम्बर तक वाहन का फिटनेस जनपद में करा सकते है : एआरटीओ

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया है कि भारत सरकार सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिन जिलों में स्वाचालित परीक्षण केंन्द्र (एटीएस) अभी तक चालू नहीं हो सका हैं वहां मैन्यूअल फिटनेस परीक्षण आयोजित करने और फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने हेतु 30 अप्रैल 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया है कि जनपद रायबरेली में मैन्यूअल फिटनेस परीक्षण सम्बन्धित कार्य का संपादन कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने समस्त वाहन स्वामीयों को सूचित किया हैं कि जिन वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त हो गये हैं या समाप्त होने वाले हैं उन वाहनों को फिटनेस करा सकते है।

### दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 2 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानी गंज एवं खरगापुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 50 किग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### डीएम ने बताया कि सात माई से शुरू हो जायेगा स्वगणना का कार्य

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने जनगणना- 2027 के समस्त कार्य समयबद्ध अवधि में पूर्ण कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न सम्बंधित विभागीय अधिकारियों व समस्त उप जिलाधिकारी/उप जिला गणना अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि स्व- गणना अभियान 07 मई से 21 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह अपनी- अपनी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त चार्जो द्वारा जनगणना- 2027 सम्बन्धी कार्य वाहियों का सम्पूर्ण पर्यवेक्षण प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें। जनगणना-2027 एक संवेदनशील एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका समस्त विवरण एवं डेटा पूर्णतः गोपनीय होता है। अतः डाटा की गोपनीयता प्रत्येक स्थिति में बनायी रखी जाये। उन्होंने बताया कि जनपद मेंलगभग 7740 से अधिक प्रगणकों व सुपर वाईजरों की नियुक्ति होनी है। उसके उपरान्त इनके प्रशिक्षण हेतु 40-50 के बैच में तहसील स्तर पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाए। जनगणना- 2027 एक संवेदनशील कार्यवाही है जिसें सम्भव है कि विभिन्न प्रकार की भ्रांन्तियां, अफवाह आदि अराजक तत्वों द्वारा फैलाई जाये। ऐसी स्थिति में अपने समकक्ष पुलिस क्षेत्राधि कारी व थाना प्रभा रियों से समन्वय स्थापित करते हुए शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### भगवान बुद्ध के पद चिन्हों पर चलने का लिया बुद्धानुयायियों ने लिया संकल्प

**बिल्सी,बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिल्सी क्षेत्र में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व नगर एवं ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम भाजपा नेत्री एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ममता शाक्य के आवास पर संपन्न हुआ, जहां भगवान बुद्ध की वंदना के साथ विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। अंबियापुर स्थित सम्राट अशोक चौक पर बौद्ध एवं सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ममता शाक्य ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ खीर का वितरण भी किया। इसी क्रम में सपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी उदयवीर सिंह शाक्य ने रायपुर मजरा स्थित अपने आवास पर भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के शांति और अहिंसा के उपदेशों का स्मरण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसाद स्वरूप खीर वितरित की गई।

### थाने के मुंसी पर लगा भाजपा नेता से बदसलूकी का आरोप

**उझानी,बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी भाजपा आईटी सेल के मंडल संयोजक ने कोत वाली के मुंशी पर अपने जान- पहचान वाले की पेरोकारी में आने पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है, कहां परिचय देने पर मेरे साथ मारपीट कर अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र के अनुसार क्षेत्र के गांव कोठी नगला निवासी अजय वर्मा पुत्र नेकसू वर्मा भाजपा आईटी विभाग में ग्रामीण मंडल संयोजक है। उन्होंने लिखा आज दोपहर वह पडौसी गांव गिरधरपुर के योगेन्द्र पुत्र कल्याण के साथ एक मामले में कोतवाली गया। कोतवाली के मुंशी ने रिपोर्ट दर्ज करने की एवज में दस हजार रुपए की मांग की। परिचय देने व रूपये ना देने पर मुंशी बिगड़ गया मेरे साथ मारपीट की व अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को मुंशी के खिलाफ शिकायती पत्र सोंप कर इंस्पेक्टर से कार्रवाई की गुहार लगाई है

### महराजगंज में उत्कृष्ट कार्य के लिए होमगार्ड धर्मदास सम्मानित




**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रति माह की भांति इस बार भी 1 मई 2026 को होमगार्ड विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में होमगार्ड धर्मदास को उनकी उत्कृष्ट ड्यूटी, सराहनीय व्यवहार एवं बेहतरीन टर्नआउट के लिए सम्मानित किया गया।यह सम्मान समारोह एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने धर्मदास को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने धर्मदास के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस एवं होमगार्ड विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बी.ओ. राजेश राय, बुद्धसेन शर्मा, पीसी इंद्रमणि सिंह ।रामकुमार सिंह, अनुज सिंह, राम प्रताप यादव, रामदास यादव, लाल मोहम्मद,शिव शंकर मिश्रा, सतीश प्रताप सिंह, तेज कुमार सहित अन्य होमगार्ड कर्मी मौजूद रहे।कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने सम्मानित कर्मी को बधाई दी।

# इंटर कॉलेज का महामंडलेश्वर ने किया भूमि पूजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उझानी, बदायूँ। जनपद के रामपाल सावित्री देवी इंटर कॉलेज का महामंडलेश्वर किरन बाबा, सांसद जगदंबिका पाल ने किया भूमिपूजन। महामंड लेश्वर व सांसद का अंजू चौहान ने किया स्वागत। उझानी के संजरपुर मार्ग स्थित अवंतिका वाटिका के समीप नवनिर्मित रामपाल सावित्री देवी इंटर कॉलेज का आज गोरखपुर किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर किरन बाबा व डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने मंत्रोच्चारण के साथ भूमि-पूजन किया।धनवती देवी सरस्वती बालिका आवासीय इंटर कॉलेज की प्रबंधिका अंजू चौहान ने महामंडलेश्वर किरन बाबा व सांसद जगदंबिका पाल का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्वान आचार्य द्वारा भूमिपूजन मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न कराया गया। नवनिर्मित इंटर कॉलेज की पहली ईंट रखते हुए किरन बाबा व सांसद ने कहा कि शिक्षा पाना सभी का मौलिक अधिकार है। इंटर कॉलेज खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा मिलेगी। यही देश की तरक्की का आधार होगी। प्रबंधिका अंजू चौहान ने बताया कि जल्द ही इंटर कॉलेज का निर्माण कर बच्चों के एडमिशन शुरू कर दिए जाएंगे। कम खर्चे पर बाहर के उच्च कोटि के शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। इस मौके पर किशनचंद्र शर्मा, पुरूषोत्तम दास वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कछला गंगाघाट हुआ श्रद्धालुओं से गुलजार, सैकड़ों भागीरथी भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उझानी,बदायूँ। बुद्ध पूर्णिमा पर कछला गंगाघाट आज सुबह से शाम तक श्रृद्धालुओं की आस्था से सराबोर रहा। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पहले सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया, फिर घाट पर गंगा मईया की पूजा-अर्चना की। पुरोहितों से हवन भी कराए। आहुतियों के दौरान घाट पर मंत्र भी गूंजते रहे। गंगास्नान का दौर शाम तक चला। गंगाघाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुक्रवार तड़के से ही शुरू हो गया। ब्रह्ममुहुर्त में संत पुरोहितों केअलावा श्रृद्धालुओं ने भी हर-हर गंगेबोलकर डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने पूजन किया। गंगा किनारे के घाटों पर खासी भीड़ दिखी। कासगंज जिले के छोर वाले घाट पर सबसे ज्यादा भीड़भाड़ रही। घाटों पर हर-हर गंगे गूंजता रहा। कई श्रद्धालुओं ने घाट पर ही कन्या भोज, ब्राह्मणों को भोजन कराने के अलावा भंडारे का आयो जन किया। आश्रमों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। धार्मिक अनुष्ठान कराने के बाद श्रद्धालुओं ने संतों को दान-दक्षिणा भेंट की। घाट के आसपास लगे मेला में बच्चों ने खेलकूद का लुत्फ उठाया। महि लाओं ने मीना बाजार में घरेलू और शृंगार के सामान की खरीदारी की। पंडित दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से अन्य के मुकाबले कई गुना अधिक पुण्य अर्जित होता है। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम सदर मोहित कुमार के अलावा प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार की मौजूदगी में पुलिस और राजस्व कर्मचारी लगे रहे। डुबकी लगाते ही थैला और कपड़े हुए गायब---कछला गंगाघाट पर हाथरस जिले के कस्बा सिकन्दरा राऊ निवासी सुरेश चंद्र ने गंगा में डुबकी लगाने से पहले थैला घाट किनारे तख्त पर रख दिया। थैला में उसके कपड़े और पर्स भी था। स्नान कर वह बाहर निकले तो थैला गायब मिला। पर्स में करीब एक हजार रुपये थे, सुरेश ने आसपास के दुकानदारों से पूछा भी लेकिन थैले के बारे में पता नहीं लग पाया। गनीमत रही कि पहने हुए कपड़े थैले से बाहर रखे थे, स्नान कर वहीं पहनने पड़े, वर्ना बिना कपड़े ही घर जाना पडता। सुरेश ने घाट पर मौजूद पुलिस कर्मियों को भी अवगत करा दिया।

# श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

- श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित मज़दूरी से कम का भुगतान न किया जाये- अशोक कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार, रायबरेली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सलोन अशोक कुमार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा श्रम विभाग के अन्तर्गत संचालित मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के लाभार्थियों ललिता, सविता एवं अजय कुमार को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का तहसील/ब्लाक स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाना चाहिए एवं श्रमिको को अन्य विभागों की योजनाओं यथा आयुष्मान कार्ड योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि से जोड़कर उन्हें लाभान्वित कराया जाना चाहिए ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और व स्वावलंबी बन सकें। मा. विधायक द्वारा यह भी कहा गया कि प्रदेश में आर.ए. लाइसेंस की व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश के श्रमिको को विदेशो में भी रोजगार दिलाये जाने का कार्य किया गया है। उक्त के अतिरिक्त सरकार द्वारा मजदूरी दरों में सुधार करते हुए जनपद रायबरेली में क्रमशः अकुशल श्रमिको हेतु न्यूनतम मजदूरी रु0 12356/-, अर्धकुशल श्रमिको हेतु रू0 13590/- एवं कुशल श्रमिको हेतु रू0 15224/- निर्धारित की गयी है। उन्होंने व्यापारियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से अनरोध किया कि श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित मज़दूरी से कम का भुगतान न किया जाये। उससे अधिक का भुगतान ही मज़दूरों/श्रमिकों के लिए कल्याणकारी होगा।

जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी द्वारा अपने उद्बोधन में देश में श्रमिकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि श्रमिक ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जिनके सामाजिक उत्थान से ही देश एवं समाज का विकास संभव है। अतः सभी उद्यमियों एवं इकाई स्वामियों को उनके यहां कार्यरत श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कराये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद रायबरेली के श्रमिकों के कुल 44 बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय मोहन लालगंज लखनऊ में प्रवेश दिलाया गया है। गत वर्ष 2025-26 में जनपद रायबरेली के एक छात्र द्वारा अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अंत में उपायुक्त उद्योग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच का संचालन मीना मंच के एस.एस. पाण्डेय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सचिन यादव, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मान सिंह कुशवाहा, शिव शंकर पाल एवं शशी सिंह, राईस मिल एसोसियेशन के सुरेश गुप्ता, रेस्टोरेन्ट एसोसियेशन के गौरव अग्रवाल के अतिरिक्त अविचल कुबेले, सुरेश चौधरी, राजेश वर्मा, अतुल कुमार गुप्ता, संदीप जैन, महेंद्र अग्रवाल, दिलदार राईनी, संजय जीवनानी, उमेश सिकरिया एवं सुरेश चौधरी, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष आर.डी. सिंह, हिन्द मजदूर संघ के अध्यक्ष अरविंद राठौर के अतिरिक्त ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष खुशीराम चौधरी एवं बिरला सीमेन्ट के प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में श्रमिक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रयागराज के टोंस नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे, एक की मौत, दूसरे की हालत नाज़ुक

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मेजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव में शुक्रवार को टोंस नदी में स्नान करते समय डूबने एक बच्चे की जान चली गई। जबकि दूसरे बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी अर्पित यादव (7) पुत्र आशू यादव और उसका दोस्त शिवंम (7) पुत्र शिवमनी शुक्रवार को घर से टोंस नदी में स्नान करने चले गए। जहां स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। जहां दोनों डूबने लगे, जब-तक लोग पहुंचे , वह डूब गए। हालांकि दोनों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला और उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अर्पित यादव को मृत घोषित कर दिया और उसके दोस्त शिवम का उपचार शुरू कर दिया। हालांकि परिवार के लोग उसे एक प्राइवेट अस्पताल लेकर चले गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहनों में नहीं रखा जाता यात्रियों की सुरक्षा का ख्याल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में डग्गामार दुर्घटना का सबब बने हुए हैं।जीप,मिनी व बड़े बसों में दुर्घटना से निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं होते। डग्गामार वाहनों से दुर्घटना होने की अधिक संभावना होती है,इन दि नों वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठा लि या जाता है।साथ ही उनके सामानों को उसी में र ख लिया जाता है।जिससे वाहन के ब्रेक फ़ेल होने या टायर फटने की संभावना बढ़ जाती है।डग्गामा र वाहन चालक यातायात नियमों का पालन भी नहीं करते।ओवर टेकिंग अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन करने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जा ती है।जिले में डग्गामार वाहन दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं।सड़कों पर पुलिस व एआरटीओ के ना क के नीचे सैकड़ों की संख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन होता है।इन वाहनों में यात्रियों की सु रक्षा का कोई भी ख्याल नहीं रखा जाता।मानक की अनदेखी करके धड़ल्ले से संचालित हो रहे ड ग्गामार वाहनों से आए दिन दुर्घटना होती रहती है, जिसमें लोगों की जान भी चली जाती है।जिले में संचालित अधिकतर वाहनों में न तो अग्निशमन यं त्र है और न ही फस्ट एड बाक्स की कोई व्यवस्था होती है।वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जाती है।इससे एक ओर जहां दु र्घटना होने की संभावना होती है वहीं दूसरी ओर राजस्व का भी नुकसान होता है।गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहन संचालित है।यहां से उतरौला,बाबागंज,धानेपुर,बलरामपुर,इ टियाथो क तक के लिए डग्गामार वाहन संचालित हो रहे हैं इन डग्गामार वाहनों में यात्रियों को भूसे की तरह भर लिया जाता है और उनसे मनमाना किराया भी वसूला जाता है।विरोध करने पर बस चालक व प रिचालक यात्रियों के साथ बदसलूकी भी करते हैं।डग्गामार वाहन चालक यातायात नियमों का सरे आम उल्लंघन करते हैं।ओवर टेकिंग करने पर दु र्घटना होने की अधिक संभावना होती है।यही नहीं

करनैलगंज हजूरपुर तिराहे के पास से चंडीगढ़, पं जाब,दिल्ली, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के लिए बसें चलती हैं।इन बसों में अन्य प्रदेशा को जाने वा ले गरीब तबके के लोग यात्रा करते हैं।भारी भरक म किराया वसूलने के बावजूद इन बसों में भी अ ग्निशमन यंत्र व फस्ट एड बाक्स जैसी कोई सुवि धा नहीं होती।बाक्स डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई से कतरा रहे जिम्मेदार डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सहायक संभागीय परिवहन विभाग एवं स्थानीय पुलिस व यातायात विभाग की है।बावजूद इसके जिम्मेदार इनपर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।डग्गामार वाहनों पर शायद ही कभी कार्रवाई की गई हो।शिकायत होने पर भी जिम्मेदार मामले का रफा दफा कर देते हैं, याताया त,नियमों का उल्लंघन कर खुलेआम मनमानी कर रहे डग्गामार वाहन बेरोक टोक मुख्य बाजार से हो कर गुजर रहे हैं।पुलिस के साथ-साथ परिवहन वि भाग भी इस मामले में लापरवाह बना हुआ है,वही

नियमों की अनदेखी कर चलने वाले इन वाहनों के चालकों को न तो यात्रियों की परवाह है और न ही पुलिस व प्रशासन का डर,परिणाम यह है कि डग्गा मार वाहन मौत का कारण बनते रहते हैं।डग्गामार वाहनों के संचालन पर यात्रियों ने आक्रोश जताया है।लोगों ने मानक विहीन तरीके से संचालित वाह नों की यात्रा पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।अमित यादव ने बताया कि डग्गामार वाहन तेज गति से गाड़ी चलाते हैं,यातायात नियमों की धज्जि यां उड़ाते हुए यात्रियों के जान को खतरे में डालते हैं।प्रदीप ने कहा कि सुरक्षा को लेकर डग्गामार वा हनों में कोई सुविधा नहीं होती। जर्जर स्थिति वाले वाहनो से चालक बिना यातायात कर्मियों के डर से लम्बी दूरी तक का सफर करते हैं। ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है।हेमंत बताते हैं कि ऐसे वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री वा सामान भर दिये जाते हैं,जिससे वाहन पर चालक का नियं त्रण कम हो जाता है।पूरे रास्ते यात्रियों की जान ह लक में होती है। राम करन कहते हैं कि अधिकांश डग्गामार वाहन बिना परमिट के चल रहे हैं।ऐसे वा हनों पर प्रशासन को रोक लगाना चाहिए।अन्य प्र देशो में संचालित वाहनों के स्वामियों से प्रत्येक व र्ष फिटनेस प्रमाण-पत्र लिया जाता है।जिले से अ न्य प्रदेशों को जाने वाले वाहनों को आल इंडिया परमिट परिवहन विभाग से लेनी होती है,जिसके लिए नियमानुसार शुल्क जमा कराया जाता है। डग्गामार वाहनों की जांच को लेकर अभियान च लाया जाएगा।आरसी भारतीय एआरटीओ गोंडा ।

# घूंघट की ओट से बाहर नहीं निकल पाई गाँव की महिला प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । केन्द्र व राज्य सरकारों ने भले ही नारी सश क्तिकरण के लिए कई नियम कानून व प्राविधान स्थापित किए हो लेकिन त्रिस्तरीय पंचायतों में ना री सशक्तिकरण पर नर हावी हैं।चुनाव के दौरान पत्नी को सामने कर उन्हें माननीय का दर्जा दिला ने के बावजूद कार्यक्षेत्र में उनका कोई हस्तक्षेप नजर नहीं आता है।ग्राम पंचायतों में अधिकांश महिला माननीयों के स्थान पर उनके पति या पुत्र ही प्रधानी या सदस्यता के काम संभालते दिख जाते हैं।जिले की अगर बात करें तो यहाँ कई ग्राम पंचायतों में महिला प्रधान हैं।लेकिन कुछ को अग र छोड़ दें तो जिले की अधिकांश पंचायतों की बैठ क से लेकर जो प्रमुख काम महिला प्रधानों को क रने चाहिये,वह उनके पति कर रहे हैं।यहां तक कि गांव के विकास कार्यों के लिये भी महिला प्रधानों के पति ही अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते हैं।अधि कारियों का भी यही मा नना है कि महिला प्रधानों की जगह उनके पतियों का प्रभाव ही रहता है।एक ओर सरकार मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को गति देने के लिए जिला प्रशासन लगातार कोशिश कर रहा है लेकिन जिले में कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जहां महिला ग्राम प्रधान होने के बावजूद उनके पति या पुत्र क प्रधानी करते नजर आते हैं। नारी सशक्ति करण के प्रयासों को उस वक्त गंभीर झटका लग ता है जब प्रशासन या दूसरे विभागों की तरफ से आयोजित होने वाली बैठकों में भी महिला जनप्र तिनिधि के स्थान पर उनके पति या पुत्र ही शिरक त करते हैं।हालांकि उच्च स्तर पर इसमें कमी आई है।गांवों के लिए आने वाली योजनाओं में निरीक्षण समीक्षा एवं दूसरे कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके प ति ही संभालते दिखते हैं।महिला माननीय घरों त क ही सीमित दिख रही हैं।

# 3 मई से 11 मई तक राजन महराज सुनाएगे नव दिन श्री राम कथा,दो लाख आमंत्रण पत्र वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड । जिले के कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र के पैड़ीबरा स्थित सम्मय माता मंदिर में नव दिवसीय श्रीराम कथा की सभी तैयारियां पूरी कर की जा रही हैं।श्रीराम कथा आयोजन समिति ने शुक्रवार को आज जिले के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर कथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी है।समिति के अनुसार,गोंडा और अयोध्या सहि त चार मंडलों से लगभग दो लाख से अधिक भक्त पूज्य राजन जी महाराज की श्रीराम कथा में शामि ल होंगे।यह कथा वर्ष 2022 में भाजपा ब्लॉक प्रमु ख प्रतिनिधि भवानी भी शुक्ल के द्वारा बुक कराई गई थी।चार साल के इंतजार के बाद यह श्रीराम कथा तीन मई से 11 मई तक आयोजित की जाए गी।कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे।पुलिस अधिकारियों ने आयो जन समिति के सदस्यों से मिलकर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली है।श्रीराम कथा आयोजन समिति ने पूरे योगी मंत्रिमंडल उत्तर प्रदेश के सभी विधायकों डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रण पत्र भेजे हैं।इसके अतिरिक्त कई बड़े अभिनेता, गा यक और राजनेता भी इस




कार्यक्रम में शामिल हों गे।आयोजन समिति के मुख्य सदस्य और भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भी शुक्ल ने बताया कि चार मंडलों में करीब दो लाख लोगों को आमंत्र ण पत्र वितरित किए गए हैं।समिति ने सभी लोगों से तीन मई से 11 मई तक आयोजित होने वाली इ स श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में शा मिल होने की अपील की है। गांव गांव जाकर के लोगों को कार्ड के माध्यम से इस कथा में शामिल होने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है नव दि वसीय इस कथा के दौरान अलग-अलग तरीके से कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।श्री राम कथा महिमा से श्रीकथा की शुरुआत होगी सुंदरकांड व श्री राम राज्याभिषेक के साथ इस कथा का समाप न होगा और 12 मई को विशाल भंडारे का आयो जन किया गया है।

## 5700 विद्यार्थियों को शुल्क प्रतिपूर्ति का इंतजार

मुरादाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग में आरटीई के तहत मिलने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति का बजट शासन को वापस होने के बाद अभिभावकों का इंतजार बढ़ गया है। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष लगभग 5700 विद्यार्थियों को शुल्क प्रतिपूर्ति दी जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों का आरटीई के तहत प्रतिवर्ष दाखिला होता है। लेकिन इस वर्ष अभी तक विद्यार्थियों को शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं मिली है। हालांकि इस सूची में सत्र 2013-14 तक के विद्यार्थी शामिल हैं। शासन ने इस सत्र के विद्यार्थियों के लिए लगभग चार करोड़ रुपये की शुल्क प्रतिपूर्ति भेजी थी, लेकिन विभागीय उदासीनता की वजह से वह अभिभावकों के बैंक खाते में नहीं पहुंच पाई और वित्तीय वर्ष पूरा होने पर शासन को वापस लौट गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार का कहना है कि लगभग 5700 विद्यार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति बकाया है। शासन को बजट के लिए पुनः मांग भेजी गई है। वहां से धनराशि मिलते ही अभिभावकों के खाते में भेज दी जाएगी।

## वैशाख पूर्णिमा पर नमामि गंगे ने जगाई स्वच्छता की अलख, गंगा को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

वाराणसी,। वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को नमामि गंगे के स्वयंसेवी सदस्यों ने वाराणसी के अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में भगवान बुद्ध के दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लाउडस्पीकर से जन-जन तक पहुंचाकर गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान गंगा घाट पर पहुंची नमामि गंगे की स्वयंसेवी टीम ने गंगा की तलहटी और किनारे पड़ी गंदगी को उठाकर कूड़ेदान तक पहुंचाया । पॉलिथीन कचरा तथा गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की गई पूजा सामग्री के अवशेषों को निकाला गया। श्रमदान में घाट पर मौजूद गंगा प्रेमी श्रद्धालुओं ने भी सहयोग किया। इस दौरान नमामि गंगे टीम ने सुबह ए बनारस के मंच पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित नमामि गंगे परियोजना का विवरण दर्शाती पत्रिका का वितरण किया। संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि तथागत भगवान बुद्ध ने पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया है। वह कहते थे कि मनुष्य को अपने किसी भी कृत्य से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। भारतीय जनजीवन में नदियों का महत्व इसी से जाना जा सकता है कि धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, पर्यटन, स्वास्थ्य , कृषि, शैक्षिक, औषधि, पर्यावरण और न जाने कितने क्षेत्र हैं जो हमारी नदियों से सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं। शुक्ला ने कहा कि हमारी पवित्र नदियां विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देती हैं वैसे ही भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा और शांति के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता का संकल्प लें। आयोजन में पुष्पलता वर्मा, डॉ रत्नेश वर्मा, फैजल, अमन, शिव आदि ने भी भागीदारी की।

## धर्म का प्रचार करना भी आजकल आवश्यकता में है: शंकराचार्य विजयेंद्र

वाराणसी । कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वतीजी महाराज ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी हिन्दू धर्म के कार्य को विकास से जोड़ कर नहीं देख रही है। जो विदेश में हमारे देश के युवा है, वो भी इसे प्रगति से नहीं देखते। इसके लिए धर्म का प्रचार करना भी आजकल आवश्यकता में है। शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती शुक्रवार को यहां अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुनर्विकास शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए थे। शंकराचार्य विजयेंद्र ने इस जगन्नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। शंकराचार्य विजेंद्र सरस्वती ने कहा कि हिंदू धर्म में प्रचार का लक्ष्य तो अंत में है। सबसे पहले हिन्दू धर्म का अध्ययन आता है, सभी को धर्म का अध्ययन करना चाहिए। दूसरे स्थान पर बोध आता है, धर्म का बोध होना चाहिए। तीसरा है आचरण, हिन्दू धर्म आपके आचरण में दिखना चाहिए। आखिर में मधुर शब्द का प्रचार होना चाहिए। आजकल विदेश का जो प्रभाव है तो उल्टा हो गया है। प्रचार से कार्यक्रम का शुरुआत होता है। विदेश के स्क्रीन का उपयोग करना, लेकिन हमारे विचारों में स्क्रीन नहीं होना चाहिए। इसलिए काशी में जो आज सभी ने जगन्नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया है, उसमें सभी लोग अवश्य शामिल हो। इस अवसर पर जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बृजेश सिंह, सचिव शैलेष त्रिपाठी, श्रीकांची कामकोटि मठ के प्रबंधक बीएस सुब्रह्मण्यम मणि सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विदाई से लौट रही बोलेरो पेड़ से टकराई, तीन की हालत गंभीर

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के हलिया थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को विदाई कराकर लौट रही बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गौरवा गांव निवासी शिवम दुबे (20) पड़ोसी गांव बैधा से लड़की की विदाई कराकर बोलेरो से लौट रहे थे। पिपरा बाजार के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया।हादसे में चालक शिवम दुबे (20), संतोष (24), पूजा (18), विवेक (14), शिवम (12), खुशबू (22), प्रिंस (10), संगीता मौर्या (22) व आकांक्षा (16) घायल हो गए। वहीं राम प्रसाद समेत कुछ अन्य को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज जारी है।

## बैशाख पूर्णिमा पर विंध्यधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, भीषण गर्मी में डटे रहे श्रद्धालु

मीरजापुर । बैशाख पूर्णिमा पर मीरजापुर के मां विंध्यवासिनी धाम में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने भोर में गंगा स्नान कर जयकारों के बीच मां के दर्शन-पूजन किए। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में बच्चों का मुंडन संस्कार भी संपन्न कराया गया। भीड़ के चलते मंदिर के नंबर-2 गेट (न्यू वीआईपी गेट) पर लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं को तेज धूप में घंटों इंतजार करना पड़ा। लाइन की धीमी रफ्तार और विशेष लाइन की भीड़ के कारण सामान्य दर्शनार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। भीषण गर्मी के कारण छोटे बच्चे बिलखते दिखे, वहीं बुजुर्गों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंदिर मार्गों और वाहन स्टैंडों पर भी भीड़ के चलते आवागमन प्रभावित रहा। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से बेहतर व्यवस्था और सुचारु दर्शन की मांग की है।

# गोंडा जिले में होम डिलीवरी के नाम पर खेल, गैस एजेंसिया डकार रही, कैश ऑन कैरी का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । दो माह से चल रहे रसोई गैस किल्लत के बी च लगभग छह लाख सिलिंडर बांटे जा चुके हैं।गैस की आवक कम होने से एजेंसियों पर भीड़ जुट र ही है।एक-एक गैस के लिए मारामारी मची है,जिस के चलते होम डिलीवरी संभव नहीं हो पा रही है। जबकि प्रत्येक होम डिलीवरी पर आयल कंपनी ल गभग 33 रुपये उपभोक्ताओं से वसूल रही है।इस आधार पर देखा जाए तो बिना होम डिलीवरी किए गैस एजेंसियों ने दो माह में लगभग छह लाख गैस वितरण कर करोडो रुपये डकार लिए है।आयल कं पनी प्रत्येक गैस सिलिंडर के लिए एजेंसियों को अ लग से कमीशन भी देती है।इस समय पूरे दिन ला इन में लगने के बाद भी रसोई गैस नहीं मिल पा र हा है।क्योंकि मांग के सापेक्ष आवक नहीं है।जिस कारण एजेंसियों पर अनुकूल व्यवस्था नहीं बन पा रही है।नियम के मुताबिक अगर उपभोक्ता ने गैस की बुकिंग कराई हैं और उसे खुद लेने के लिए गो दाम पर जा रहा है तो एजेंसी की ओर से कैश ऑ न कैरी उपभोक्ता को 33 रुपये देने होते हैं,लेकिन जानकारी के अभाव में जिले में ऐसा नहीं हो पा र हा है यदि कोई उपभोक्ता नियम की बात कहकर पैसे की डिमांड करता है तो एजेंसी संचालक उसे आंखें दिखाते हैं,एजेंसी संचालक हरमाह उपभो क्ताओं का लाखो रुपये दबा लेते हैं।गोंडा जिले में शहर से लेकर गांव तक तीन पेट्रोलियम कम्पनियों की 75 गैस एजेंसियां संचालित हैं इनमें हिन्दुस्तान पेट्रोलियम,इण्डेन आयल और भारत गैस समेत ती न तीन तेल कंपनियां शामिल है।जनपद में करीब पांच लाख से अधिक गैस उपभोक्ता हैं इसमें उज्ज वला योजना के लाभार्थी भी शामिल हैं।प्रशासन व पूर्ति विभाग के अफसरों की उदासीनता का खामि याजा घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपनी जेब ढी ली कर चुकाना पड़ रहा है विवश होकर उपभोक्ता ऊंचे दाम पर गैस सिलेंडर खरीदता है,जबकि उप भोक्ताओं से प्रत्येक माह एजेंसी संचालक लाखों रुपये वसूल रहे हैं यह खेल जिला मुख्यालय से ले कर ग्रामीण अंचल की एजेंसियों पर खेला जा रहा यह सब खेल आयल कंपनी से लेकर जिला प्रशा सन के जानकारी में चल रहा है।वही फिलहाल अ फसरों की अनदेखी उपभोक्ताओं की जेब पर भा री पड़ रही है।इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसी शिकायतों को लेकर सभी पेट्रो लियम कंपनियों को निर्देशित किया गया है अगर कोई अनियमितता पाई गई,तो उसके खिलाफ क ड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहुल गांधी को मिली राहत, इंडियन स्टेट वाले बयान पर एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। कांग्रेस मुख्यालय इन्दिरा भवन के उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के इंडियन स्टेट को लेकर दिए बयान को लेकर उच्च न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के मौके पर एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी और इंडियन स्टेट से है। इस बयान में इंडियन स्टेट पर हंगामा मच गया था। इस बयान को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सिमरन गुप्ता ने एक याचिका भी दायर की थी। इसी याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ओपन कोर्ट में अपना फैसला सुनाते हुए यह याचिका खारिज कर दी है।

# भारत को बीफ निर्यात में अग्रणी बनाने वाला डेयरी उद्योग अहिंसक नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । भोजन के पर्यावरण, प्राणियों और मानव स्वास्थ्य के संबंधों पर गहराई से चर्चा और सभी को बचाने हेतु पौध आधारित वीगन जीवनशैली अपनाने संबंधी एक गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को अवध नर्सिंग कॉलेज में वीगन आउटरीच के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अभिषेक दुबे ने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह धरती पर सबसे अधिक भूभाग का इस्तेमाल पशु उत्पादों के उत्पादन में किया जा रहा है जो जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता विनाश आदि का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि जिस तरह गाय, भैंस का बहुत से छोटी सी उम्र में गर्भाधान कराया जाता है, बार बार उसे लगातार गर्भधारण कराया जाता है, उसके शरीर में उनकी क्षमता से अधिक दूध का उत्पादन कराए जाने के कारण वे पशु कई बीमारियों आदि से ग्रसित रहते हैं, ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाकर दूध निकाला जाता है, बछड़ों को दिन में महज 2 बार उनकी मां का दूध पीने देते हैं जबकि किसी भी नवजात बच्चे को मां का दूध कम से कम 10-15 बार मां का दूध पीना चाहिए अतः बछड़े भूखे रहते हैं और अन्य में सारी बूढ़ी भैंसें, उनके नर पंडवे और कुछ गौवंश कत्लखाने भेजे जाते हैं व बचे गौवंश गौशालाओं में भूख से मरते हैं व सड़कों पर गाड़ियों से कुचलकर।वक्ता ने विद्यार्थियों से प्रश्न किया कि जिस तरह का अत्याचार आज गाय, भैंस के साथ हम कर रहे हैं, उसके बाद क्या हम दूध को अहिंसक कह सकते हैं, क्या दूध को शाकाहारी कह सकते हैं। इसके उत्तर में विद्यार्थियों ने कहा कि दूध व अन्य डेयरी उत्पाद आज काफी क्रूरता का कारण बन चुके हैं अतः दूध को अहिंसक या शाकाहार की श्रेणी में रखना अब गलत होगा।गोष्ठी में यह चर्चा हुई कि पूरे भारत में छुट्टा गौवंश की तरह छुट्टा भैंसें नहीं दिखती हैं जिसका कारण यह है कि सारी बूढ़ी भैंसें व उनके पंडवे कत्लखाने भेज दिए जाते हैं और उसी के वजह से भारत आज दुनिया का अग्रणी बीफ निर्यातक व अग्रणी बीफ उपभोक्ता बना है।इसके साथ ही गोष्ठी में एक संतुलित पौध आधारित भोजन अपनाकर अपने आवश्यक पोषण की पूर्ति करने पर भी जोर दिया गया। वक्ता ने भोजन में अधिक फल, सब्जियों, दालों को शामिल करने और आंतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए फाइबर युक्त आहार लेने व एंटीबायोटिक्स से बचने का सुझाव दिया।कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल सिंह भदौरिया ने बताया कि इस गोष्ठी से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण व जीवों के अधिकारों के बारे में काफी कुछ जानने को मिला तो सचमुच सबकी जीवनशैली को बेहतर बनाने का बढ़िया माध्यम है।उपप्रधानाचार्य मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि पौध आधारित भोजन अपनाना आज के समय की जरूरत है क्योंकि इससे हृदय रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप आदि जीवनशैली आधारित रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न प्रोफ़ेसर एवं करीब 100 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# श्रमिक दिवस पर अमेठी में श्रमिकों को योजनाओं की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विकास भवन सभागार में एक भव्य गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री के सम्बोधन के सजीव प्रसारण से हुई जिसे उपस्थित जनसमूह ने गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना।इस दौरान श्रमिकों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार एवं श्रमिक हितों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ होते हैं और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना सरकार की प्राथमिकता है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि जनपद प्रशासन श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिये पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें अटल आवासीय विद्यालय योजना, श्रमिक पंजीकरण, मातृत्व लाभ, कन्या विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पेंशन योजनाएं प्रमुख हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब श्रमिक समय से अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक रहें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कैम्प लगाकर श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करें। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालय में चयनित बच्चों के अभिभावकों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को नवीन वेज कोड, श्रम कानूनों में हुए बदलाव, सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों तथा उनके अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नए वेज कोड के माध्यम से श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, समय पर भुगतान और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने श्रमिकों को संगठित रहने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी, औद्योगिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रमिक बंधु मौजूद रहे।

# मजदूर दिवस पर संयुक्त मजदूर मंच ने भरी हुंकार

## हक की लड़ाई तेज करने का लिया संकल्प

फोटो न0-01




सुल्तानपुर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को शहर के राजीव गांधी पार्क में संयुक्त मजदूर मंच द्वारा एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और मजदूरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति आवाज बुलंद की। सभा को मुख्य रूप से कॉमरेड अशोक शुक्ला (संयोजक सीटू, अध्यक्ष यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य) ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने मजदूरों के गौरवशाली इतिहास और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। मई दिवस केवल एक अवकाश नहीं, बल्कि दुनिया भर के उन मजदूरों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने काम के घंटे तय करने और गरिमापूर्ण जीवन के लिए अपना खून बहाया। आज के दौर में श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव और निजीकरण की नीतियों ने कामगारों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हमें बैंक, रेल, बीमा और अन्य सरकारी संस्थानों को बचाने के लिए एक बड़ा और संगठित आंदोलन खड़ा करना होगा। सभा में वक्ताओं ने वर्तमान आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया। श्रम सुधारों के नाम पर शोषण नए लेबर कोड्स को मजदूर विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की गई। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बेतहाशा निजीकरण को देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए घातक बताया गया। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। संयुक्त मजदूर मंच के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक कर्मचारी संगठनों, बीमा क्षेत्र, चिकित्सा प्रतिनिधियों और सीटू से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में शहीद मजदूरों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

# प्रधान ने गांव में लगवाई सोलर हाई मास्टलाइट, ग्रामीणों में खुशी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार जारी है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार गांव के चौमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत में सोलर हाई मास्टलाइट लगवाकर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार का कहना है कि गांव में रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। महिलाओं और बुजुर्गों को खास दिक्कत का सामना करना पड़ता था। असामाजिक तत्वों का भी डर बना रहता था। इसी समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत निधि से सोलर हाई मास्टलाइट लगवाई गई है।सोलर हाई मास्टलाइट लगने से अब पूरे क्षेत्र में दूधिया रोशनी फैल गई है। मुख्य चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर उजाला होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। रात के समय भी लोग आसानी से आवाजाही कर पा रहे हैं। बच्चों को भी शाम के वक्त खेलने और पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिला है।ग्रामीणों ने प्रधान के इस कार्य की सराहना की। ग्रामीण रामनिवास विश्वास, सुनीता देवी,अशोक सरकार, चिरंजन बरौई ने बताया कि पहले अंधेरे के कारण शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता था। अब हाई मास्टलाइट लगने से गांव जगमग हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बहुत उपयोगी साबित होगी।प्रधान विवेकानंद सरकार ने बताया कि उनका प्रयास है कि ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत बनाया जाए। इसके लिए सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आने वाले समय में गांव के अन्य स्थानों पर भी सोलर लाइटें लगवाई जाएंगी। ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों ने प्रधान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए आभार जताया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री से मिले दुर्गेश मिश्र, गीत के माध्यम से उठाई जनपद की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद के कटका बाजार निवासी समाजसेवी दुर्गेश मिश्र ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने एक अनोखे अंदाज में जनपद की जमीनी हकीकत को सामने रखते हुए गीत के माध्यम से अपनी बात रखी, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भी भावुक हो उठे।

दुर्गेश मिश्र ने अपने गीत में वर्तमान समय की प्रमुख समस्याओं जैसे बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, युवाओं की परेशानियां और आम जनता के संघर्ष को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जनपद सुल्तानपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। वहीं लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुर्गेश मिश्र की प्रस्तुति को गंभीरता से सुना और उनके प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को इस तरह रचनात्मक तरीके से सामने लाना सराहनीय है और इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम जनता के मुद्दों को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात के दौरान दुर्गेश मिश्र ने पूर्व सरकार में किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया और उनके समर्थन में गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जनता आज भी उन कार्यों को याद करती है और उम्मीद करती है कि भविष्य में फिर से विकास की वही गति देखने को मिलेगी। इस मुलाकात के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयास जनप्रतिनिधियों तक जनता की आवाज पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जमीर अहमद पुत्र लल्लन अहमद निवासी ग्राम करपिया थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आरम्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## संग्रामपुर पुलिस ने आठ वारण्टियो को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने आठ वारण्टियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में वांछित/वारण्टी के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह मय हमराह द्वारा भिन्न भिन्न वादों अभियोगों में आठ वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि जमील, मुनव्वर,रसीद पुत्रगण झब्बार निवासीगण भवसिंहपुर (कनू),राम प्रकाश पुत्र रामलाल निवासी रामापुर गडेरी,भवानी पुत्र रामकृपाल निवासी डेहरा पूरे शिवपाल,कृष्णदेव पुत्र चन्द्रभूषण शुक्ला निवासी शुकुलपुर डेहरा,हरदेव पुत्र चन्द्रभूषण शुक्ला निवासी गण शुकुलपुर डेहरा एवं रीता पत्नी छोटेलाल उर्फ सरजू निवासी ग्राम डेहरा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी वर्तमान पता ग्राम लोनियापुर थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है।

## आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा एक जिंदा कारतूस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकेश सिंह पुत्र राम अचल सिंह निवासी ग्राम करपिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर को जेल भेज दिया गया है।

## पूरनपुर में अवैध खनन का 'खुला खेल': सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर रास्ते से लौटे, माफिया बेखौफ—संरक्षण के आरोप तेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का संगठित नेटवर्क लगातार फल-फूल रहा है ताजा घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं गुरुवार को भगवंतापुर क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलने पर खनन इंस्पेक्टर सुभाष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए, लेकिन आरोप है कि वह स्थल तक पहुंचने के बजाय रास्ते से ही एक ट्रैक्टर-ट्राली पकड़कर वापस लौट गए इस कार्रवाई के चलते मौके पर सक्रिय अन्य खनन माफिया सतर्क हो गए और कई ट्रैक्टर-ट्रालियां लेकर फरार हो गए सूत्रों के अनुसार, यदि टीम मौके तक पहुंचती तो बड़े स्तर पर अवैध खनन का खुलासा हो सकता था पकड़ी गई ट्राली को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि मामले की जांच राजस्व विभाग को सौंपे जाने की बात कही जा रही है खनन इंस्पेक्टर का कहना है कि उन्हें रास्ते में ही अवैध खनन में संलिप्त ट्राली मिली थी, जिसे पकड़कर आवश्यक कार्रवाई की गई है मौके पर न जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि खनन की वास्तविक स्थिति की जांच राजस्व विभाग द्वारा की जाएगी स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं है ॢखाकी और खादीॣ के कथित गठजोड़ के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर रातभर मिट्टी का खनन कर रहे हैं कई बार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है नगर से देहात तक फैला जाल पूरनपुर नगर, घुंघचाई, भगवंतापुर, माधोटांडा रोड , जेठापुर, पूरनपुर असम रोड और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध खनन का कारोबार व्यापक स्तर पर जारी है बिना अनुमति उपजाऊ कृषि भूमि को खोदकर उसका स्वरूप बदला जा रहा है माफिया किसानों को आर्थिक प्रलोभन देकर जमीन का पटान करवा रहे हैं, जिससे भूमि की उर्वरता पर दीर्घकालिक असर पड़ रहा है रात होते ही सक्रिय हो जाता है नेटवर्क जानकारी के अनुसार, शाम ढलते ही खनन माफिया पूरी तरह सक्रिय हो जाते हैं उनके गुर्गे अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहते हैं, जो पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं जैसे ही किसी कार्रवाई की भनक लगती है, तुरंत सूचना पहुंचा दी जाती है और वाहन मौके से हटा दिए जाते हैं हाईवे के किनारे पिछले 15 दिनों से अवैध खनन कर प्लॉट का पटान किया जा रहा है।जबकि थाना महज 1 किलोमीटर दूर है। वहीं पूरनपुर थाने से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर 6 एकड़ का प्लॉट का शाम ढलते ही पटान किया जा रहा है बीते एक माह से रात में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां डंपर मिट्टी डाल रही हैं नगर से मात्र 500 मीटर दूर पिछले दो माह से बड़े स्तर पर पटान जारी है, जहां हजारों घन मीटर मिट्टी डाली जा चुकी है इन स्थानों पर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।पुलिस द्वारा रात में गश्त बढ़ाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है मुख्य सड़कों और चौराहों से मिट्टी से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां खुलेआम गुजरती हैं, फिर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण और कृषि भूमि पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। उपजाऊ जमीन की ऊपरी परत हटने से भूमि बंजर होने का खतरा बढ़ रहा है, वहीं अनियंत्रित खनन से जलस्तर और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो रहा है पूरनपुर में अवैध खनन का यह मामला प्रशासनिक सख्ती की मांग करता है यदि समय रहते ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो यह संगठित अवैध कारोबार और अधिक मजबूत हो सकता है जरूरत है कि जिम्मेदार विभाग समन्वय बनाकर प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि कानून का राज कायम हो सके और क्षेत्र में हो रहे पर्यावरणीय नुकसान को रोका जा सके हैं।

# पूरनपुर में स्कूल गेट पर छात्र से मारपीट, बाहरी युवकों पर मुकदमा दर्ज—अभिभावकों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर कस्बे में एक छात्र के साथ स्कूल गेट के बाहर मारपीट का मामला सामने आया है मामूली कहासुनी के बाद बाहरी युवकों द्वारा छात्र के साथ की गई मारपीट से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कायस्थान निवासी अनुराग पाण्डेय ने थाना पूरनपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा पाण्डेय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है 30 अप्रैल 2026 को विद्यालय में प्रार्थना के दौरान अनजाने में कृष्णा से हनी नामक छात्र को धक्का लग गया था, जिसे लेकर दोनों के बीच हल्की कहासुनी हो गई बताया गया कि दोपहर करीब 12:30 बजे जब विद्यालय की छुट्टी हुई, तो स्कूल गेट के बाहर कृष्णा और हनी आपस में बातचीत कर रहे थे इसी दौरान प्रिंस पुत्र कुलवीर और संजीव पुत्र पप्पू), निवासी मोहल्ला लाइनपार साहूकारा, जो कि विद्यालय के छात्र नहीं हैं।लेकिन अक्सर स्कूल के आसपास मंडराते रहते हैं, वहां पहुंच गए आरोप है कि दोनों युवकों ने कृष्णा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट करने लगे इस दौरान आरोपियों ने छात्र की गर्दन दबा दी, जिससे उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी परिजनों के अनुसार घटना के बाद से छात्र की हालत ठीक नहीं है और उसे खाने-पीने में भी परेशानी हो रही है पीड़ित छात्र ने घटना की जानकारी शाम को अपने पिता को दी, जिसके बाद अगले दिन अभिभावक थाने पहुंचे और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थाना पूरनपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस ने दोनो ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है घटना के बाद अभिभावकों में काफी रोष है उनका कहना है।कि स्कूलों के बाहर छुट्टी के समय बाहरी युवकों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे छात्रों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी स्कूलों के गेट पर छुट्टी के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और बाहरी व असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित माहौल में विद्यालय आ-जा सकें पूरनपुर की यह घटना स्कूलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और छात्रों में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे हैं।

# ब्लाक प्रमुख और तहसीलदार ने पीड़ित परिवार को सौंपी चार लाख रुपये की चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र में बुधवार को आये आंधी-तूफान के कारण हुई जनहानि के मामले में तहसील प्रशासन ने तत्परता दिखाई है। शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख ने तहसीलदार के साथ मृतक के घर पर पहुंचकर परिजनों को चार लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की है।जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुये प्रभावित परिवारों को राहत उपलब्ध कराई जा रही है।विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत महिया सिंदुरिया के माठागांव में आकाशीय बिजली गिरने के कारण मोहित पुत्र गिरजा शंकर की मौत हो गई थी।इस घटना की जानकारी मिलते ही तहसील प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुये पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया में जुट गया और शुक्रवार को सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने तहसीलदार अभिषेक यादव के साथ मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि पीड़ित परिवार को प्रदेश सरकार द्वारा दैवीय आपदा कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और आगे भी पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद की जायेगी। तहसीलदार अभिषेक यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा प्रारम्भ में पोस्टमार्टम न कराये जाने तथा बाद में सहमति देने में विलंब के कारण प्रक्रिया में देर हुई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई देर शाम लगभग पांच बजे तक चली जिसके उपरांत तत्काल भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय एवं कोषागार विभाग देर रात्रि तक खुले रहे ताकि सहायता राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रभावितों को चौबीस घण्टे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है जिसके तहत नियमानुसार पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान कर दी गई है। इस मौके पर लेखपाल मानस शुक्ला, शिवम तिवारी, संजीत विश्वकर्मा, मोहम्मद इलियास सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर के विकास को मिली रफ्तार, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता व विधायक बाबूराम पासवान ने मंत्री ए.के. शर्मा से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सर्वांगीण विकास को लेकर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता एवं विधायक ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात कर विभिन्न जनहितकारी प्रस्ताव सौंपे इस दौरान पूरनपुर नगर के विस्तार, आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में नगर पालिका परिषद पूरनपुर की सीमा विस्तार का मुद्दा प्रमुख रहा उन्होंने मांग की कि नगर से सटे ग्राम खमरिया पट्टी, चांटफिरोजपुर, पंकज कॉलोनी, अशोक कॉलोनी, सरबनपुरी कॉलोनी एवं नरायनपुर जैसे क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल किया जाए, ताकि वहां के निवासियों को भी शहरी सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके साथ ही पूरनपुर नगर पालिका को ॢआदर्श नगर पालिकाॣ के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया इसमें स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, डिजिटल सेवाएं, हरित विकास, सड़क-नाली व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं जनसुनवाई प्रणाली को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया विधायक ने नगर में जलभराव की समस्या को गंभीर बताते हुए सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अंतर्गत 500 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करने की मांग की इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत भी 500 लाख रुपये की धनराशि सड़क, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए जारी करने का अनुरोध किया गया धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के तहत ॢवंदन योजनाॣ में पूरनपुर के प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी रखा गया इसमें गणेशगंज स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर, बमनपुरी का ठाकुर जी मंदिर एवं चांटफिरोजपुर का श्री श्याम मंदिर शामिल हैं, जिनके लिए कुल 450 लाख रुपये की मांग की गई विधायक ने कहा कि पूरनपुर नगर तेजी से विकसित हो रहा है, ऐसे में आवश्यक है कि यहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए उन्होंने विश्वास जताया कि मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा इन प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी इस मुलाकात को पूरनपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में नगर की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# आंधी-तूफान से 7 लोगों की मौत, डीएम के निर्देश पर आश्रितों को 4-4 लाख की सहायता वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जिले में बुधवार को आए आंधी-तूफान में सात लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर सभी मृतकों के आश्रितों को राज्य आपदा मोचक निधि से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई है। मृतकों में कुड़वार थानाक्षेत्र के पूरे शिववंश दुबे निवासी 20 वर्षीय महेंद्र तिवारी भी शामिल हैं। बिजली का खंभा गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। महेंद्र अपनी बहन की शादी के लिए दस दिन पहले ही परदेस से घर लौटे थे। 7 मई को उनकी बहन की बारात आनी थी। बल्दीराय थानाक्षेत्र में दो लोगों की जान गई। कस्बा माफियात में सुरेश कुमार सोनकर की आठ वर्षीय बेटी महिमा की मौत छप्पर के मकान पर ईंट गिरने से हुई। वह कक्षा 3 की छात्रा थी। इसी थाना क्षेत्र के सिंघनी गांव में 58 वर्षीय रामबरन पुत्र शिवदास के घर पर तेज आंधी के कारण पेड़ गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी श्यामलली गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे निधई तिवारी मजरे डोभियारा में 35 वर्षीय रीता पत्नी बम बहादुर की मौत कच्ची दीवार और छप्पर गिरने से हुई। रीता अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गई हैं।अखंडनगर थाना क्षेत्र के बरामदपुर गांव में आठ वर्षीय सुरेमन पुत्र विजय बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे में विकास (16) और किशन (11) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अम्बेडकरनगर भेजा गया था।बंधुआकला के अलीगंज दाऊदपुर में घर के पास जामुन का पेड़ गिरने से 40 वर्षीय सुषमा गुप्ता पत्नी अरविन्द गुप्ता की मौत हो गई थी।

## सम्पादकीय

# खाड़ी देशों में फूट

प. एशिया में चल रहे तनाव के कारण जो ऊर्ज़ा संकट कायम हुआ है, उसमें पहले ही दुनिया की सांसें अटकी हुई हैं और इस बीच संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह 1 मई से ओपेक यानी ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज और उसके व्यापक ओपेक़समूह से अलग हो जाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि ओपेक मुख्य रूप से खाड़ी के तेल निर्यात करने वाले देशों का संगठन है, जिसने कई दशकों तक उत्पादन घटा-बढ़ाकर और कोटा तय करके वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को नियंत्रित किया है। ओपेक की स्थापना 1960 में पांच देशों ईरान, इराकघ्, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला ने मिलकर की थी, ताकि उत्पादन का तालमेल बैठाकर तेल निर्यातकों के हितों की रक्षा की जा सके और सदस्यों के लिए स्थिर आय सुनिश्चित हो। लेकिन वक्त के साथ इसके सदस्य देश बढ़े और अब ओपेक प्लस में ऐसे देश भी शामिल हैं जो ओपेक के सदस्य नहीं हैं। यूएई का ओपेक छोड़ने का यह फैघ्सला लगभग 59 साल बाद आया है और इसे सऊदी अरब के नेतृत्व वाले तेल कार्टेल ओपेक के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। यूएई के ऊर्ज़ा मंत्रालय ने कहा, श्यह फैसला हमारे देश की लंबी अवधि की रणनीतिक और आर्थिक नजरिए को लेकर है। हम अब अपनी ऊर्ज़ा क्षमता को और बढ़ा रहे हैं और घरेलू ऊर्ज़ा उत्पादन में तेजी से निवेश कर रहे हैं। हम वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार में जिम्मेदार, भरोसेमंद और भविष्य की ओर देखने वाली भूमिका निभाते रहेंगे।य यूएई ने यह भी कहा कि बाहर निकलने के बाद भी वह जिम्मेदारी से काम करेगा और बाजार की मांग के अनुसार धीरे-धीरे अतिरिक्त तेल उत्पादन बढ़ाएगा। दरअसल, यूएई ने अपनी तेल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है। लेकिन, वह ओपेक के लगाए गए उत्पादन में कटौती के प्रतिबंध के कारण अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहा है। इससे उसकी राजस्व क्षमता घट रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, यूएई लगभग 2.9 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन करता है। जबकि उसकी वर्तमान क्षमता 4.85 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक है। अब उसका लक्ष्य 2027 तक 5 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंचने का है। ऐसे में ओपेक से बाहर निकलने के बाद, यूएई अब बिना किसी कोटा प्रतिबंध के अपनी इस पूरी क्षमता से तेल उत्पादन कर सकेगा। ऊपरी तौर पर यही समझ आ रहा है कि यूएई लंबे समय से ओपेक के उत्पादन प्रतिबंधों से परेशान था, इसलिए उसने संगठन छोड़ने का फैसला किया। हालांकि इस फैसले के पीछे सऊदी अरब के साथ बढ़ते विवाद प्रमुख कारण लग रहे हैं। यूएई और सऊदी अरब, ये दोनों देश कई मोर्चों पर आमने-सामने हैं। ओपेक पर सऊदी अरब का वर्चस्व है। सऊदी अरब ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए ओपेक देशों से उत्पादन कम करने की नीति को मंजूरी दिला दी। यूएई ने पाक-सऊदी अरब गठबंधन के खिलाफ अपना विरोध खुलकर दिखा दिया है। यूएई इसलिए नाराज है कि हालिया संघर्ष में ईरान ने यूएई पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। यूएई के मुताबिक, उसके एयर डिफेंस ने सैकड़ों मिसाइलें और हजारों ड्रोन रोकें। लेकिन जीसीसी यानी खाड़ी सहयोग परिषद के दूसरे देशों से खास समर्थन नहीं मिला। यूएई ने पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ सख्त रुख अपनाने को कहा, लेकिन पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इससे यूएई नाराज हो गया। यूएई ने जब पाकिस्तान से साढ़े तीन अरब डॉलर का कर्ज समय से पहले वापस मांगा तो उधर सऊदी अरब ने पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर का कर्ज दिया और और 5 अरब डॉलर की मदद का वादा किया। इसके अलावा सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने रक्षा समझौता किया, जिसमें पाकिस्तान सऊदी की सुरक्षा में मदद कर सकता है। पाकिस्तान के पास इस्लामी देशों में एकमात्र परमाणु हथियार हैं।

# श्रम के सम्मान से पूरा होगा विकसित भारत का स्वप्न

**समय के साथ इसके सामाजिक-राजनैतिक निहितार्थ जटिल होते गए हैं जिसका परिणाम आरक्षण नीति और उसे लागू करने में दिखते हैं। उनको निम्न स्तर के काम सौंप कर और फिर उस काम को 'हीन' कह कर उनसे दूरी बनाई गई। पीढ़ी-दर-पीढ़ी पीछे धकेले जाते रहने से जीवन शैली, विश्वास और परम्पराओं का भी भिन्न रूप बनता गया। एक ही समाज के अंग होने पर भी प्रभुत्व पर टिका सामाजिक स्तरीकरण 'अन्नदाता' (प्रभु) और 'सेवक' (आश्रित) की कोटियों को लेकर जाति-भेद की जड़ों को मज़बूत करता रहा। मानव अधिकार की पात्रता भी इसी से जुड़ गई। कर्म और कर्तव्य के नैसर्गिक आदर्श को भुलाते हुए श्रम का आशय बदलता रहा है। बहुतों की नज़र में काम न करना या कम काम करना या दूसरों (अधीनस्थ लोगों) द्वारा काम कराना इज्जत से जुड़ गया। 'काम करना' हेय दृष्टि से देखा जाने लगा। काम करने वाले के ऊपर ज़ुल्म ढाना एक स्वीकृत रिवाज हो गया। समाज के अंतिम जन को लेकर अस्पृश्य और अंत्यज की कोटियाँ बना दी गई। तथ्य यह भी है कि अन्यान्य कारणों से सामाजिक वर्ग भेद किसी न किसी रूप में हर समाज में मिलता है पर भारतीय परिस्थितियों में श्रम का सामाजिक ताना-बना ज़्यादा उलझता गया। सामाजिक सुधारों और क़ानूनी पहल से जातिगत भेदभाव से निजात पाने की कोशिश होती रही। इस बीच काम के तरीक़े और प्रकार भी बदले।**

श्रम और उत्पादकता के मध्य अनिवार्य रिश्ते के चलते श्रम पर वर्चस्व स्थापित करने और अपने हित में करने की जद्दोजहद लम्बे समय से चलती चली आ रही है। दास, दस्यु, भृत्य, बेगार और मज़दूर के रूप में समाज के कुछ हिस्से पीढ़ी-दर-पीढ़ी वंचित और उपेक्षित बने रहे। श्रमिक की स्थिति जाति की औक़ात से जुड़ गई। उनकी आर्थिक विपन्नता और निम्न सामाजिक स्थिति जगज़ाहिर है। उनका शोषण सदियों से होता चला आ रहा है। उनके साथ भेदभाव और पूर्वाग्रह का प्रमुख आधार अस्पृश्यता है जो सामाजिक दूरी को सुदृढ़ करती है। समय के साथ इसके सामाजिक-राजनैतिक निहितार्थ जटिल होते गए हैं जिसका परिणाम आरक्षण नीति और उसे लागू करने में दिखते हैं। उनको निम्न स्तर के काम सौंप कर और फिर उस काम को 'हीन' कह कर उनसे दूरी बनाई गई। पीढ़ी-दर-पीढ़ी पीछे धकेले जाते रहने से जीवन शैली, विश्वास और परम्पराओं का भी भिन्न रूप बनता गया। एक ही समाज के अंग होने पर भी प्रभुत्व पर टिका सामाजिक स्तरीकरण 'अन्नदाता' (प्रभु) और 'सेवक' (आश्रित) की कोटियों को लेकर जाति-भेद की जड़ों को मज़बूत करता रहा। मानव अधिकार की पात्रता भी इसी से जुड़ गई। कर्म और कर्तव्य के नैसर्गिक आदर्श को भुलाते हुए श्रम का आशय बदलता रहा है। बहुतों की नज़र में काम न करना या कम काम करना या दूसरों (अधीनस्थ लोगों) द्वारा काम कराना इज्जत से जुड़ गया। 'काम करना' हेय दृष्टि से देखा जाने लगा। काम करने वाले के ऊपर ज़ुल्म ढाना एक स्वीकृत रिवाज हो गया। समाज के अंतिम जन को लेकर अस्पृश्य और अंत्यज की कोटियाँ बना दी गई। तथ्य यह भी है कि अन्यान्य कारणों से सामाजिक वर्ग भेद किसी न किसी रूप में हर समाज में मिलता है पर भारतीय परिस्थितियों में श्रम का सामाजिक ताना-बना ज़्यादा उलझता गया। सामाजिक सुधारों और क़ानूनी पहल से जातिगत भेदभाव से निजात पाने की कोशिश होती रही। इस बीच काम के तरीक़े और प्रकार भी बदले। कामकाज की दुनिया में प्रवेश को विशिष्टता, प्रशिक्षण और निपुणता की दृष्टि से अनेक श्रेणियों में रखने की शुरुआत हुई। आज सफ़ेदपोश और उच्च नौकरियों में बहुत थोड़े से लोग हैं दूसरी ओर असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों का बाहुल्य है। अनुमान है कि आज भी बंधुआ मज़दूर जिनको काम के बदले पारिश्रमिक नहीं मिल रहा, बड़ी भारी संख्या में हैं। वे क़र्ज़ में हैं और इनमें महिलाएँ बड़ी संख्या में हैं। आज भारत में अनुमानतः कुल श्रमिकों में से लगभग 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र से आते हैं। उनके लिए न्यूनतम वेतन की सुरक्षा दे पाना आज भी बड़ी चुनौती है। उदाहरणार्थ कृषि कर्मियों को भी समुचित पारिश्रमिक नहीं मिलता। ऐसे ही फ़ैक्ट्री या खदान के दमघोंटू ख़राब वातावरण में काम की अस्वास्थ्यकर दशाओं को सुधारना असंभव ही लगता है। सीवर में नीचे पैठ जाने कितने श्रमिक प्रतिवर्ष जान से हाथ धो बैठते हैं। बड़े पैमाने पर होने वाली घटनाएँ भी प्रभावित करती हैं। उदाहरणार्थ कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन हुआ। उसके चलते विस्थापन और नौकरी गँवाने की बड़ी घटनाएँ हुई। इनका सीधा असर गरीब जनता और दिहाड़ी मज़दूरों पर पड़ा। यह याद रखना होगा कि श्रम उत्पादन की शक्ति है जो ऐसे कार्य को द्योतित करती है जो लोग वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए करते हैं। श्रम में सभी मानवीय गतिविधियाँ (शारीरिक और मानसिक प्रयास) सम्मिलित होती हैं जो किसी उत्पाद या सेवा को समृद्ध कर मूल्यवान बनाती हैं। श्रमिक या मज़दूर समाज के ऐसे विशिष्ट समूह कहे जा सकते हैं जो इसमें संलग्न होते हैं। इस सोच में श्रम भी विक्रय की वस्तु (कमोडिटी) हो गया और श्रम की ख़रीद-फ़रोख़्त हो रही है। श्रम या कार्य-बल (लेबर फ़ोर्स) उत्पादन का एक सक्रिय और अनिवार्य साधन है। श्रम काम का माप होता है और इसमें वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में किया जाने वाला सभी प्रकार का कार्य शामिल होता है। श्रम उत्पादन में भूमि और पूँजी की तरह ही एक कारक है जो आर्थिक विकास को निर्धारित करता है। यह श्रम कितने शिक्षण और प्रशिक्षण की अपेक्षा करता है इसे ध्यान में रख कर बहुधा कुशल (जिसके लिए उच्च स्तर का प्रशिक्षण अपेक्षितहोता है ), अकुशल (प्रशिक्षणरहित ), अर्ध कुशल ( कुशल और अकुशल के बीच) और पेशेवर (उच्चतम शिक्षा और प्रशिक्षण अपेक्षित) इन चार श्रेणियों में विभाजित किया जाता है। श्रमिक को वेतन या किसी दूसरे क़िस्म का मुआवज़ा देकर उसकी श्रम सेवाएँ श्रम के बाज़ार से ख़रीदी जाती हैं। आज भारतीय जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा युवा है जो उत्पादकता का सक्षम माध्यम हो सकता है बशर्ते उसे सुशिक्षित और कौशलयुक्त बना कर प्रशिक्षण से निपुण की कोटि में लाया जाय। विभिन्न प्रकार के उद्योगों और व्यवसायों का मूल आधार श्रम ही है। श्रमिक नौकरियों के लिए और नियोक्ता श्रमिकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। श्रम-सेवाओं की माँग और आपूर्ति किसी भी समय काम की मात्रा, उपलब्ध श्रमिकों की संख्या, श्रमिकों द्वारा मज़दूरी का स्वीकार्य स्तर को देखते हुए घटती-बढ़ती है। श्रम के लिए अनेक क़ानून बनाए गए हैं जो न्यूनतम मज़दूरी और उनके हितों की रक्षा के लिए हैं। इसकी देखरेख के लिए श्रम मंत्रालय और उसके अधीन व्यवस्थाएँ बनी हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) वैश्विक स्तर पर श्रम से जुड़े नीतिगत प्रश्नों के समाधान के लिए उद्यत रहता है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति के लिए साल 2020 में क़ानून बना था जो श्रमिक, रोज़गार देने वालों और ट्रेड यूनियन के बीच का रिश्ता निर्धारित करता है। काम के घंटे, उपस्थिति, शर्तें, छुट्टी, अधिकार और देनदारी (बीमारी और दुर्घटना आदि) को ध्यान में रख सुरक्षा हेतु व्यवस्थाएँ दी गई हैं। साल 2022 में जारी न्यूनतम वेतन अधिसूचना के अनुसार अर्धकुशल श्रमिक का वेतन 10,687 रुपये और कुशल श्रमिक का वेतन 11, 584 रुपये तय हुआ था। साल 2023 में दिहाड़ी मज़दूर का पारिश्रमिक 385 रूपये प्रतिदिन निश्चित हुआ था । निर्माण से जुड़े उद्योग श्रम-प्रधान होते हैं जिनमें हाथ और औंजारों का उपयोग मुख्य होता है। सेवा-उद्योग भी होते हैं जो मुख्यतः आतिथ्य और निजी देख-भाल से जुड़े होते हैं। भारत में अब श्रमिकों को न्यूनतम मज़दूरी का अधिकार मिल गया है। अनुमान है कि संगठित और असंगठित श्रमिक की जनसंख्या पचास करोड़ से ज़्यादा हैं। बाल श्रम और बंधुआ मज़दूरी का उन्मूलन अभी भी शेष है। जीवन में तकनीकी की बढ़ती घुसपैठ के चलते मनुष्य के श्रम के स्वरूप में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। जीवन के विभिन्न कार्यों के तरीक़े बदल रहे हैं। ज़्यादा दिन नहीं हुए कोरोना ने दृश्य ही बदल दिया था जब रिमोट वर्किंग का दौर शुरू हुआ और नए ढाँचे में काम धाम शुरू हुआ । आज बौद्धिक श्रम करने वाले 'बुद्धिजीवी' और शारीरिक श्रम करने वाले को 'श्रमजीवी' कहने का चलन है। दो कोटियाँ बना कर एक अस्तित्व के दोनों पक्षों की परस्परपूरकता को खंडित कर दिया गया। बुद्धिजीवी और श्रमजीवी कह कर मन और शरीर का जो द्वैत शुरू हुआ वह भ्रामक होते हुए व्यावहारिक रूप से लागू है। शारीरिक श्रम की स्थिति में जहां श्रम प्रत्यक्ष होता है उसका मूल्य कम आंका जाता है। दूसरी ओर मानसिक श्रम की क़ीमत की कोई सीमा ही नहीं है। भारतीय संविधान की दृष्टि में सभी श्रमिक एक समान हैं और किसी के विरुद्ध लैंगिक और जातिगत भेदभाव नहीं होना चाहिए। रोज़गार के लिए समान अवसर सबका अधिकार है। जबरन श्रम कराना निषिद्ध है और बाल श्रम पर रोक लगाई गई है। काम करने का अधिकार सक्रिय है और राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम भी लागू है। अभी भी देश में लाखों लोग बेरोज़गार हैं और निम्न गुणवत्ता की नौकरियों में फँसे हुए हैं। देश के विकास को गति देने के लिए ज़रूरी है कि कार्यबल में शामिल होने के लिए नए प्रवेशकों को अवसर दिए जाय। श्रम का आदर और सम्मान देने की संस्कृति अपनाकर ही विकसित भारत का स्वप्न पूरा हो सकेगा। **-गिरीश्वर मिश्र**

# गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रभावशाली जीत

**मृत्युंजय दीक्षित**

**वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश की अयोध्या और गुजरात की एक सीट पर भाजपा को हराने में सफलता प्राप्त की तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने की बात कहकर कई बार गुजरात का दौरा किया था।**

गुजरात नगर निगम, पंचायत तथा पालिका चुनावों के नतीजों ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात में भारतीय जनता पार्टी का दबदबा कायम रहने का संकेत दे दिया है। भाजपा ने अहमदाबाद, सूरत, बडोदरा, राजकोट समेत सभी 15 नगर निगमों व 34 जिला पंचायत में अपना नियंत्रण बरकरार रखा। जिला पंचायत, नगर पालिका व तहसील पंचायत में 90 प्रतिशत से भी अधिक सीटों पर कमल खिला है। भाजपा ने मोरबी व पोरबंदर मनपा में क्लीन स्वीप किया है। अहमदाबाद में एआईएमआईएम का भी सफाया हो गया और आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अभी नए बने नगर निगम नवसारी, गांधीधाम, मोरबी, वापी, आनंद, नडियाद, मेहसाणा, पोरबंदर और सुरेंद्रनगर में भाजपा का कमल खिला। गुजरात में भाजपा की यह जीत इसलिए बड़ी है क्योंकि इस बार प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हुए। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा की जोड़ी का यह पहला चुनाव था। चुनाव परिणामों से भाजपा नेतृत्व को काफी राहत मिली है। इसका एक कारण नयी पीढ़ी का धीरे-धीरे सक्षम होना और स्थानीय चुनावों का नेतृत्व करने का सामर्थ्य जुटा लेना भी है। यदि दूसरी पंक्ति का नेतृत्व चुनावी रणनीति में निपुण होगा तो पार्टी के लिए यह निश्चय ही आश्वस्ति का विषय है। विगत वर्षों से गुजरात में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने सक्रियता दिखाई और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि ये दोनों दल भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने में कुछ हद तक सफल हो रहे हैं किंतु गुजरात की जनता ने एक बार फिर लिख कर दे दिया है कि वहां अभी भाजपा का गढ़ हिलाने के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों को बहुत पसीना बहाना होगा। सूरत नगर निगम में आम आदमी पार्टी जैसे दलों का सफाया हो जाना इस बात का प्रमाण है कि वहां अब भी हिन्दुत्व की विचारधारा की जड़ें मजबूत हैं। गुजरात में आम आदमी पार्टी की हालत खस्ता होने के पीछे एक बड़ा कारण उसके सात राज्यसभा सदस्यों का भाजपा में शामिल होना भी रहा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश की अयोध्या और गुजरात की एक सीट पर भाजपा को हराने में सफलता प्राप्त की तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने की बात कहकर कई बार गुजरात का दौरा किया था। राहुल सपा सांसद अवधेश प्रसाद को भी गुजरात लेकर गए और अहंकारपूर्ण शब्दों में कहा कि हमने भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी के हिंदुत्व की विचारधारा को उनके मुख्य केंद्र में पटखनी दी है, अब गुजरात की बारी है। गुजरात में मिली इस सफलता पर भाजपा के राज्य नेताओं ने कहा कि यह विकास की राजनीति की जीत है। गुजरात की छवि को खराब करने वाले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को अपना बोरिया-बिस्तर समेट लेना चाहिए। इन पारिणामों ने साफ कर दिया है कि गुजरात में भाजपा की पकड़ शहरों से लेकर गांवों तक बनी हुई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों राज्य में नैरेटिव की लड़ाई भाजपा से हार गयीं। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि भाजपा सतर्क रही तो राज्य में वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव आसानी से निकल लेगी।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। ठीक करें घाव- नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। रूसी को कहें बाय-बायः अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। आंखों में जलनः अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कानों के लिए लाभदायक : कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। त्वचा विकारः नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। बूस्ट करें इम्यूनिटीः कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कोडुंगल्लूर देवी मंदिरः अदभुत है मंदिर की मान्यता और इसका इतिहास

कोडुंगल्लूर देवी मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है, जो कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में स्थापित है। वैसे तो दक्षिण भारत मे बहुत से मंदिर है परंतु यह मंदिर सब मंदिरों में सबसे अद्‌भुत है। कोडुंगल्लूर देवी मंदिर को ''श्री कुरम्बा भगवती मंदिर'' के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में माँ भद्रकाली उपस्थित है, उनकी काली रूप में पूजा की जाती है। यहां आने वाले लोग देवी को कुरम्बा या कोडुंगल्लूर अम्मा के नाम से बुलाते है। केरल के मंदिर में माँ काली के रुद्र रूप की पूजा अर्चना की जाती है यह मंदिर मालाबार के 64 भद्रकाली मंदिरों में से प्रमुख है माँ काली ने अपने प्रचण्ड रूप में आठों हाथों में कुछ न कुछ पकड़ रखा है जैसेः- एक हाथ मे राक्षस राजा दारूका का सिर पकड़ा हुआ है, एक हाथ मे घंटी, एक हाथ मे तलवार और एक हाथ मे अंगूठी। मंदिर में दोपहर 3 बजे से लेकर रात 10 बजे तक पूजा होती है। यहां के लोगो का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव की आराधना की जाती थी और परशुराम जी ने मंदिर के निकट ही माँ काली की प्रतिमा लगाई थी। कोडुंगल्लूर कभी चेरा साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था, जो एक महत्वपूर्ण नगर कहलाता था। इस मंदिर को चेरमान पेरुमल ने बनवाया। यह मंदिर केरल के मध्य में स्थित है। इस मंदिर में उपस्थित माँ भद्रकाली को यहां के लोग 'मलयाला भगवती' बुलाते है। इस मंदिर में प्राचीनतम तरह से ही देवी के निर्देशानुसार पूजा की जाती है। यहं पांच 'श्री चक्र' शंकराचार्य ने स्थापित किए, जिन्हें देवी की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना जाता है।

## पर्यटन




# बच्चों को ज़रूर कराएं देश के खूबसूरत गांवों की सैर

शहर की भीड़-भाड़ और व्यस्तता के बीच जब कभी समय मिले और खासतौर पर बच्चों कि छुट्टियां हो तो उन्हें किसी फ़ेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ले जाने की बजाय देश के कुछ खूबसूरत गांवों की सैर करवाइए। यहां न सिर्फ मन को सुकून मिलेगा, बल्कि यहां कि कुदरती खूबसूरती और शांत वातावरण आपके पूरे परिवार की थकान और तनाव दूर कर देगा। स्मित, मेघालय- मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्मित गांव बेहद सुंदर है और छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट जगह है। पहाड़ों पर बसा यह गांव कुदरती खूबसूरती से सराबोर है। यहां की शुद्ध ताजी हवा आपको नई ऊर्ज़ा से भर देगी और बच्चों को भी गांव की सैर में बहुत मज़ा आएगा। शहर की भीड़ से दूर यहां का शांत वातावरण और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यह गांव बेहद साफ सुथरा भी है। मावलिनॉन्ग, मेघालय- मेघालय का ही एक और गांव है मावलिनॉन्ग जिसे एशिया के सबसे साफ गांव का दर्ज़ा मिला हुआ है। स्मित की तरह ही यह गांव भी प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग से करीब 90 हजार की दूरी पर स्थित यह गांव साफ-सुथरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। यहां पर एशिया का फ़ेमस रूट ब्रिज भी है जिसकी सैर यकीनने आपको और बच्चों को रोमांच से भर देगी। जहां तक साफ-सफाई का सवाल है तो गांव वालों ने खुद अपने बल पर गांव को एकदम साफ-सुथरा रखा है। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है। यहां आपको अन्नानास के पेड़ भी दिखेंगे। याना, कर्नाटक- कर्नाटक का यह गांव भले ही बहुत फ़ेमस न हो, लेकिन सुकून की तलाश करने वालों के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित यह गांव तीर्थयात्रियों के साथ ही, नेचर लवर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए भी बेस्ट डेस्टिनेशन हैं। यहां कई मंदिर, गुफाएं और खूबसूरत झरने आपकी यात्रा को यादगार बना देंगे।

# बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर श्री कोटवाधाम में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर श्री कोटवाधाम में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब गोंडा,बहराइच,सीतापुर, अयोध्या सहित कई जनपदों से पहुंचे श्रद्धालु लाइन में लगकर बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब को प्रसाद चढाया कर मांगी मनोकामनाएं ।शुक्रवार की दोपहर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह में कोटवाधाम मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर में दर्शन किए और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और बदोसराय कोतवाल राम अवतार सरोज सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मेले से संबंधित जानकारी ली और कोटवा धाम के लिए स्वीकृत डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्थिति जानी।बड़ी गद्दी के महंत निलेन्द्र बख्श दास ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। उन्होंने जिलाधिकारी को बड़े बाबा जगजीवनदास साहेब की तस्वीर और शॉल भेंट की तथा फूल माला पहनाई। जिलाधिकारी ने महंत निलेन्द्र बख्श दास से भी चर्चा की।पत्रकारों से बात करते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि कोटवा धाम मेले का भ्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई तैयारियां संतोषजनक हैं और मेला सुचारू रूप से चल रहा है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है और सभी को आसानी से दर्शन करवाए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि कोटवा धाम में विकास कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर और अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर काम शुरू करवाए जाएंगे। उन्होंने सुरक्षा, सफाई, पेयजल, प्रकाश और पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकास विभाग ,विद्युत विभाग, पशु विभाग,सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौशालाओं में भूसा दान करवाने का अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की गौशालाओं में भूसा दान करवाने का अभियान तेज हो गया है। राजस्व कर्मचारी गांव जाकर किसानों से संपर्क कर दानदाताओं को प्रेरित कर रहे हैं। प्रशासन के प्रयासों और समाजसेवियों के सहयोग से सभी गौशालाओं में भूसे का स्टॉक हो रहा है।शुक्रवार सुबह उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने स्वयं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा औलिया लालपुर गौशाला पहुंचाया।उपजिलाधिकारी सरोज ने बताया कि गौशालाओं में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। भूसा, पानी और चारे की व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी लेखपालों को इसकी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।'गो सेवा-पुण्य संचय' अभियान के तहत 50-50 क्विंटल भूसा दान करने वाले तीन समाजसेवियों को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।इनमें थानाडीह निवासी पुष्पेन्द्र शुक्ला अंशू, कोटवाधाम के महंत नीलेन्द्र बख्श दास और सीतादेवी पीजी कॉलेज, पारिजात धाम बरौलिया शामिल हैं।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र में कहा गया कि यह योगदान केवल दान नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और करुणा का संकल्प है। पत्र में 'गो सेवा का प्रत्येक संकल्प, पुण्य का अक्षय संचय है' वाक्य भी अंकित है।तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में गौवंशों के लिए चारे की कमी न हो, इसलिए भूसा स्टॉक करवाया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे 'गो सेवा-पुण्य संचय' अभियान से जुड़कर गौशालाओं में भूसा, हरा चारा दान करें।

# राष्ट्रीय स्तर पर गूंजेगी विधि प्रतिभा की आवाज

**सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज में 02S03 मई को तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का भव्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकरनगर । जनपद के अकबरपुर स्थित सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर विधिक उत्कृष्टता का साक्षी बनने जा रहा है। दिनांक 02 एवं 03 मई 2026 को यहां ल्प्रो. डॉ. शिव सहाय सिंह तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिताङ्क का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपनी विधिक दक्षता, तर्कशक्ति एवं न्यायिक समझ का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 02 मई 2026 को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगा। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सी. डी. सिंह की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम को गौरवान्वित करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) उषा टंडन शिरकत करेंगी। इसके अतिरिक्त विशेष अतिथियों में कुलदीप पति त्रिपाठी, डॉ. के. एस. भाटी तथा प्रो. (डॉ.) अजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। यह प्रतियोगिता विधि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, प्रभावी वाद-विवाद कौशल, न्यायिक प्रक्रिया की गहन समझ एवं पेशेवर दक्षता विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। प्रतिभागी टीमें एक काल्पनिक वाद पर आधारित न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतर्गत अपने तर्क प्रस्तुत करेंगी, जिनका मूल्यांकन अनुभवी न्यायाधीशों एवं विधि विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल अपनी विधिक प्रतिभा को निखारने का अवसर है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. बिजेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में डॉ. धर्मेन्द्र सिंह सेंगर एवं प्रो. सुशील सिंह अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। समापन समारोह में प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। अंत में, कॉलेज प्रशासन द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से इस प्रतिष्ठित आयोजन में सहभागिता हेतु सादर आमंत्रण किया गया है ।

# महर्षि पाराशर गुरुकुलम, भूमि पूजन एवं शिलान्यास सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। मल्लापुर, महादेवा में महर्षि पाराशर ज्योतिष संस्थान न्यास द्वारा संचालित महर्षि पाराशर गुरुकुलम के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. राकेश पाण्डेय जी के नेतृत्व में वैदिक वटुकों द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरुकुलम का उद्देश्य सनातन परम्परा को सुदृढ़ करना, वैदिक पद्धति के साथ आधुनिक शिक्षा का समन्वय स्थापित करना तथा गुरु-शिष्य परम्परा के माध्यम से वैदिक ज्ञान का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, जिससे समाज के सर्वांगीण विकास और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक ज्योतिषाचार्य पं. अयोध्या पाण्डेय जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में राम बाबू द्विवेदी (प्रदेश महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा), अशोक शुक्ला (पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भाजपा), अमित कुमार सिंह (मण्डल अध्यक्ष, महादेवा) सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

इसके अतिरिक्त संस्था की अध्यक्षा प्रिया पाण्डेय, तारकेश्वर पाण्डेय, विभा, पुत्तू सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर, पप्पू सिंह, जिला पंचायत पूर्व अवध राम यादव सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# जिला अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के रामसनेहीघाट क्षेत्र के औचक निरीक्षण





कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। शुक्रवार को जिला अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के रामसनेहीघाट क्षेत्र के औचक निरीक्षण से तहसील प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। डीएम ने सनौली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कंधईपुर गौशाला, औद्योगिक क्षेत्र और सनौली में निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कस्तूरबा विद्यालय में साफ-सफाई,परिसर में पौधरोपण,खड़ंजा लगवाने और बाउंड्री वॉल बनवाने के निर्देश दिए।इसी क्रम में उन्होंने गौशाला परिसर में साफ-सफाई,पशुओं के रखरखाव, चारे-पानी की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कंधईपुर गौशाला औद्योगिक क्षेत्र में आ जाने के कारण डीएम ने उसे 15 दिन के भीतर सनौली की निर्माणाधीन गौशाला में शिफ्ट करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश की देखभाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम के औचक दौरे से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा।मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह,नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व सुधाकर पांडे, पशु चिकित्सा टीम, कंधईपुर प्रधान आशीष मिश्र, बीडीओ शिवजीत सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# लाही बना मिसाल: पर्यावरण के साथ अपनी कोख में अमृत संजो रहा सरोवर !

## हरियाली की गोद में संवरता गांव: महिला प्रधान की अगुवाई में बदल रही तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता







हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास खंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम सभा लाही इन दिनों पूरे जनपद में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जहां अक्सर सिर्फ बातें होती हैं, वहीं लाही गांव में इन विषयों को धरातल पर उतार कर एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

ग्राम पंचायत में विकसित किए गए अमृत सरोवर में अब जल का भराव साफ दिखाई देने लगा है। यह केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि गांव की जागरूकता, मेहनत और दूरदर्शिता का प्रतीक बन चुका है। सरोवर के चारों ओर किए गए वृक्षारोपण से न केवल हरियाली बढ़ी है, बल्कि वातावरण भी पहले की तुलना में अधिक शुद्ध, ठंडा और मनमोहक हो गया है। सुबह-शाम यहां का दृश्य किसी प्राकृतिक उद्यान से कम नहीं लगता।

इस सराहनीय कार्य के पीछे ग्राम प्रधान ज्ञानवती का मजबूत नेतृत्व और समर्पण साफ झलकता है। आमतौर पर यह धारणा देखने को मिलती है कि महिला प्रधान होने के बावजूद वास्तविक कार्य किसी और के द्वारा किया जाता है, लेकिन लाही ग्राम पंचायत ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। ज्ञानवती ने स्वयं सक्रिय रहकर हर योजना को जमीन पर उतारा है और यह साबित किया है कि अगर इच्छाशक्ति मजबूत हो तो बदलाव निश्चित है।

साथ ही ग्राम पंचायत सचिव संयम मिश्रा का सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए हर कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया। प्रधान और सचिव की यह बेहतरीन टीम गांव के विकास की असली ताकत बनकर सामने आई है।

यदि हर गांव जल संरक्षण और वृक्षारोपण को इसी गंभीरता से अपनाए, तो न केवल जल संकट से राहत मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण भी मिल सकेगा। ग्राम लाही की यह पहल अन्य ग्राम पंचायतों के लिए एक प्रेरणा है कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर उनका असर दिखे।

हमारा प्रयास सिर्फ विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि गांव को आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। अमृत सरोवर का निर्माण और उसके आसपास वृक्षारोपण इसी सोच का हिस्सा है। आज जब हम सरोवर में जल भराव और हरियाली देखते हैं, तो लगता है कि मेहनत सफल हुई। आगे भी हमारा लक्ष्य है कि गांव में जल संरक्षण और स्वच्छ वातावरण की परंपरा लगातार बनी रहे, ताकि आने वाली पीढ़ियां इसका लाभ उठा सकें।

**ज्ञानवती**
**ग्राम प्रधान लाही**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज**

ग्राम पंचायत लाही में सभी विकास कार्य योजनाबद्ध और पारदर्शी तरीके से किए जा रहे हैं। अमृत सरोवर और वृक्षारोपण अभियान में जनसहभागिता भी सुनिश्चित की गई, जिससे कार्य की गुणवत्ता और स्थायित्व दोनों बढ़े हैं। हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं का सही लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे और गांव एक आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित हो।

**संयम मिश्रा**
**पंचायत सचिव लाही**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज**

## भंडारा और जबाबी कीर्तन 5 मई को

सिद्धौर,बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव में आगामी 5 मई को ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर हनुमान मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16वें विशाल भंडारा एवं भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा । उक्त जानकारी देते हुए सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। और इस बार मध्य प्रदेश से प्रसिद्ध गायिका कल्पना दुबे, और हाथरस से जाने-माने गायक दिनेश तोमर अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्ति का आनंद लें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप, पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने अपनी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। न्याय न मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की मां के अनुसार, उसकी पुत्री का रिश्ता मदारपुर मजरे खानपुर निवासी दिलीप कुमार के साथ तय हुआ था। आरोप है कि कुछ दिन पहले जब उसकी पुत्री अपनी बहन के घर गई थी, तभी रिश्तेदारी में ही उसके देवर सूरज सिंह (पुत्र राजेश सिंह) ने कमरे में बंद कर जबरन दुष्कर्म किया और किसी से न बताने की धमकी देते हुए शादी का वादा किया। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी कई बार उनके घर भी आया और लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने कथित तौर पर स्विफ्ट डिजायर कार और अन्य सामान की मांग रख दी। विरोध करने पर आरोपी व उसके परिजनों द्वारा मारपीट और अभद्रता करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष ने यह भी बताया कि आरोपी की शादी शुक्रवार को बरौली गांव में तय है, जिसे रुकवाने की मांग की गई है।

वहीं, कोठी थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगाए गए आरोप निराधार हैं। उनके अनुसार, महिला थाने आई थी लेकिन मुकदमा दर्ज कराने के लिए तैयार नहीं थी। दोनों पक्षों को बुलाया गया है, यदि समझौता नहीं होता है तो प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पिकप ने महिला को मारी जोरदार टक्कर मौत

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दवा लेने पैदलजा रहीथी पीछे से आ रही पिकअप ने 57 वर्षीय महिला की जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई । जैदपुर थाना अंतर्गत भिटौरा लखन की रहने वाली 57 वर्षीय तारावती पत्नी सियाराम दवा लेने भरथाई जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक हाफ डाला ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तारावती की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

## नारद जयंती पर जुटेंगे जिलेभर के पुरोहित, कैलाश आश्रम में होगा भव्य आयोजन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवर्षि नारद की जयंती के पावन अवसर पर 3 मई को बाराबंकी में भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जाएगा। बाराबंकी पुरोहित महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर जिलेभर के पुरोहितों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। महासंघ की ओर से जारी आमंत्रण में बताया गया है कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे कैलाश आश्रम, बाराबंकी में आयोजित होगा। इसमें जिले के समस्त पुरोहितों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की गई है। आयोजकों ने बताया कि देवर्षि नारद भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के महान प्रेरणास्रोत माने जाते हैं। वे ज्ञान, भक्ति और धर्म प्रचार के प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन, धार्मिक विचार गोष्ठी और पुरोहित सम्मान जैसे आयोजन भी किए जाने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि सनातन संस्कृति को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बाराबंकी पुरोहित महासंघ ने जिले के सभी पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं से समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## दामों पर खरीदी गई फागिंग मशीनों का इस्तेमाल नहीं हो रहा

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक बनीकोडर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मच्छरों से बचाव के लिए महंगे दामों पर खरीदी गई फागिंग मशीनों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।लाखों रुपए खर्च कर खरीदी गई मशीनें पंचायत भवनों में धूल फांक रही हैं।गांवो में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इसके बाद भी ग्राम प्रधान और सचिव फागिंग कराने में रुचि नहीं ले रहे। ग्रामीणों का आरोप है कई पंचायतों में तो मशीन खरीद के बाद एक बार भी इस्तेमाल नहीं हुई। उनका कहना है कि महंगी मशीनें खरीदकर सिर्फ कागजों में फागिंग दिखाई जा रही है,जबकि हकीकत में मच्छर लोगों को परेशान कर रहे हैं।

## बंद विला को निशाना बनाकर लाखों की चोरी, लाइसेंसी पिस्टल समेत करोड़ों के जेवरात ले उड़े चोर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के लखनऊ रोड स्थित शालीमार पैराडाइज आवासीय परिसर में चोरों ने एक बंद विला को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर ठेकेदार के घर से लाइसेंसी पिस्टल, करीब एक करोड़ रुपये के जेवरात और एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से देवरिया जिले के अहिरौली क्षेत्र निवासी ठेकेदार अजय बघेल शालीमार पैराडाइज आवासीय परिसर के विला सी-5 में परिवार के साथ रहते हैं। बीते 9 अप्रैल को वह पूरे परिवार के साथ अपने गृह जनपद गए हुए थे। करीब दो सप्ताह बाद गुरुवार को जब वह वापस अपने आवास पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। घर के भीतर दाखिल होने पर कमरे अस्त-व्यस्त पड़े थे और सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। पीड़ित के मुताबिक, चोर घर में रखी लाइसेंसी पिस्टल, भारी मात्रा में सोने-चांदी के कीमती जेवरात तथा करीब एक लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरात की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी संगम कुमार पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

## उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे चेन्नई और मुंबई

एजेंसी



चेन्नई। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं। मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी। चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। आठ मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर काबिज रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके को लगातार खराब प्रदर्शन, खराब नेट रन रेट और महेंद्र सिंह धोनी की लंबे समय तक अनुपस्थिति के कारण प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। धोनी सत्र से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं जबकि शुरुआत में माना जा रहा था कि वह जल्द वापसी करेंगे। संजू सैमसन सीएसके के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। इसी सत्र में चेन्नई की टीम से जुड़ने वाले सैमसन ने आठ पारियों में 300 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें दो शतक भी शामिल हैं। वह एक बार फिर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने सीएसके के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है।

## व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम के लक्ष्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता हूं: भुवनेश्वर

एजेंसी



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है।

यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा, ''लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। टीम प्रबंधन ने मेरा हौसला बढ़ाया है। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई। भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा, ''अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए।''

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया

**नयी दिल्ली।** कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के चार गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इत्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, ''हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है। भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने टीम के प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा, ''मकाऊ के खिलाफ जीत इस युवा भारतीय टीम की दृढ़ता का मजबूत संकेत है। टीम ने तीनों पीरियड में शानदार खेल का प्रदर्शन करके नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत से न केवल उनके कौशल, बल्कि बढ़ती परिपक्वता और आत्मविश्वास का भी पता चलता है। इस टूर्नामेंट में किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, मकाऊ (चीन) और भारत की आइस हॉकी टीमें भाग ले रही हैं।

### भारत खेड़ा ने एमएसएमई मंत्रालय के सचिव का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** भारत खेड़ा ने शुक्रवार को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसई) में सचिव का कार्यभार संभाल लिया। अपना वर्तमान पदभार संभालने से खेड़ा पहले उपभोक्ता मामले विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी भारत खेड़ा अपने साथ केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का तीन दशकों से भी अधिक का प्रशासनिक अनुभव लेकर मंत्रालय में आए हैं। भारत सरकार में अपने विशिष्ट कार्यकाल के दौरान खेरा ने नवंबर, 2014 से फरवरी, 2020 तक पांच वर्षों से अधिक समय तक रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया। संयुक्त सचिव (वायु) के रूप में उन्होंने भारतीय वायु सेना से संबंधित मामलों को संभाला और साथ ही 2017 से 2020 तक लगातार चार वर्षों तक गणतंत्र दिवस समारोह सहित राष्ट्रीय औपचारिक कार्यक्रमों के समन्वय की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई थी। इसके अलावा उन्होंने रक्षा मंत्रालय में सीमा सड़क संगठन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से संबंधित मामलों की भी देखरेख की। भारत खेड़ा ने कैबिनेट सचिवालय में लगभग दो वर्षों तक संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया है, जहां उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित विभागों का कार्यभार संभाला और कोविड-19 महामारी के दौरान रणनीतिक नीति-निर्माण में योगदान दिया।

### कंधे की चोट कारण एक महीने तक नहीं खेल पाएंगे सैंटनर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मिशेल सैंटनर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को कहा, ''सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और आज सुबह एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है। सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, ''दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा। न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी।

### दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

**नयी दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था। दूसरे चरण की प्रतियोगिता के पहले दिन तीन भारतीय ओलंपियन हिस्सा लेंगे। इनमें पुरुष स्कीट स्पर्धा में मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नारुका तथा महिला स्कीट स्पर्धा में रायज़ा ढिल्लों शामिल हैं। ये तीनों इस साल पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। भारत को इस प्रतियोगिता में इटली, फिनलैंड, डेनमार्क, चेक गणराज्य, साइप्रस, यूनान, पेरू और कतर जैसी मजबूत टीमों के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करना होगा।

### एचएमएसआई की अप्रैल में बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 5.63 लाख इकाई हुई


**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 5.63 लाख इकाई पहुंच गई। एचएमएसआई ने वर्ष 2025 की समान अवधि में 4.80 लाख वाहन बेचे थे। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल 2026 में घरेलू बिक्री 14.7 प्रतिशत बढ़कर 4.84 लाख इकाई रही, जो 2025 की समान अवधि में 4.22 लाख इकाई थी। एचएमएसआई ने बताया कि इस अवधि में निर्यात 37.4 प्रतिशत बढ़कर 79,600 इकाई हो गया, जबकि 2025 के समान महीने में यह 57,900 इकाई था। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, 'दोपहिया बाजार के सभी खंडों में मांग मजबूत बनी हुई है। हम बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप तत्परता से कदम उठाना जारी रखेंगे और हमारा ध्यान टिकाऊ एवं स्थिर वृद्धि सुनिश्चित करने पर रहेगा।

## इस साल के आखिर में टेनिस को अलविदा कह देंगे केई निशिकोरी

तोक्यो। विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने गुरुवार को कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। जापान के 36 वर्षीय निशिकोरी दाहिने कंधे में दर्द के कारण जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले कई वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले साल यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाए थे। निशिकोरी ने 2007 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की तथा वह 2014 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इस तरह से वह किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने थे। फाइनल में उन्हें क्रोएशिया के मारिन सिलिच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। निशिकोरी ने 2016 में रियो ओलंपिक में राफ़ेल नडाल को तीन सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता था।

## फीफा विश्व कप 2026 के बाद संन्यास लेंगे मेक्सिको के दिग्गज गोलकीपर गिलर्मो ओचोआ

एजेंसी



मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के अनुभवी गोलकीपर गिलर्मो ओचोआ ने घोषणा की है कि वह फीफा विश्व कप 2026 के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यह टूर्नामेंट उनके पेशेवर करियर का भी अंतिम पड़ाव हो सकता है। विश्व कप के दौरान 41 वर्ष के होने वाले ओचोआ अब तक पांच विश्व कप खेल चुके हैं और छठे विश्व कप के लिए भी उनके चयन की संभावना जताई जा रही है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। साइप्रस क्लब एईएल लिमासोल के लिए खेल रहे ओचोआ ने एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रीय टीम से उनका विदाई लेना तय है और पूर्ण संन्यास भी संभव है। ओचोआ ने कहा, ल्लसंन्यास लेना निश्चित रूप से कठिन होता है, लेकिन मेरे मामले में यह इतना मुश्किल नहीं होगा, क्योंकि मैंने लंबे समय तक इस खेल का आनंद लिया है। एक समय आता है जब आपका मन और शरीर कहता है कि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ दे दिया है, और फिर आप संतोष के साथ विदा लेते हैं—मेरे साथ भी ऐसा ही होगा। ओचोआ उन चार मेक्सिकन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने पांच विश्व कप खेले हैं। इस सूची में एंटोनियो कार्बाजाल, राफ़ेल मार्केज और आंद्रेस गुआर्डाडो भी शामिल हैं। यदि वह 2026 विश्व कप में खेलते हैं, तो क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी की तरह छह विश्व कप खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ओचोआ को युवा गोलकीपर राउल टाला रेंगल के बैकअप के रूप में देखा जा रहा है।

## मैदान से इतर के विवाद टीम के लिए सकारात्मक संकेत नहीं: संगकारा

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा कि मैदान से बाहर की दो घटनाओं के लिए कप्तान रियान पराग और सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य पर लगाए गए जुर्माने से टीम की छवि पर बुरा असर पड़ता है। पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान गुरुवार को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्हें खेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दोषी पाया गया। इससे पहले टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले संगकारा ने कहा, मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से टीम पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, फिर चाहे वह किसी भी तरह का विवाद हो। उन्होंने कहा, मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और फ्रेंचाइजी ने दोनों ही मामलों पर ध्यान दिया है।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीन दिन तक कमजोरी का सामना करने के बाद आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, सर्राफा बाजार में चांदी गिरावट का शिकार हो गया है। चेन्नई को छोड़ कर देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 240 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की जोरदार तेजी दर्ज की गई है। सोना के विपरीत चांदी आज शुरुआती कारोबार के दौरान 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,50,670 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,110 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,626.38 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 74.31 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,50,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## अप्रैल में देश का जीएसटी राजस्व संग्रह रिकॉर्ड 2.43 लाख करोड़ रुपये हुआ

एजेंसी




नई दिल्ली। देश का सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 फीसदी बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह अप्रैल, 2025 के 2.23 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड से ज्यादा है। जीएसटी महानिदेशालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह अप्रैल में 8.7 फीसदी बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपये (2.43 लाख करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले अप्रैल, 2025 में सर्वाधिक जीएसटी राजस्व संग्रह 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक दर्ज किया गया था। जीएसटी संग्रह में यह वृद्धि मुख्य रूप से आयात पर करों में 25.8 फीसदी की तेज उछाल और मजबूत घरेलू खपत के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसदी बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से जीएसटी संग्रह में 25.8 फीसदी की भारी वृद्धि हुई। यह बढ़कर 57,580 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल के दौरान 31,793 करोड़ रुपये के रिफंड दिए गए, जो 19.3 फीसदी अधिक है। रिफंड समायोजित करने के बाद अप्रैल महीने में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 7.3 फीसदी बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल 5 फीसदी महंगा हुआ, नई दरें प्रभावी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) के दाम शुक्रवार को 5 फीसदी का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू विमानन कंपिनयों के लिए एटीएफ कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें लागू हो गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणान कंपनियों के अनुसार नई दिल्ली में एटीएफ की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर यानी 5.33 फीसदी बढ़कर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर हो गई है। विमान ईंधन में यह वृद्धि एक अप्रैल को हुई क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद की गई है। तब इसकी दरों में 25 फीसदी की वृद्धि कर इसे 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया था।

## महंगा हुआ कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर दिल्ली में मिलेगा 3,071.50 रुपये का

एजेंसी



नई दिल्ली। देश की सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में जबरदस्त बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। हालांकि ये बढ़ोतरी सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर यानी 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर में ही की गई है। आज सुबह से कमर्शियल सिलेंडर के भाव में लगभग एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। राहत की बात है कि आज की इस बढ़ोतरी से 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर को बाहर रखा गया है। अब कमर्शियल सिलेंडर देश की राजधानी दिल्ली में 993 रुपये, मुंबई में 993 रुपये, चेन्नई में 990.50 रुपये और कोलकाता में 994 रुपये महंगा हो गया है। सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अनुसार, आज कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में की गई बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब 19 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2,078.50 रुपये से बढ़ कर 3,071.50 रुपये हो गई है। इसी तरह कोलकाता में इसकी कीमत 2,208 रुपये से बढ़ कर अब 3,202 रुपये हो गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर 2,031 रुपये की जगह 3,024 रुपये में मिलेगा, जबकि चेन्नई में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2,246.50 रुपये से बढ़ा कर 3,237 रुपये कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और अन्य व्यावसायिक संस्थानों में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के भाव पिछले पांच महीनों में छठी बार बढ़े हैं। इससे पहले एक अप्रैल को ये 218 रुपये तक महंगा हुआ था। वहीं मार्च में इसकी कीमत में दो बार बढ़ोतरी की गई । एक मार्च को इसकी कीमत 28 रुपये तक बढ़ी थी, जबकि सात मार्च को यह 114.5 रुपये महंगा हुआ था। इसी तरह फरवरी में इसके दाम में 49 रुपये और जनवरी में 111 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि दिसंबर 2025 में 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। राहत की बात ये है कि घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर के भाव में एक बार फिर कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में सात मार्च 2026 को 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। आईओसी के अनुसार बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत वर्तमान में दिल्ली में 913 रुपये है। मुंबई में इसकी कीमत 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये है। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए आज से ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड सिस्टम को और सख्त कर दिया गया है।

# एचएएल के 22वें चेयरमैन और सीएमडी बने रवि के, डॉ. डीके सुनील से चार्ज लिया

## मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में 30 साल से ज्यादा कार्य करने का अनुभव

एजेंसी

नई दिल्ली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में शुक्रवार को 22वें चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर रवि के ने कार्यभार संभाला है। उन्होंने डॉ. डी के सुनील से चार्ज लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए थे। श्री रवि के के पास मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में 30 साल से ज्यादा कार्य करने का अनुभव है। इससे पहले वह एचएएल में निदेशक (ऑपरेशंस) थे, जहां उन्होंने रणनीतिक योजना का नेतृत्व किया और एचएएल को महारत्न का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यभार संभालने के बाद रवि के. ने कहा कि उनका विजन एचएएल को इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑपरेशनल एक्सीलेंस और



लोगों से चलने वाली एक ग्लोबल कॉम्पिटिटिव एयरोस्पेस और डिफेंस एंटरप्राइज में बदलना है। उन्होंने एलसीए तेजस डिवीजन के कार्यकारी निदेशक और महाप्रबंधक के साथ-साथ कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) जैसे अहम रोल में कार्य किया है। उन्होंने एचएएल के लिए कई बड़े कॉन्ट्रैक्ट पूरे किए, जैसे कि भारतीय वायु सेना के साथ 180 एलसीए तेजस आपूर्ति का समझौता करने, भारतीय सेना और वायु सेना के लिए 156 एलसीएच प्रचंड और वायु सेना में एलसीए तेजस फ्लीट संचालित करने का श्रेय उन्हें ही जाता है।

एचएएल के मुताबिक उन्होंने अलग-अलग ग्राहक केंद्रित पहलों के जरिए फ्लीट की सर्विस को बेहतर बनाया। वायु सेना बेस के साथ आसान डेटा कम्युनिकेशन बनाया और समय पर कस्टमर सपोर्ट के लिए सिंगल पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट बनाया। उन्होंने एलसीए तेजस प्रोग्राम में तेजी लाने के लिए नासिक में निर्माण क्षमता बढ़ाकर स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। कर्नाटक के मलनाड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट श्री रवि के आईआईएम अहमदाबाद और आईएएस, टूलूज़, फ्रांस के पूर्व छात्र हैं। वे मल्टी-रोल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट लिमिटेड के बोर्ड में नामित निदेशक भी हैं। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर के साझेदारों के साथ बड़े फ्यूजलेज असेंबली आउटसोर्स करके मजबूत मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनाने में भी अहम भूमिका निभाई। यह एक ऐसी रणनीति है, जो अब लगातार डिलीवरी के जरिए अच्छे नतीजे दे रही है। उनकी कोशिशों ने एचएएल को सिविल मैन्युफैक्चरिंग और मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) में अलग-अलग तरह से विस्तार मिला है, जिससे राजस्व के नए संसाधन बनने के साथ ही एचएएल की विमानन बाजार में मौजूदगी बढ़ी है।

# मोहन यादव ने बरगी डैम हादसे की जांच के दिए निर्देश, हादसे में लोगों को बचाने वाले होंगे सम्मानित

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के बरगी डैम हादसे की जांच के निर्देश देने के साथ ही हादसे में लोगों को बचाने वालों को सम्मानित करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मौसमी चक्रवात के कारण यह दु:खद घटना हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसकी सूचना मिलते ही लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे, एडीजी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी राहत और बचाव कार्य में पूरी तत्परता के साथ जुट गए। हमारे राहत और बचाव दल ने लगभग 29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है, रेस्क्यू जारी है, अब तक 9 शव बरगी डैम से बाहर निकाले गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया प्रतिनिधियों से लोक भवन के बाहर बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्रूज दुर्घटना अत्यंत दु:खद है, राज्य सरकार ने हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। ऐसी दुर्घटना से मन दु:खी है। सभी नागरिकों को बोटिंग के दौरान लाइफ सेविंग जैकेट अवश्य पहननी चाहिए, जिन्होंने लाइफ जैकेट का इस्तेमाल किया, वे

**मुख्यमंत्री ने बरगी क्रूज दुर्घटना पर किया दु:ख व्यक्त, नागरिकों से बोटिंग के समय लाइफ जैकेट पहनने का किया आह्वान**

सुरक्षित रहे। भविष्य में इस प्रकार के हादसे न हो, इसके लिए पर्यटन विभाग जांच कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन के प्रति हमारी पूरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू टीम ने बहादुरी के साथ अपनी जान की परवाह किए बगैर कई लोगों को सुरक्षित बचाया है। जिन व्यक्तियों ने तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य में हिस्सा लिया, उन सभी बहादुर नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार शाम को अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान जबलपुर के बरगी डैम में पर्यटकों से भरा एक क्रूज खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से डूब गया। घटना में शुक्रवार सुबह तक नौ मिले हैं, जबकि 29 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्रशासन के मुताबिक नौ से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# गुजरात के सूरत में देश का पहला 'बैरियरलेस' टोल प्लाजा शुरू

सूरत। गुजरात के औद्योगिक शहर सूरत में शुक्रवार को देश का पहला 'बैरियरलेस' टोल प्लाजा शुरू हो गया। टोल की नई प्रणाली के लागू होने के बाद अब वाहन चालकों को टोल टैक्स भरने के लिए बैरियर पर लंबी कतारों में खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के सूरत-भरूच खंड पर स्थित चोर्यासि टोल प्लाजा पर भारत की पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) बाधा रहित (बैरियर-लेस) टोलिंग प्रणाली के शुभारंभ की घोषणा की।

केन्द्र सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-दिल्ली राजमार्ग (एनएच-48) पर सूरत और भरूच के बीच स्थित कामरेज के पास चोर्यासि टोल प्लाज़ा पर इस आधुनिक प्रणाली का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पिछले दो महीनों से परीक्षण किया जा रहा था जिसकी सफलता के बाद आज इसे पूरी तरह शुरू कर दिया गया है। यह प्रणाली ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) तकनीक पर आधारित है। राजमार्ग पर लगे हाई-रिजोल्यूशन कैमरे गुजरने वाले वाहनों की नंबर प्लेट को स्कैन करेंगे और फास्टैग से जुड़े खाते से टोल राशि स्वतः कट जाएगी। पूरी प्रक्रिया पूरी तरह कॉन्टैक्टलेस और स्वचालित होगी। इस नई व्यवस्था के तहत वाहन चालक बिना रुके लगभग 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टोल पार कर सकेंगे। एनएचएआई के अनुसार, इससे देश में हर साल करीब 1500 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगी और कामरेज एवं चोर्यासि जैसे व्यस्त टोल प्लाजा पर ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आएगी। यदि किसी वाहन में फास्टैग नहीं होगा, तो कैमरे नंबर प्लेट स्कैन कर डिजिटल इनवॉइस तैयार करेंगे और बाद में जुर्माने के साथ टोल वसूला जाएगा। वाहन किसी भी गति से गुजरें, उनका डेटा तुरंत सेंट्रल सर्वर पर पहुंचकर सत्यापित हो जाएगा। केंद्र सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 के अंत तक देश के 1050 से अधिक टोल प्लाजा को एआई आधारित 'मल्टी लेन फ्री फ्लो सिस्टम' से लैस करना है, जिससे यात्रा अधिक सुगम और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी बनेगी।

# पेज एक का शेष

### नए...

योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण से जुड़ी कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक ऐप और 300 बेड वाले ईएसआईसी अस्पताल की सौगात दी। साथ ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में श्रमिकों के लिए हॉस्टल, डिस्पेंसरी और औद्योगिक सुविधाओं के विस्तार की भी घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने छात्रों को टैबलेट, श्रमिकों को टूलकिट और प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (एट्ट) के माध्यम से कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब श्रमिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। उनके बच्चे अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ उठा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनहित में बड़ा निर्णय लेते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत प्रदेश की जनता बिना किसी शुल्क के यूपी के सबसे लंबे व अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए परियोजना के कन्सेशनैयर्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को 15 दिनों तक टोल कलेक्शन स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

यह निर्णय उस समय लिया गया है, जब इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के अनुच्छेद 14.3.1 के तहत प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट निर्धारित हो गई। इसके साथ ही एक्सप्रेसवे आम जनता के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार माना गया। योगी सरकार का उद्देश्य है कि शुरुआती चरण में अधिक से अधिक लोग इस अत्याधुनिक एक्सप्रेस-वे का अनुभव कर सकें। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे पर बिना टोल के यात्रा करने का अवसर लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू कराएगा। यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जनविश्वास को भी मजबूत करेगी। गंगा एक्सप्रेसवे को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत डीबीएफओटी (टोल) मॉडल पर विकसित किया गया है। इसके तहत कन्सेशनैयर्स को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है। हालांकि, 15 दिन की इस टोल छूट से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार अथवा यूपीडा द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

यूपीडा ने स्पष्ट किया है कि टोल-फ्री अवधि के दौरान भी ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस से संबंधित सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा। अनुच्छेद 17 सहित कंसेशन एग्रीमेंट के अन्य प्रावधानों के तहत सड़क की गुणवत्ता, सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट और सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश के 12 जनपदों को जोड़ता है और इसे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर माना जा रहा है। 15 दिन की यह टोल छूट न केवल आमजन को राहत देगी, बल्कि इस मेगा प्रोजेक्ट के प्रति सकारात्मक माहौल भी तैयार करेगी। इस फैसले को प्रदेश सरकार की 'जनहित प्रथम' नीति के रूप में देखा जा रहा है, जो राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ-साथ नागरिकों को 'फील गुड' कराने को भी प्राथमिकता देती है।

### योगी सरकार ...

दावा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर दिखने वाला बदलाव भी है। इसके उदाहरण के तौर पर बीट पुलिसिंग, मिशन शक्ति, पिंक बूथ, एंटी रोमियो स्क्वाड, फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसे कई अहम प्रयास को देखा जा सकता है।

सपा सरकार के 5 वर्षों के शासन में एक भी फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट नहीं बना, जबकि पॉक्सो एक्ट 2012 में ही लागू हो गया था। योगी सरकार में फास्ट ट्रैक कोर्ट और पॉक्सो विशेष न्यायालयों ने महिलाओं और बच्चियों को तेजी से न्याय दिलाया। योगी सरकार के 9 वर्षों में 218 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएससी) बनाए गए, जिनके जरिए बलात्कार और पॉक्सो मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वहीं, 75 जिलों में स्थापित पॉक्सो विशेष न्यायालय के जरिए 6 महीने में निर्णय का लक्ष्य रखा गया है। योगी सरकार में 2017 से ऑपरेशन शक्ति के जरिए छेड़छाड़ रोकने के लिए विशेष पुलिस अभियान जारी है। वर्ष 2020 से मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ा एकीकृत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 40 हजार पुलिसकर्मियों को अपराध रोकने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया।

महिला हेल्पलाइन 1090 के जरिए 5 करोड़ से ज्यादा बहन-बेटियों की शिकायतों का निवारण किया गया है। साथ ही यही से एफआईआर दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई। योगी सरकार में पहली बार महिला पुलिस थानों की स्थापना की गई। हर जिले में कम से कम एक महिला पुलिस थाना संचालित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में जिम्मेदारी संभालते ही छेड़खानी रोकने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2026 तक इन टीमों ने करोड़ों लोगों की चेकिंग की और हजारों की संख्या में मनचलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसी सरकार में पिंक बूथ और आउटपोस्ट की शुरूआत की गई। इसके तहत 2500 से ज्यादा पिंक बूथ बनाए गए। साथ ही पिंक पेट्रोलिंग (दोपहिया और चौपहिया वाहनों से) की शुरुआत की गई। दूसरी तरफ सेफ सिटी प्रोजेक्ट के जरिए लखनऊ समेत कई जिलों को हजारों सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से जोड़ा गया, ताकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन निगरानी भी सुनिश्चित की जा सके।

योगी सरकार की मंशा है कि महिलाओं से जुड़े अपराध की सिर्फ रिपोर्ट ही न हो बल्कि उन पर कार्रवाई और सजा भी सुनिश्चित हो। जहां वर्ष 2012 में चार्जशीट दर 58.3 प्रतिशत थी, वो 2022 में बढ़कर 76.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसमें लगातार सुधार किया जा रहा है। दोषसिद्धि दर 17.2 प्रतिशत से बढ़कर 27.8 प्रतिशत हो गई। सपा शासन में न्यायालयों में महिलाओं के प्रति अपराधों के औसतन 78 प्रतिशत मामले लंबित रहते थे। योगी सरकार फास्ट ट्रैक और पॉक्सो कोर्ट के माध्यम से इसे 65 प्रतिशत तक ला चुकी है। योगी सरकार में महिलाओं के लिए कई अहम कदम उठाए गए। इससे पीड़िता खुद को दोषी नहीं समझती, बल्कि बिना डरे अपराध के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार का साथ और भरोसा मिल रहा है।

### चुनाव आयोग...

प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड पर आधारित नए पीआईसी उन व्यक्तियों के लिए लागू होंगे जिन्हें चुनाव आयोग द्वारा मतगणना केंद्रों और हॉलों में प्रवेश करने के लिए अधिकृत किया गया हैए जिनमें रिटर्निंग ऑफिसरए सहायक रिटर्निंग ऑफिसरए मतगणना कर्मचारीए तकनीकी कर्मीए उम्मीदवारए चुनाव एजेंट और मतगणना एजेंट आदि शामिल हैं। सुश्री पटनायक ने कहा कि प्रत्येक मतगणना केंद्र में मतगणना हॉल के पास अधिकृत मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए एक मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा जिन्हें आयोग के मौजूदा निर्देशों के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण पत्रों के आधार पर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को इस प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया गया है जिसमें निर्बाध एवं नियंत्रित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नामित चौकियों पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती शामिल है।

सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियोंए जिला निर्वाचन अधिकारियों मतगणना अधिकारियों और सहायक मतगणना अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिताए सुरक्षा एवं दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### शाह...

कांग्रेस नेता के अनुसार 1949 में ही श्री नेहरू ने लद्दाख का चार दिवसीय दौरा किया था। इस दौरान प्रतिष्ठित बौद्ध नेता कुशोक बकुला रिनपोछे ने उनसे आग्रह किया था कि इन अवशेषों को लद्दाख भी लाया जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल मई 1950 में साकार हुई जब इन पवित्र अवशेषों को 79 दिनों तक पूरे लद्दाख में प्रदर्शित किया गया। इसके बाद इन्हें यांगून कोलंबो और सांची में स्थापित किया गया। श्री रमेश ने कहा कि इतिहास गवाह है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि लोगों के साथ संवाद और उनकी भावनाओं का सम्मान भी होता था।

### एलपीजी...

कीमतें बढ़ गई, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय तेल की करीब 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जो पिछले चार वर्षों का उच्चतम स्तर है। अब पुरी दुनिया की 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर टिकी हैं।

### राष्ट्रपति ...

लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा के साथ विचारों का आदान-प्रदान भी किया। राष्ट्रपति ने कमांड से भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारियों को बढ़ाने के लिए जोश के साथ काम करते रहने की अपील की। उन्होंने कमांड के सभी रैंक और रक्षा नागरिक को उनके शानदार काम के लिए बधाई दी और उनसे ज्यादा जोश और उत्साह के साथ काम करते रहने की अपील की।

### महाराष्ट्र ...

को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2026 को महाराष्ट्र के लिए विशेष बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती, महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती, संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती, महाड के चवदार तालाब सत्याग्रह के 100 वर्ष, डॉ. भीमराव आंबेडकर से जुड़े महत्वपूर्ण स्मरण तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष जैसे ऐतिहासिक अवसर मनाए जा रहे हैं। इन आयोजनों से सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक अस्मिता को बल मिलेगा। पत्र में प्रधानमंत्री ने मराठी भाषा को 2024 में शास्त्रीय भाषा का दर्ज़ा मिलने को गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र के किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने का उल्लेख करते हुए इसे राज्य के शौर्य और इतिहास की वैश्विक पहचान बताया। आर्थिक मोर्चे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र निवेश, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे के विकास में अग्रणी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र को मिल रहे सहयोग का भी उल्लेख किया। केंद्र सरकार द्वारा राज्य में रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डे और बंदरगाह जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स को गति दी जा रही है, जिनमें 2025-26 के लिए रेलवे परियोजनाओं हेतु 24,000 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। उन्होंने गढ़िचरौली, अमरावती, धुले और नंदुरबार जैसे क्षेत्रों में विकास की तेज रफ्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि ये क्षेत्र अब निवेश और रोजगार के नए केंद्र बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 2029, 2035 (महाराष्ट्र के अमृत महोत्सव) और 2047 को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा तैयार की है, जो 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ समन्वय में है। प्रधानमंत्री ने मराठवाड़ा सहित जल संकट वाले क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों और सहकारिता मॉडल की भी सराहना की। साथ ही नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के लिए राज्य सरकार को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज और राजमाता जीजाबाई के आशीर्वाद का स्मरण करते हुए 'जय महाराष्ट्र' के साथ अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष महाराष्ट्र में हुई कुछ दुखद घटनाओं का जिक्र करते हुए वरिष्ठ नेता अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके योगदान को याद किया।

### सूरत ...

को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने समिट के दौरान अगले दो दिनों में दक्षिण गुजरात में रिकॉर्ड निवेश समझौतों (एमओयू) होने की उम्मीद जताई। उन्होंने बताया कि मेहसाणा में 3.24 लाख करोड़ और राजकोट में 5.78 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं और सूरत में इससे भी अधिक निवेश की संभावना है। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण जापान के राजदूत केइची ओनो का गुजराती में संबोधन रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से जापान वाइब्रेंट गुजरात का भागीदार देश रहा है और सूरत को डायमंड उद्योग का वैश्विक केंद्र बताया। साथ ही उन्होंने बुलेट ट्रेन परियोजना में जापान की भागीदारी का भी उल्लेख किया।

### प. बंगाल...

कि यह मामला अभी विचाराधीन है और रिपोर्ट की समीक्षा के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पुनर्मतदान का मतगणना की तारीख पर कोई असर नहीं पड़ेगा और पूरे राज्य में मतगणना 4 मई को ही होगी। राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम बताया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने फलता समेत अन्य बूथों पर भी पुनर्मतदान की मांग की है।

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के दूसरे चरण में 29 अप्रैल को हुए मतदान के बाद दो विधानसभाओं के 15 मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान शनिवार को कराने का फैसला किया है। आयोग की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों और प्रेक्षकों की रिपोर्ट में मतदान प्रक्रिया में अनियमितताओं की आशंका जताई गई थी जिसके बाद यह कदम उठाया गया। पुनर्मतदान के लिए मगरहाट पश्चिम के 11 और डायमंड हार्बर के 4 मतदान केंद्र हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सभी चिन्हित मतदान केंद्रों पर 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान केन्द्रों के नाम इस प्रकार हैं ऽ दक्षिण 24 परगना के मगराहट विधानसभा 46-उत्तर ईयरपुर एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 2 126-नजरा एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 1 127-नजरा एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 2 128-देउला एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 1 142 घोला नोयापारा गर्ल्स हाई मदरसा, कमरा नंबर 2 214-एकतारा मलाया एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 1 215-एकतारा मलाया एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 2

216 एकतारा मलाया धोरा एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 230 बहिरपुया कुरकुरिया एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 1 231 बहिरपुया कुरकुरिया एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 2 232 कमरा नंबर 3 बहिरपुया कुरकुरिया एफ.पी. विद्यालय, दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर विधानसभा 117- बगदा जूनियर हाई स्कूल 179-चंदा एफ.पी. स्कूल, कमरा नंबर 2 194-हरिदेवपुर एफ.पी. विद्यालय।

### केन्द्रीय मंत्री ...

मंत्री चौहान ने पीएमजीएसवाई- 4का स्वीकृति-पत्र मुख्यमंत्री माझी को मंच पर सौंपा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आवास और आजीविका पर विशेष बल देते हुए कहा कि ओडिशा में कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में नहीं रहेगा और हर पात्र परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि घ्ब्नइड्ड-क्क के अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिए 630.61 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मजदूर दिवस के अवसर पर उन्होंने मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किश्त के रूप में 868.71 करोड़ रुपये का आवंटन किया।

शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं, किसानों और युवाओं को विकास के केंद्र में रखते हुए कहा कि गरीब बहनों को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण देना सरकार का संकल्प है। उन्होंने लखपति दीदी अभियान, स्वयं सहायता समूहों की उन्नति, ग्रामीण आजीविका, स्वरोजगार प्रशिक्षण, कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, एकीकृत खेती, पशुपालन, मत्स्यपालन, बकरीपालन, मधुमक्खी पालन और वृक्षारोपण आधारित आय-वृद्धि के उपायों पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा में प्रगतिशील खेती, बेहतर बीज, सीड विलेज, भंडारण क्षमता और एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड के माध्यम से गोदाम निर्माण जैसे कदम किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि इतनी सौगात ओडिशा के प्रति केंद्र सरकार के विशेष स्नेह और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की परिकल्पना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने की थी और आज उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्रामीण भारत की दशा और दिशा बदलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पीएमजीएसवाई- 4को विशेष रूप से दुर्गम, पहाड़ी, दूरस्थ और अब तक संपर्क से वंचित क्षेत्रों को जोड़ने वाला परिवर्तनकारी कदम बताया। मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि राज्य सरकार ळ्ससमृद्ध ओडिशा, विकसित ओडिशा के संकल्प के साथ सड़क, पुल, पेयजल, बिजली, ग्रामीण आधारभूत ढाँचा, किसानों की आय, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के रोजगार पर मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रायगड़ा सहित राज्य के अनेक जिलों में सड़क और आधारभूत संरचना परियोजनाएँ ग्रामीण जीवन को नई दिशा देंगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हाथों हितग्राहियों का सम्मान और सहायता राशि का वितरण भी हुआ। इस अवसर पर राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज व पेयजल मंत्री रबी नारायण नायक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन तथा बड़ी संख्या में महिलाओं सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली में 'कैच द रेन' अभियान की शुरुआत पर मुख्यमंत्री ने कहा- बारिश की बूंद, भविष्य की सुरक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्षा जल संचयन को जन भागीदारी का संकल्प बनाते हुए शुक्रवार को दिल्ली के आरकेपुरम में 'कैच द रेन 2026' अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान 'नीरा-पानी की वाणी' मैस्कॉट का भी अनावरण हुआ, जो लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश देगा। इस मौके पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बारिश की हर बूंद, भविष्य की सुरक्षा है। अगर हम उसे वहीं सहेज लें जहां वह गिरती है, तो दिल्ली की जल स्थिति में बड़ा परिवर्तन संभव है। 'कैच द रेन' को अभियान नहीं बल्कि जन स्वभाव बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा जल संचयन हमारी परंपरा की बुद्धिमत्ता है, जिसे आज की आवश्यकता बनाना होगा। सरकार द्वारा 50,000 तक की सब्सिडी, पानी के बिल में 10 से 15 प्रतिशत तक की छूट और निःशुल्क तकनीकी सहायता जैसे कदम इस दिशा को गति दे रहे हैं। अब लक्ष्य है कि हर घर, हर छत और हर संस्थान इस प्रयास का सक्रिय हिस्सा बने। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली में पानी की कमी नहीं बल्कि उसे बचाने की सोच की कमी है। अब समय है कि हर बिल्डिंग, हर सोसायटी और हर कॉलोनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाया जाए। यह सरकार का नहीं, हम सबका अभियान है।

# विशेष सत्रों को लेकर पंजाब विधानसभा में हंगामा, नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने विधानसभा के विशेष सत्रों के आयोजन पर सवाल उठाया। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा प्रताप बाजवा में बहस हुई। इसके बाद कांग्रेस विधायकों के सदन में बैठने के तरीके तथा मोबाइल फोन इस्तेमाल को लेकर हंगामा हो गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रताप बाजवा ने कहा कि वर्ष 2022 से लेकर आज तक 8 विशेष सत्रों का आयोजन किया गया है। इन सत्रों में कभी भी प्रश्नकाल या शून्यकाल आयोजित नहीं हुए। बाजवा ने कहा कि अधिकतर सत्रों की व्यवहारिकता नहीं रही। इस पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बेअदबी संबंधी कानून विशेष सत्र के दौरान ही बनाया गया था। आनंदपुर साहिब में भी विशेष सत्र का आयोजन किया गया था। नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में मानसून सत्र अधिक समय तक चलाया जाएगा, जिसमें सभी विधायकों को अधिक से अधिक सवाल उठाने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी, तो मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस के एक विधायक के सदन में फोन चलाने पर आपत्ति जताई। इसे लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के विधायकों में तीखी बहस हो गई। सत्ता पक्ष की तरफ से एक मंत्री ने कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा के सदन के भीतर बैठने के तरीके पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। इस मुद्दे पर सदन में विवाद बढ़ गया। कांग्रेस विधायकों ने सत्ता पक्ष के विधायकों पर भी मोबाइल इस्तेमाल का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस विधायकों पर निशाना साधते हुए स्पीकर से कहा कि इन विधायकों से पूछा जाए कि सदन में क्या बोला गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा के पैर पर पैर रखकर बैठने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि खैहरा उनकी बेटी के स्कूल में पढ़ाए जाने पर विवादित कटाक्ष करते हैं। इस मुद्दे पर सदन में करीब दस मिनट तक हंगामा चलता रहा।

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने बेअदबी कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में पारित किए गए 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम-2026' को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने सवाल खड़े किए हैं। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई तक स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय में शुकवार को याचिकाकर्ता की वैधता, उसके प्रतिनिधित्व और एंग्लिकन चर्च ऑफ इंडिया के भीतर वास्तविक प्राधिकरण पर सवाल उठाए। एंग्लिकन चर्च आफ इंडिया की ओर से दाखिल याचिका में दावा किया गया कि 2008 के मूल कानून और 2026 के संशोधन के जरिए पंजाब सरकार ने एक विशेष धार्मिक ग्रंथ को विशिष्ट कानूनी संरक्षण देकर संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 26 का उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष तर्क रखा कि चर्च की ओर से यह भी कहा गया कि यदि पवित्र बाइबल सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों को समान संरक्षण प्राप्त नहीं है, तो यह धार्मिक आधार पर असमान व्यवहार और संवैधानिक भेदभाव की श्रेणी में आएगा। अनुच्छेद 254 के तहत समवर्ती सूची से जुड़े विधायी टकराव का मुद्दा भी उठाया गया। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने याचिका की वैधता पर प्रहार करते हुए पूछा कि याचिका दाखिल करने वाला व्यक्ति चर्च की ओर से किस विधिक अधिकार से उपस्थित हुआ है। याचिकाकर्ता पक्ष ने इसका जोरदार प्रतिवाद करते हुए कहा कि उनके प्रतिनिधि की वैधता पूर्व न्यायिक आदेशों और उच्चतम न्यायालय तक में अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार की जा चुकी है। दोनों पक्षों की बहस के बीच पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी भी संवैधानिक चुनौती पर आगे बढ़ने से पहले यह तय करना अनिवार्य है कि अदालत के समक्ष आया पक्ष वास्तव में सक्षम और अधिकृत है या नहीं।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष 35 हजार श्रमिकों को प्रशिक्षित करने वाले कौशल विकास अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 35 हजार श्रमिकों को प्रशिक्षित करने वाले कौशल विकास अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री धीरपुर स्थित संत निरंकारी अस्पताल की निर्माण साइट पर श्रम विभाग और दिल्ली भवन एवं सन्निमार्ण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने श्रमिकों के लिए जल्द ही आधुनिक लेबर चौक और श्रमिक सेवा केंद्र स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इनके माध्यम से आवश्यक सेवाएं सीधे श्रमिकों तक पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एक हजार निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट और श्रमिक परिवारों के 100 बच्चों को शिक्षा किट प्रदान की। उन्होंने मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे विकास कार्यों को गति देने में श्रमिकों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि श्रमिक भाई-बहनों के अथक परिश्रम की बदौलत ही बड़े-बड़े निर्माण कार्य समय पर पूरे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रमयोगियों के सम्मान को शासन की सोच और नीति के केंद्र में स्थापित किया है। उनके मार्गदर्शन में 'विकसित भारत' का संकल्प श्रमिक सशक्तिकरण से ही आगे बढ़ता है, जहां हर श्रमिक सुरक्षित, सम्मानित और अवसरों से जुड़ा हो। इसी भावना के साथ हमारी सरकार द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क को पूर्णतः माफ किया जा रहा है। वहीं सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से श्रमिक परिवारों को सम्मानपूर्ण सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

## पंजाब में भाजपा ने चलाया विधानसभा का समानांतर सत्र, जनता की विधानसभा में नेताओं ने उठाए मुद्दे

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने मजदूर दिवस पर शुक्रवार को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के विधायक इस सत्र में शामिल नहीं हुए और चंडीगढ़ स्थित पंजाब मुख्यालय में समानांतर सत्र का आयोजन किया। पूर्व उपाध्यक्ष चरणजीत अटवाल ने इस प्रतीकात्मक कार्यवाही की अध्यक्षता की। ''जनता की विधानसभा'' में पार्टी के नेताओं ने पंजाब तथा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया। इस प्रतीकात्मक सत्र का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने किया। सत्र में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तरुण चुघ,राज्य सभा सांसद विक्रम साहनी, विजय सांपला और तीक्ष्ण सूद जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। जाखड़ ने पंजाब में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने मौजूदा सरकार के कार्यकाल में नशीले पदार्थों से संबंधित 1,600 से अधिक मौतों के दावों का ज़िक्र किया और प्रभावित परिवारों के कई व्यक्तिगत मामले भी साझा किए।

## विदेशी गैंगस्टर का गुर्गा पिस्तौल समेत मोहाली में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स व मोहाली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर विदेशी गैंगस्टरों के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से .32 बोर की एक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित सीधे तौर पर विदेश में बैठे गैंगस्टर हैंडलर्स के संपर्क में था और उनके निर्देशों पर काम कर रहा था। उसे ट्राइसिटी क्षेत्र चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में कई संभावित टारगेट दिए गए थे। इन टारगेट्स में आपराधिक वारदातों को अंजाम देना शामिल था, जिनकी प्लानिंग काफी समय से की जा रही थी। पुलिस और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते समय रहते गिरफ्तारी होने से ट्राइसिटी क्षेत्र में संभावित बड़ी आपराधिक घटनाओं को टाल दिया गया।

# निशांत कुमार की सदभाव यात्रा की तैयारी में जदयू लगा

■ निशांत कुमार तोन मई को वाल्मीकिनगर आयेंगे,वो चार मई को गाँधी सभागार, बेतिया में कार्यकर्ता संवाद करेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पश्चिम चम्पारण(बगहा)। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर से जदयू के नेता निशांत कुमार की सदभाव यात्रा इसी तीन मई से होने जा रही है,जिसकी तैयारी के लिए बगहा के जद यू के नेता और कार्यकर्ताओं की एक बैठक बगहा दो स्थित आईबी और बगहा पुलिस जिला के प्रखंडों में हुई है। बैठक में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने उपस्थित नेता और कार्यकर्ताओं से कहा कि निशांत कुमार अब जदयू और बिहार के भविष्य हैं। उनकी इस यात्रा को यादगार बनाना है। जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में न्याय यात्रा के बाद बिहार सरकार बनाकर राज्य की दशा और दिशा बदलने का काम किया था, उसी तरह उनके सुपुत्र युवा नेता निशांत कुमार अपनी सदभाव यात्रा की शुरुआत चम्पारण में वाल्मीकिनगर की धरती से करने जा रहें हैं, जो ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार तोन मई को वाल्मीकिनगर आयेंगे,वो चार मई को गाँधी सभागार, बेतिया में कार्यकर्ता संवाद करेंगे।बैठक में एमएलसी भीष्म सहनी ने कहा कि निशांत कुमार का बगहा के चौतरवा, मंगलपुर, लक्ष्मीपुर आदि जगहों पर भव्य स्वागत किया जायेगा। उनके आने से जदयू कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ने बताया है कि निशांत कुमार गाँधी नगर में राष्ट्रपिता गाँधी और अनुमंडल के सामने संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। रास्ते में अल्पसंख्यक समाज द्वारा भी युवा नेता का स्वागत किया जायेगा। जदयू नेता राकेश सिंह के अनुसार वाल्मीकिनगर के विभिन्न धार्मिक स्थल ,गंडक बराज का भ्रमण करने के पश्चात कन्वेंशन सेंटर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद निशांत कुमार चार मई को सुबह बेतिया प्रेक्षा गृह के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बिहार का नाम बदलकर 'श्रमिक प्रदेश' कर दिया जाना चाहिए : तेजस्वी यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार का नाम बदलकर 'श्रमिक प्रदेश' कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम लिए बिना ही कहा कि नाम बदलने के विशेषज्ञ भाजपाइयों, खासकर बिहार के ''नए-नवेले मुख्यमंत्री'', को श्रमिक दिवस का नाम बदलकर 'बिहार समर्पित दिवस' अथवा बिहार का नाम बदलकर 'श्रमिक प्रदेश' कर देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि बिहार पिछले 21 वर्षों में औद्योगिक उत्पादन में बेहद पीछे लेकिन श्रमिकों की आपूर्ति में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार पलायन रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिससे बिहार के मजदूर मजबूर होकर घर से दूर रहने को विवश हैं। राजद नेता ने दावा किया कि डबल इंजन सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों का सीधा असर मजदूरों और कामगारों पर पड़ा है और गरीब विरोधी नीतियों के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। यादव ने कहा कि दूसरे राज्यों में 'बिहारी' लोगों को कभी गोली तो कभी गाली मिलती है और इसके लिए राजग सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी, लॉकडाउन और रसोई गैस संकट जैसे हालातों में बिहार के प्रवासी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज जब बड़ी संख्या में मजदूर और कामगार बिहार लौट रहे हैं, तब राज्य सरकार उनके रोजगार और आजीविका के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं कर रही है।

# जोशीमठ आपदा :- ट्रीटमेंट को लेकर संसय प्रभावित वार्डों मे शुरू नहीं हुए कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ज्योतिर्मठ। आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य की तपस्थली ज्योतिर्मठ को वर्ष 2023मे भू-धसाव की अनोखी आपदा ने झकझोर कर रख दिया था, भू-धसाव से इस ऐतिहासिक एवं पौराणिक संस्कृति के नगर के अस्तित्व को बचाने के लिए आंदोलन का सहारा भी लेना पड़ा।

भू-धसाव की इस अनोखी आपदा की तह तक पहुँचने के लिए देशभर की भू वैज्ञानिक संस्थानों व ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों ब्यापक सर्वेक्षण किया और जोशीमठ के भू-धसाव प्रभावित उच्च जोखिम व जोखिम वाले क्षेत्रों मे सुरक्षात्मक कार्य क्या क्या किए जाने हैं उसकी विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत की। देश के आठ वैज्ञानिक संस्थानों की रिपोर्ट के आधार पर सरकार के विभिन्न महकमों ने धरातल पर पहुंचकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ''डीपीआर'' तैयार की और डीपीआर के अनुरूप केन्द्र सरकार ने डेढ़ हजार करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की और तीन वर्ष बाद मार्च 2026 मे कार्यदायी संस्थाओं ने कार्य भी शुरू कर दिया जिसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है और तरह तरह की आशंकायें पैदा हो गई है। भू धसाव आपदा के दौरान मनोहर बाग वार्ड, सिंहधार वार्ड, गांधीनगर वार्ड तथा सुनील, रविग्राम व नृसिंह मंदिर वार्ड के कुछ हिस्से प्रभावित हुए जहाँ से लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों व राहत शिविरों मे रखा गया और खतरे की जद मे आ चुके आवासीय भवनों का जिस प्रभावित ने मुआवजा लेना चाहा उन्हें मुआवजा भी दिया गया। लेकिन जिन होटलों व पहाड़ी शैली मे बने पुश्तेनी घरों को तोड़ा गया उसका मुआवजा आज तक नहीं दिया गया। इन सब विसंगतियों के बीच ट्रीटमेंट कार्य शुरू तो हुए लेकिन जिन वार्डों मे सबसे ज्यादा नुकसान हुआ वहाँ कार्य शुरू न करते हुए सड़कों के किनारे एनएच की तर्ज पर सड़कों को सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। भू धसाव आपदा प्रभावित स्थानों पर आखिर सुरक्षात्मक कार्य क्यों नहीं किए जा रहे हैं इसे लेकर तरह तरह की चर्चाएं तो हैं लोगों मे आक्रोश भी पनप रहा है, लोग समझ नहीं पा रहे हैं जिन स्थानों पर ट्रीटमेंट कार्य किया जा रहा है वह तो उच्च जोखिम व जोखिम वाले चिन्हित क्षेत्रों मे भी नहीं थे जैसा कि तत्कालीन आपदा सचिव ने खुली बैठक मे स्क्रीन पर दर्शाया था। तो क्या सड़कों के किनारे व ऊपरी ओर ट्रीटमेंट करने से प्रभावित वार्ड सुरक्षित हो जायेंगे.? यदि ऐसा होता है तो यह किसी वैज्ञानिक चमत्कार से कम नहीं होगा और यदि सड़कों के आसपास जारी कार्य केवल और केवल सहूलियत के अनुसार हो रहे हैं तो इसे धन की बर्बादी के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता।

# बिहार में भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल से 12 हजार प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रक्सौल (भारत-नेपाल सीमा)। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल सीमा पर आंध्र प्रदेश नंबर वाली एक संदिग्ध कार से 12 हजार नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। जिनमें नर्फिन, फ़ेनारगन और डाइजापाम जैसी प्रतिबंधित दवाएं शामिल हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से नशे के लिए इस्तेमाल होती है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आंध्र प्रदेश से आई एक कार में बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन नेपाल ले जाए जा रहे हैं। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए रक्सौल थाना पुलिस ने महदेवा क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। संदिग्ध वाहन को रोककर गहन तलाशी ली गई, जिसमें नशीली इंजेक्शन मिल।. थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह ने इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व किया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान वकील महतो, निवासी कलैया जिला बारा (नेपाल) और पूरन ठाकुर, निवासी बीरगंज जिला परसा (नेपाल) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी लंबे समय से भारत-नेपाल सीमा का फायदा उठाकर नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे थे।

पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की पूछताछ में उनके अन्य साथियों और सप्लायर्स का पता लगा रही है। ''यह कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा था। गिरफ्तार दोनों तस्करों ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया है। दोनों अंतरराष्ट्रीय तस्कर भारत-नेपाल सीमा का फायदा उठाकर नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063